SUNDAY
रायपुर, रविवार, 24 सितंबर 2023
वर्ष - 65 | अंक - 160 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

देश विदेश
- भारत की पाकिस्तान को दो टूक, उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे
- जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा से इतर क्वाड, आईबीएसए बैठकों में लिया भाग
- मीरवायज उमर फारूक के भाषण के दौरान भड़काऊ नारेबाजी करने वाले 10 हिरासत में

पृष्ठ 7

कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण: खड़गे पृष्ठ 2

मड़ई
- गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत : लता खापर्डे पृष्ठ 6

- आईसीसी टूर्नामेंट से पहले रोटेशन से मदद मिलती है: शमी
- भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज पृष्ठ 8

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों पर लिया संज्ञान,पूछा

आपदा में शवों को कैसे संभालते हैं

केंद्र सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा, मॉर्चुरी व श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने पर ली जानकारी

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप आपदा की स्थिति में शवों को कैसे संभालते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कई रिपोर्ट्स में अस्पतालों की मॉर्चुरी और श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने की बात सामने आई थी। तब कोर्ट ने मामले पर खुद से संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। कोर्ट ने मामले को द प्रॉपर ट्रीटमेंट ऑफ कोविड-19 पेशेंट्स एंड डिग्नीफाइड हैंडलिंग ऑफ डेड बॉडीज इन हॉस्पिटल्स (कोविड मरीजों का उचित इलाज और अस्पतालों में शवों का सही रखरखाव) नाम दिया था। मामले की सुनवाई शुरू होने के कुछ दिन बाद एक शख्स ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। उसने दावा किया कोरोना के दौरान ना तो मैंने अपनी मां का चेहरा देखा और ना ही उनका अंतिम संस्कार किया। जबकि सच ये है कि उनकी मौत कोविड-19 से नहीं हुई थी। कोर्ट ने उसकी याचिका को भी इसी मामले में शामिल कर लिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। बेंच ने कहा कि सरकार हमें हलफनामा दायर कर बताए कि आपदा और गैर-आपदा

काल में शवों को संभालने की प्रक्रिया क्या है। इस मुद्दे पर अब नवंबर में सुनवाई होगी। वकील ने कहा कि मेरी प्रार्थना कोविड और गैर-कोविड समय के लिए शव प्रबंधन प्रोटोकॉल के लिए है। कुछ ऐसा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि भारत संघ आपदा और गैर-आपदा स्थितियों में शवों के प्रबंधन के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में हस्तक्षेपकर्ता की याचिका के जवाब में तीन सप्ताह की अवधि के भीतर एक हलफनामा दायर करेगा। इसने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। मई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि महामारी और गैर-महामारी के समय में शवों के गरिमापूर्ण प्रबंधन के लिए एक समान राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की आवश्यकता है।

अस्पताल पर महिला का शव बदलने का आरोप

सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि मेरे मुवक्किल की मां बदल दी गईं और अस्पताल ने उन्हें किसी और की बॉडी दे दी। बेंच ने हस्तक्षेपकर्ता के वकील से कहा कि आपने जो मुद्दा उठाया है, उसका दो-तीन पेज में शॉर्ट नोट बनाकर पेश करें, जिससे हम उसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भेज सकें। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एक पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एकसंक्षिप्त नोट तैयार करने को कहा ताकि अदालत इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष रख सके।

भारत में 27 जनवरी 2020 को मिला था पहला कोरोना केस

कोविड से दुनिया में करीब 70 लाख लोग मारे गए। 30 जनवरी 2020 को इसे ग्लोबल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया था। कोविड से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका में मारे गए थे। भारत में इसका पहला केस केरल में 27 जनवरी 2020 को मिला था। शीर्ष अदालत एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे महामारी के दौरान स्थापित किया गया था, जब अस्पताल के मुर्दाघरों और कब्रिस्तानों और श्मशान घाटों में पड़े शवों के अनुचित प्रबंधन पर कई रिपोर्टें सामने आई थीं। मामले का शीर्षक 'कोविड-19 मरीजों का उचित उपचार और अस्पतालों में शवों का सम्मानजनक प्रबंधन आदि' है। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि हस्तक्षेपकर्ता की मां के शव की अदला-बदली कर दी गई और अस्पताल ने किसी और का शव उसे सौंप दिया।

अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में आएगी कांग्रेस की पहली सूची

- 15 से 20 नए चेहरे उतारने की तैयारी
- 22 से 23 महिलाओं को टिकट देने पर विचार
- कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में 5 घंटे तक प्रत्याशी चयन पर हुई चर्चा

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। भाजपा, आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।वहीं कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को लेकर मंथन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शनिवार को हुई। करीब 5 घंटे तक चली बैठक में प्रत्याशी चयन पर लंबी चर्चा हुई।आगामी बैठक राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद होगी।पहली सूची के लिए अभी और इंतजार करना होगा। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक पहली सूची आ सकती है।

शनिवार को सी एम हाउस में चुनाव अभियान समिति और कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें टिकट वितरण और प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा हुई।पार्टी सितंबर के पहले सप्ताह में सूची जारी करने वाली थी लेकिन कई नामों पर सहमति नहीं बन पाने के चलते इसमें देरी हो रही है। इस

शेष पृष्ठ 7 पर

केवल जिताऊ प्रत्याशियों पर फोकस

दावेदारों की लंबी लिस्ट के बीच पार्टी का फोकस जिताऊ उम्मीदवार पर है। अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ वालों को ही टिकट दिया जाएगा। दावेदारों को दो टूक कह दिया गया है कि जनता के बीच होना बेहद जरूरी है। केवल नेताओं की सिफारिश से काम नहीं चलेगा। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि बैठक में विस्तार से सभी सीटों पर चर्चा हुई। प्रत्याशी चयन पर अभी समिति की और बैठक होगी।पीईसी के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।दोनों बैठक के बाद सीईसी की बैठक होगी।सीईसी की बैठक के बाद पहली सूची जारी होगी। महिलाओं की भागीदारी 2018 के चुनाव से अधिक होगी।90 में करीब 22 से 23 महिलाओं को टिकट देने पर विचार किया जा रहा है।

सार संक्षेप

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह का निधन

नई दिल्ली। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह के निधन हो गया है। स्व. केदारनाथ सिंह का अपनी जन्मभूमि सिमरिया से विशेष लगाव था। वे एक साहित्यकार थे। उनके कई काव्य संग्रह प्रकाशित हैं जिनमें आंका सूरज, बांका सूरज चर्चित हैं। उनके निधन से साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

डूसू चुनाव में एबीवीपी ने मारी बाजी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं। तीन पदों पर एबीवीपी और एक पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई हितेश गुलिया को 20,345 वोट मिले हैं। तो वहीं एबीवीपी के तुषार डेढ़ा को 23 हजार 460 मत मिले हैं। उपाध्य पद पर एनएसयूआई के अभि दहिया को 22331 वोट और एबीवीपी सुशांत धनखड़ को 20502 वोट मिले हैं। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता को 24534 वोट और वहीं एनएसयूआई की यक्षणा शर्मा को 11597 वोट मिले हैं। सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला को 24955 वोट और एनएसयूआई के शुभम कुमार को 14960 वोट मिले हैं।

नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे- उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

नारी अभिनंदन कार्यक्रम में बोले मोदी

कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत

लखनऊ/वाराणसी, 23 सितबर (देशबन्धु)। लोकसभा व राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की एकजुटता और उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

- वाराणसी में शिवधाम जैसे स्टेडियम की रखी आधारशिला
- तीस साल से लटका था महिला आरक्षण कानून

खेल से लेकर राफेल तक उड़ा रहीं महिलाएं

मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिमा दिखाने का मौका मिला है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भगीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता

शेष पृष्ठ 7 पर

इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार : राहुल

जयपुर,23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जाएगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं।

- राजस्थान कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर बोला हमला

अडाणी से भी डरते हैं मोदी-राहुल गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा वाले अदाणी से डरते हैं। अगर, अदाणी के खिलाफ कोई बोलता है तो माइक बंद हो जाता है, कैमरे हिलने लगते है और अब तो टीवी भी बंद हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए कास्ट सेंसस जरूरी है। इससे पता

शेष पृष्ठ 7 पर

दो बाईक भिड़ी, पति-पत्नी की मौत

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार का कहर लगातार देखने को मिल रहा है, आये दिन लोग सड़क हादसों में अपनी जान गवां रहे है, वहीं आज दोपहर जांजगीर में एक और बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में पति पत्नी की मौत हो गयी। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना उस वक्त हुआ, जब दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना तिलाई गांव के ह॥49 की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर पति-पत्नी आ रहे थे, वहीं सामने से एक बाइक पर दो सवार आ रहे थे।

दो युवक घायल

दोनों बाइक के बीच आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं पति की हालत गंभीर थी। पति को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पति की भी मौत हो गयी। घटना में दो युवक घायल हो गये। लहुलूहान हालत में दोनों युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

7 लाख लोगों को मिलेगा आवास : भूपेश



रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सियासी गरमाई हुई है। लगातार सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस नेताओं के की बैठक कर रही है। इसी बीच आज कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सीएम भूपेश, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, दीपक बैज समेत कई दिग्गज नेता मौजूद थे।

बैठक के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने जानकारी दी है। दीपक बैज ने कहा कि 2 अक्टूबर को कांग्रेस भरोसा यात्रा निकालेगी। कांग्रेस का ये भरोसा यात्रा सभी विधानसभा में निकाली जाएगी। वहीं सीएम भूपेश बघेल ने भी जानकारी दी है कि 25 सितंबर को राहुल गांधी बिलासपुर आएंगे। राज्य के 7 लाख लोगों को आवास मिलेगा। 25 सितंबर को आवास की राशि वितरित करेंगे।

महिला पहलवानों के साथ हुआ गलत : दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यह दलील दी कि जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं वह बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को जब भी मौका मिलता था वह महिला पहलवान की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे। अपनी दलील में दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को पता था वो क्या कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि सवाल यह नहीं है कि पीड़ित लड़की ने कोई प्रतिक्रिया दी है या नहीं, सवाल यह है कि उनके साथ गलत किया गया।

एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों से ली जाएगी राय

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितम्बर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द विचार करने और सिफारिशें देने के लिए दो सितम्बर को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को अधिसूचित किया था। बैठक को परिचयात्मक बताते हुए इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि इसे रोडमैप पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था कि समिति को दिए गए जनादेश को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

- पहली बैठक : सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा

एसआई-प्लाटून कमांडर सहित अन्य पदों पर भर्ती में गड़बड़ी, याचिकाकर्ताओं की अर्जी खारिज

बिलासपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में एसआई-प्लाटून कमांडर समेत अन्य पदों पर भर्ती में गड़बड़ी को लेकर लगाई गई याचिका पर याचिकाकर्ताओं की अंतरिम अर्जी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले में 700 प्रतियोगियों की ओर से दायर 122 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने बंद लिफाफे में अपना जवाब प्रस्तुत किया है।



दरअसल, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (रेडियो),

सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) सहित अन्य 971 पदों पर भर्ती के लिए 13 सितंबर 2021 को विज्ञापन जारी किया था। 29 जनवरी 2023 को अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर में परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षार्थियों ने गड़बड़ियों को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई।

हाई कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई करते हुए अंतरित राहत नहीं दी थी, लेकिन राज्य सरकार को गड़बड़ियों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश

शेष पृष्ठ 7 पर

छत्तीसगढ़ की चॉक परियोजना को विश्व बैंक एवं भारत सरकार से मंजूरी

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य में स्कूली शिक्षा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तेजी से बदलाव लाने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु चॉक परियोजना की विश्व बैंक एवं भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, आज इस परियोजना के दस्तावेजों पर विश्व बैंक, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत रूप से हस्ताक्षर किए गए।

विश्व बैंक की मदद से शिक्षा गुणवत्ता सुधार के साथ स्कूलों का कायाकल्प किये जाने का निर्णय लिया गया है, इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहले चरण में 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से अगले 5 वर्षों में (जुलाई, 2023 से सितंबर, 2028) विश्व बैंक द्वारा कुल 300 मिलियन डालर (लगभग 2500 करोड़ रूपए) की सहायता प्राप्त होगी।

इस परियोजना के माध्यम से प्रमुख रूप से बच्चों की उपलब्धि में सुधार की दिशा में विभिन्न कार्य, पालकों की मांग के आधार पर स्वामी आत्मानंद की तर्ज पर उत्कृष्ट परिणाम

शेष पृष्ठ 7 पर

शोध

क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौटेगा ओसिरिस-आरएक्स

सैन फ्रांसिस्को, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी कर रही है जो 24 सितम्बर को क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौट आएगा।

ओसिरिस-आरएक्स (ओरिजिन्स, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, और सिक्योरिटी-रेगोलिथ एक्सप्लोरर) किसी क्षुद्रग्रह से नमूना एकत्र करने वाला पहला अमेरिकी मिशन क्षुद्रग्रह बेन्नु से सामग्री के साथ वापस आएगा। यह 2020 में क्षुद्रग्रह बेन्नू की सतह से एकत्र की गई अनुमानित 8.8 औंस (लगभग 250 ग्राम) चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, क्षुद्रग्रह नमूना कैप्सूल भारतीय समय के अनुसार रविवार रात 8.25 बजे अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में उतरने वाला है। अंतरिक्ष में सात साल बिताने के बाद मिशन को अब सबसे कठिन चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ रहा है, यानि नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिक्ष यान स्वयं ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश नहीं करेगा।

सौर मंडल और ग्रह के निर्माण के बारे में मिलेगी जानकारी

-बेन्नू की सतह से एकत्र की गई 8.8 औंस चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा ओसिरिस

यह एक पैकेट गिराएगा। उसका वक्र पथ इस प्रकार होगा कि वह यूटा रेगिस्तान में उतरेगा। यह नमूना एक कैप्सूल में बंद होगा जो उसे उतरते समय गर्मी, कंपन और संदूषण से बचाएगा। ओसिरिस-आरएक्स मिशन द्वारा लिए गए ये नमूने महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बेन्नू जैसे क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के शुरुआती इतिहास के लिए टाइम कैप्सूल के रूप में कार्य कर सकते हैं। क्षुद्रग्रह का नमूना शोधकर्ताओं को यह जानने में मदद करेगा कि हमारे ग्रह और सौर मंडल का निर्माण कैसे हुआ, साथ ही उन जीवों की उत्पत्ति कैसे हुई जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ। नमूने को ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में रखा जायेगा जहां उसका विश्लेषण होगा। बाद में दुनिया भर के वैज्ञानिकों को विश्लेषण के लिए वितरित किया जाएगा।

देश

उवाच " हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कहा कि यह कांग्रेस और उनके नेता के मानसिक दिवालियेपन को दिखलाता है, उन्होंने कहा कि ऐसी ओछी राजनीति का इनका इतिहास रहा है और वे इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं:-**गिरिराज सिंह, सांसद**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.1	27.5
मुंबई	28.9	25.4
कोलकाता	30.2	25.8
चेन्नई	33.6	26.7

कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण: खड़गे

जयपुर, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर उसकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अगले वर्ष कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जायेगा। श्री खड़गे शनिवार को राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं।



- **खड़गे ने राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया**

उन्होंने कहा कि महिला विधेयक का सबने मिलकर समर्थन किया लेकिन अब यह कब आयेगा, वर्ष 2030 तक आयेगा। वर्ष 2029 में जनगणना होगी उसके बाद इसके लागू होने में और वक्त लगेगा और इसके आने में करीब दस साल की बात की जा रही हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि इस विधेयक को अभी लागू करना चाहिए। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर अगले वर्ष केन्द्र में कांग्रेस सरकार आती है तो वह तत्काल महिला आरक्षण देने का काम करेगी।

उन्होंने संसद के विशेष सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र तो पांच दिन का बुलाया था लेकिन चार दिन में समाप्त कर दिया क्योंकि यह सत्र केवल संसद का नया भवन दिखाने के लिए

महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं, मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं:-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस

बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि इन्हें नए भवन को दिखाना था, उसमें ऐसा क्या है दिखाने के लिए जो मंत्रियों, भाजपा के बड़े बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म कलाकारो आदि को बुलाया गया कि देखिए नया भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि संसद भवन चर्चा करने का स्थान है, यह कोई प्रदर्शनी करने की जगह नहीं है। यह स्थान चर्चा करके लोगों की समस्याओं का हल करने का है वह तो करेंगे नहीं।

नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया

श्री खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग केवल कहने के लिए दलित और आदिवासी को आगे करने की बात कहते हैं जबकि नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह राष्ट्रपति का अपमान है। उन्हें आदिवासी होने की वजह से नहीं बुलाया। इससे पहले जब श्री रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति थे तो उन्हें संसद भवन के शिलान्यास में नहीं बुलाया गया तो इस तरह इनकी कथनी और करनी में अंतर हैं। उन्होंने कहा 'चुनाव में भाजपा हमारे खिलाफ कई उम्मीदवार खड़ा करती है, एक तो भाजपा का प्रत्याशी होता है, एक ईडी होती है और एक सीबीआई या अन्य एजेंसी होती है। वह चाहेंगे जब ईडी लगा देंगे, कांग्रेस का कोई कार्यक्रम एवं बैठक होगी उसके एक दिन पहले छापे पड़ते हैं और कहते हैं कि हम लोकतंत्र के हिसाब से काम र रहे है जबकि डरा धमकाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं का आह्वान किया कि भाजपा के इन प्रत्याशियों को मात करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला अधिवेशन जयपुर में हुआ था जो ऐतिहासिक अधिवेशन था। ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

अशोक गहलोत ने 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए

श्री खड़गे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए गए है जबकि उससे एक कदम आगे बढ़कर सब कुछ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करके बताती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सरकार इन उपलब्धियों को लोगों के बीच घर घर पहुंचाना है, यह देश, इसके लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का समय हैं।

खड़गे एवं राहुल ने राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का किया शिलान्यास

जयपुर, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महासचिव के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेता मौजूद थे। इसके बाद इस अवसर पर आयोजित समारोह में श्री खड़गे एवं श्री राहुल गांधी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया

राहुल गांधी महारानी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और इसके बाद छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया। श्री राहुल गांधी के सुबह जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर गहलोत ने उनका स्वागत किया। इस

- **राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा**
- **इसको बनाने में करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी**

अवसर पर डोटासरा एवं रंधावा भी मौजूद थे। इसके बाद श्री खड़गे के जयपुर पहुंचने पर गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उनका भी जोरदार स्वागत किया। राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा जहां इसके लिए करीब छह हजार वर्ग गज भूमि आवंटित की की गई है और इसकी करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

सार संक्षेप

ऋषिकेश-गंगोत्री जाने वाली टनल में आई दरारें, डीएम ने जांच करवाने के दिए निर्देश

टिहरी। टिहरी जिले के चंबा शहर के नीचे बनी ऋषिकेश गंगोत्री जाने वाली टनल के अंदर कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं। इन दरारों से लोगों में डर पैदा हो गया है। टनल में पड़ी दरारों की शिकायत चंबा के लोगों ने बीआरओ के अधिकारियों से भी की है। इस टनल में कई जगहों पर दरारें पड़ने के साथ ही दरारों से पानी भी टपकने लगा है। टनल के ऊपर बने मकानों में भी दरारें पड़ी हैं। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के समय में होती है। स्थानीय लोगों ने टिहरी डीएम से बीआरओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही भू वैज्ञानिकों से भी जांच कराने की मांग की है।

भाजपा-जद(एस) गठबंधन पर बोले चिदंबरम, लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह सच हो गया है

नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी की केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह रहस्य आखिरकार सामने आ गया है। चिदंबरम ने कहा, 'लंबे समय से संदिग्ध रहस्य बाहर आ गया है। भाजपा ने आधिकारिक तौर पर जद (एस) का राजग में स्वागत किया है। कर्नाटक के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को रूढ़िवादी, प्रतिगामी और महिला विरोधी पार्टियों के बीच इस गठबंधन पर ध्यान देना चाहिए जो पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं।' जद (एस) 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बन गया। इस साल मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा और जद (एस) को धूल चटाते हुये वहां सरकार बनाई थी।

आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की रही बड़ी भूमिका: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिवक्ताओं की जमकर तारीफ की है। विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगी। हमे तैयार रहना होगा। दुनिया का भरोसा भारत में बढ़ रहा है और देश की न्याय व्यवस्था सबके लिए मिशाल बनी है। हमारी न्यायपालिका हमेशा न्याय व्यवस्था की संरक्षक रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने कानून की भाषा सरल बनाने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने कहाकि देश की आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने बड़ी कुर्बानी दी थी। कई कानूनी पेशेवरों तो अपनी वकालत छोड़कर सीधे स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद गए थे। उन्होंने कहाकि दुनिया अगर आज भारत पर भरोसा करती है तो इसमें भारत की स्वतंत्र न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहाकि आज यह सम्मेलन ऐसे मौके पर हो रहा है, जब भारत कई ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है। एक दिन पहले ही भारत की संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का कानून

कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगी:- नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

पारित कराया है। नारी शक्ति वंदन कानून भारत में महिलाओं के विकास के लिए नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने हाल में दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन का जिक्र कर कहा कि दुनिया ने इसमें हमारी डेमोक्रेसी,डेमोग्राफी और डिप्लोमेसी की झलक देखी। चंद्रयान-3 की सफलता पर भी वे बोल और कहा कि एक माह पहले आज ही के दिन भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना था। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि ऐसी ही उपलब्धियों के साथ भारत 2047 तक विकसित देश बन जाने की राह पर चल रहा है। निश्चित रूप से इस लक्ष्य को हासिल करने में भारत को एक निष्पक्ष व स्वतंत्र न्याय व्यवस्था का आधार चाहिए। इस दिशा में यह सम्मेलन बहुत उपयोगी साबित होगा।

कांग्रेस नेता जयराम ने नए संसद भवन की गिनाई कमियां तो नड्डा ने किया पलटवार

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सेंट्रल विस्टा के तहत बनाया गया नया संसद भवन वैसे पूरी तरह हाईटेक है। लेकिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश को यह पसंद नहीं आया है और लंबा चौडा पोस्ट लिखकर उन्होंने सिलसिलेवार इसकी कमियों को गिनाया। हालांकि भाजपा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए इसे पूरी तरह खारिज कर किया।

जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इतने प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वास्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा कि चार दिनों के बाद उन्होंने देखा कि दोनों सदनों के अंदर और लॉबी में बातचीत खत्म हो गई थी। अगर वास्तुकला लोकतंत्र को मार सकती है,संविधान को दोबारा लिखे बिना भी प्रधानमंत्री पहले ही सफल हो चुके हैं।

जयराम ने लिखा कि नया संसद भवन बिल्कुल आरामदेह नहीं है। इसमें एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की जरूरत होती है। जबकि पुराने संसद भवन की न केवल एक विशेष आभा थी, बल्कि बातचीत की सुविधा भी प्रदान करता था। दोनों सदनों,सेंट्रल हॉल और गलियारों के बीच चलना आसान था। लेकिन नए भवन में ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि पुराने भवन में अगर आप खो गए थे तो आपको रास्ता फिर से मिल जाएगा,क्योंकि यह गोलाकार था। लेकिन नई इमारत में अगर आप रास्ता भूल गए तो भूलभुलैया में खो जाते हैं। यही उन्होंने लिखा कि सचिवालय के कर्मचारियों से भी सुना है कि नए संसद भवन के डिजायन में उनके लिए आवश्यक

प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वास्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिए:-जयराम रमेश

जरूरतों का ध्यान नहीं रखा गया।

नड्डा ने किया पलटवार

कांग्रेस नेता की इसे पोस्ट के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए लिखा यह कांग्रेस पार्टी के न्यूनतम मानसिकता के हिसाब से भी एक दयनीय मानसिकता है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं के अपमान के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने लिखा कि वैसे भी यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस संसद विरोधी हुई है। उसने 1975 में आपातकाल के वक्त में भी कोशिश की लेकिन बुरी तरह विफल रही।

पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड के अंतर्गत एनएमडीसी ने जीता 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड'

हैदराबाद, 23 सितंबर(देशबन्धु)। एनएमडीसी ने 17 वें पीआरसीआई ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'चैम्पियन ऑफ चैम्पियन्स अवॉर्ड' जीता और सत्रह कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड अपने नाम किए । ये पुरस्कार नई दिल्ली में पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा आयोजित ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में प्रदान किए गए ।

एनएमडीसी ने सीएसआर अभियान के लिए क्रिस्टल अवॉर्ड और डिजिटल न्यूजलेटर के लिए प्लैटिनम अवॉर्ड जीता, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर और वेबसाइट ऑफ द ईयर के लिए डायमंड अवॉर्ड जीता, वॉल कैलेंडर और अद्वितीय मानव संसाधन पहल के लिए गोल्ड अवॉर्ड, हाउस जर्नल प्रिन्ट (क्षेत्रीय), हेल्थ केयर कम्यूनिकेशन फिल्म्स और चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर प्रोजेक्ट का सर्वश्रेष्ठ उपयोग और वर्ष की सबसे बहुमुखी कंपनी की श्रेणियों में रजत पुरस्कार, वर्ष के दूरदर्शी नेतृत्व अभियान, सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग, सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट कार्यक्रम, वर्ष की ग्राहक अनुकूल कंपनी और आंतरिक संचार अभियान में कांस्य पुरस्कार जीता । एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन के लिए कला, संस्कृति और खेल अभियान श्रेणी में भी एनएमडीसी को मान्यता प्रदान की गई है ।

श्री पी जय प्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार), एनएमडीसी और श्री सोमनाथ आचार्य, उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ने एनएमडीसी की ओर से अवॉर्ड प्राप्त किए । श्री जय प्रकाश ने कहा, च्हम ऐसे संचार अभियान बनाने का प्रयास करते हैं, जो हमारी कंपनी के मूलभूत मूल्यों के साथ गहराई से जुड़े हों । ये पुरस्कार हमारे निरंतर प्रयासों की पुष्टि करते हैं और हमें राष्ट के लिए एनएमडीसी की कहानी का प्रभावशाली वर्णन जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं ।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एनएमडीसी की नैगम संचार टीम को बधाई देते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, एनएमडीसी की वैश्विक ब्रांड रिकॉल वैल्यू सभी विभागों के साथ परस्पर सहयोग और हमारे सभी हितधारकों को हमारी उपलब्धियों को सटीक रूप से बताने में हमारी संचार टीम की निपुणता का ही परिणाम है । हम संचार उत्कृष्टता और अपनी कंपनी के मूल्यों को गर्व के साथ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

भाकपा की केरल इकाई नहीं चाहती कि राहुल वायनाड से चुनाव लड़ें

तिरुवनंतपुरम, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केरल इकाई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से चुनाव नहीं लड़ने का अनुरोध कर सकती है। भाकपा की हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय नेतृत्व की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस निर्णय से आधिकारिक तौर पर कांग्रेस को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, भाकपा चाहती है कि गांधी भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ें। भाकपा का मानना है कि चूंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' राजनीतिक मोर्चे की पूर्ण सहयोगी है, इसलिए सबसे पुरानी पार्टी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गांधी वायनाड से चुनाव न लड़ें। भाकपा केरल में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। वह वर्ष 2009 में इसके गठन के बाद से वायनाड सीट पर चुनाव लड़ती रही है। पिछले तीनों चुनावों में, कांग्रेस उम्मीदवार को आसानी से जीत मिली थी, खासकर 2019 में जब गांधी ने 4.31 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।

दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी को उकसाने के लिए पीएम मोदी के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, जांच की मांग

नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों द्वारा रमेश बिधूड़ी के खिलाफ 'विशेषाधिकार के उल्लंघन' के मामले में लोकसभा स्पीकर से कार्रवाई करने की मांग के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 21 सितंबर को चली चर्चा के दौरान बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए व्यवहार को गलत बताते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच के लिए एक 'जांच समिति' बनाने की मांग की है। स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूरे घटनाक्रम का वर्णन करते हुए हुए लिखा है कि उस दिन रमेश बिधूड़ी ने जो भी कहा था वो निंदनीय था लेकिन तथ्य यह है कि बिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार 'रनिंग कमेंट्री' कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं।

कार्यालय पालिका परिषद, बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Tel.No 0727-223138 : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/1328/11/लोक.नि.वि./न.पा.प./2023 बलौदाबाजार, दिनांक 21.09.2013

सीमित निविदा आमंत्रण सूचना

आगामी विधानसभा निर्वाचन कार्य को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के द्वारा अपने पार्टी के प्रचार हेतु सार्वजनिक स्थानों के दीवारों पर लिखे गये स्लोगन एवं पार्टी प्रचार एवं अन्य पेंट कार्य को मिटाने एवं पोताई कार्य हेतु नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-पलीदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार/पेंटर/संस्था/फर्म से निम्नानुसार निम्नांकित कार्य हेतु सीमित निविदा त्री- लिफाफा पद्धति से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 29.09.2023 समय दोपहर 05.00 बजे तक।
02. परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 29.09.2023 समय-साम 01.00 बजे।
03. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 06.10.2023 समय-साम 03.00 बजे।
04. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि 06.10.2023 समय-शाम 04.30 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से)	निविदा फार्म शुल्क	निविदा प्रपत्र
1	2	3	4	5	6
01	नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में बॉल पेंटिंग कार्य।	02.50	2500.00	350.00	प्रपत्र 'बी'

टीप - विस्तृत निविदा, नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.nad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नग अधिकारी नगर पालिका बलौदाबाजार
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001
शाखा कार्यालय : क्रीसेंट प्लाजा, यूनिट-एच4, द्वितीय तल, निकट स्वरूप टॉकीज, स्टेशन रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मनोज घरामी (कर्जदार), मिनाती घरामी (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001294810	63 एमआईजी फ्लैट नंबर 63 पीएचएन 115, खसरा नंबर 6 का भाग, ब्लॉक नंबर 03, चतुर्थ तल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, डूमरतराई रायपुर, रायपुर, रायपुर-492001	रू. 27,88,060/- 20-09-2023	रू. 20,92,500/- / रू. 2,09,250/-	24-10-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	31-10-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2.	सुरजीत सिंह संधू (कर्जदार), कुलदीप कौर संधू (सह-कर्जदार), एलएचआरपीआर00001299525	ग्राम कुंडा वार्ड नंबर 19, आदर्श नगर, कुगदा, तहसील पाटन दुर्ग पाटन खसरा नंबर 50/10, दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001	रू. 28,82,579/- 20-09-2023	रू. 23,62,770/- / रू. 2,09,250/-	24-10-202 3 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	31-10-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
3.	याकूब अहमद (कर्जदार), खिलेश्वरी देवी (सह-कर्जदार), एलएचडीआरजी00000834012	अपार्टमेंट नंबर मकान एलआईजी 63, भू तल, खसरा नंबर 201, जुनवानी, जिला दुर्ग, मध्य प्रदेश दुर्ग-491001	रू. 18,59,381/- 20-09-2023	रू. 8,76,600/- / रू. 87,660/-	24-10-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	31-10-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
4.	ललित रतनचंद गोलेछा (कर्जदार), सरिता गोलेछा (सह-कर्जदार), एनएचआरपीआर00000734911	फ्लैट नंबर 603, छठा तल, अमलताश, डीएम वाटिका शंकर नगर, खामारडीह, तहसील एवं जिला रायपुर (छततीसगढ़) रायपुर-492001	रू. 22,68,405/- 20-09-2023	रू. 55,44,000/- / रू. 5,54,400/-	24-10-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	31-10-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक - https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 30-10-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 30-10-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001 में 30-10-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में रायपुर, दुर्ग में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 24-09-2023
स्थान : रायपुर, दुग

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

दुनिया रंग-बिरंगी

अनुपम खेर ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के लिए पहुंचे कोलकाता

कोलकाता। दिग्गज एक्टर अनुपम खेर अपने नए ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के परफॉर्म के लिए पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता गए हैं। एक्टर ने कहा है कि वह और ऑडियंस हंसी, खुशी, दुख और जीवन के क्षणों में हिस्सा लेंगे। अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर एक्टर ने लिखा कि नमस्कार कोलकाता। कल शाम 7 बजे साइंस सिटी ऑडिटोरियम में अपने ऑटोबायोग्राफिकल प्ले 'कुछ भी हो सकता है' के परफॉर्म के लिए कोलकाता में हूं। मुझे बताया गया, शो खचाखच भरा है। उन्होंने बांग्ला में आगे लिखा, 'आप और मैं एक साथ मिलकर कुछ हंसी, कुछ आंसू, प्यार और कुछ जिंदगी के पल साझा करेंगे।

'एनिमल' से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक जारी

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' से एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के गीतांजलि के किरदार का लुक जारी किया गया है। पोस्टर में रश्मिका मंदाना का सिंपल सुंदर और सादगी हर किसी का दिल जीत रही हैं। वह रेड और व्हाइट कॉम्बिनेशन की साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने माथे पर बिंदी लगाई हुई है और वह नीचे देखते हुए हल्की से मुस्कान दे रही हैं। बैकग्राउंड में धुंधली रोशनी झिलमिला रही है।

सादगी के कायल हुए फैंस

एक्ट्रेस ने एक्स पर गीतांजलि का लुक पोस्ट करते हुए लिखा कि आपकी गीतांजलि, हैशटैग एनिमल।

शुरुआत में यह फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली थी, हालांकि पोस्ट-प्रोडक्शन में परेशानियों के साथ-साथ 'गदर 2', 'ओह माई गॉड 2' और 'जेलर' के साथ टकराव के कारण इसके वीएफएक्स के साथ-साथ पोस्ट-प्रोडक्शन के बाकी काम को पूरा करने के लिए इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, तीन दिग्गज फिल्मों के साथ टकराव से बचने के लिए भी ऐसा किया गया, जिससे इसकी रिलीज डेट 1 दिसम्बर, 2023 तक बढ़ गई। फिल्म का टीजर 28 सितम्बर को रिलीज होने वाला है, जबकि पोस्ट-प्रोडक्शन और वीएफएक्स पॉलिशिंग का काम फाइनल स्टेज पर अभी भी जारी है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल' खुद को एसआरके-स्टारर 'जवान' की तरह एक अखिल भारतीय बॉलीवुड रिलीज होने का दावा कर रही है।

शोधकर्ताओं का 'न्यूट्रोफिल' नामक श्वेत रक्त कोशिका पर अध्ययन

ऑटोइम्यून बीमारियों के इलाज में अदरक फायदेमंद

न्यूयॉर्क, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि ऑटोइम्यून बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए सूजन को नियंत्रित करने में अदरक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

शोधकर्ताओं ने 'न्यूट्रोफिल' नामक श्वेत रक्त कोशिका के एक प्रकार पर अदरक के प्रभाव का अध्ययन किया। वे विशेष रूप से न्यूट्रोफिल एक्स्ट्रासेलुलर ट्रैप (एनईटी) गठन में रुचि रखते थे, जिसे नेटोसिस भी कहा जाता है और सूजन को नियंत्रित करने के लिए इसका क्या अर्थ हो सकता है। जेसीआई इनसाइट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्वस्थ व्यक्तियों के अदरक का सेवन उनके न्यूट्रोफिल को नेटोसिस के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है। यह अहम है क्योंकि एनईटी सूक्ष्म मकड़ी के जाले जैसी संरचनाएं हैं, जो सूजन और थक्के को बढ़ाती हैं, जो ल्यूपस, एंटीफॉस्फोलिपिड सिंड्रोम और रुमेटीइड गठिया सहित कई ऑटोइम्यून बीमारियों में योगदान करती हैं।

अमेरिका के कोलोराडो स्कूल ऑफ मेडिसिन विश्वविद्यालय में मेडिसिन के एसोसिएट क्रिस्टन डेमोरुएल ने कहा कि ऐसी बहुत सी बीमारियां हैं, जिनमें न्यूट्रोफिल असामान्य रूप से अति सक्रिय होते हैं। हमने पाया कि अदरक नेटोसिस को रोकने में मदद कर सकता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक प्राकृतिक पूरक है, जो कई अलग-अलग ऑटोइम्यून बीमारियों वाले लोगों के लिए सूजन और लक्षणों का इलाज करने में सहायक हो सकता है।

क्लीनिकल टेस्ट के दौरान, शोधकर्ताओं ने पाया कि हेल्थ वालंटियर्स द्वारा सात दिनों तक अदरक के पूरक के दैनिक सेवन (20 मिलीग्राम जिंजरोल्स/दिन) ने न्यूट्रोफिल के अंदर सीएएमपी नामक एक रसायन को बढ़ावा दिया। सीएएमपी के इन उच्च स्तरों ने विभिन्न रोग-संबंधी उत्तेजनाओं के जवाब में नेटोसिस को रोक दिया।

मिशिगन विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर, एमडी, पीएचडी, वरिष्ठ सह-लेखक, जेसन नाइट ने कहा कि हमारा शोध, पहली बार, जैविक तंत्र के लिए सबूत है जो लोगों में अदरक के स्पष्ट सूजन-रोधी गुणों को रेखांकित करता है।

सूजन को नियंत्रित करने में अदरक महत्वपूर्ण भूमिका

शोधकर्ताओं को उम्मीद थी कि अदरक के लाभों के बारे में अधिक सबूत प्रदान करना, जिसमें प्रत्यक्ष तंत्र भी शामिल है, जिससे अदरक न्यूट्रोफिल को प्रभावित करता है, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और मरीजों को इस बात पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा कि क्या उनके उपचार योजना के हिस्से के रूप में अदरक लेना फायदेमंद हो सकता है।

हमारा मानना है कि अदरक में उपचार कार्यक्रमों को पूरक करने की वास्तविक क्षमता हो सकती है। लक्ष्य लोगों के लक्षणों से राहत दिलाने में मदद के मामले में अधिक रणनीतिक और वैयक्तिकृत होना है।

बारिश से बेपरवाह लाखों तीर्थयात्रियों ने की गहवर वन की परिक्रमा

मथुरा, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। राधाष्टमी के पावन अवसर पर रूक रूक कर हो रही बारिश की परवाह किए बिना आज देश के विभिन्न भागों से आए लाखों तीर्थयात्रियों ने लाड़ली मन्दिर बरसाना में अभिषेक के दर्शन कर गहवर वन की परिक्रमा की।

मन्दिर का वातावरण आज तड़के चार बजे से ही भक्ति रस से सराबोर था जब कि हर तीर्थयात्री मन्दिर में जल्दी दर्शन करने के लिए लालायित था। जिला प्रशासन द्वारा टोलियों में तीर्थयात्रियों को दर्शन के लिए भेजने के कारण मन्दिर में कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उधर बरसाना कस्बे में मन्दिर और मेले के बाहर आज दो लोगों की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो गई। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पहली घटना एक धर्मशाला के पास हुई जहां पर प्रयागराज निवासी 60 वर्षीय रामवन्ती की आज शुगर लेविल 500 से अधिक होने के कारण मृत्यु हो गई। उसके परिजनों ने बताया कि महिला ने आज बिना कुछ खाये डायबटीज की गोली ले ली जिससे उसका शुगर लेवल और बढ़ गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरसाना लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिलाधिकारी के अनुसार दूसरी घटना सुदामा चैक पर एक चाय की दुकान पर हुई जहां पर एक 75 वर्षीय व्यक्ति चाय पीते पीते दिल का दौरा पड़ने के कारण लुढक गया। डाक्टरों ने बाद में उसे मृत घोषित कर दिया। अंतिम समाचार मिलने तक इसके अलावा कोई अप्रिय घटना नहीं घटी।

उधर लाड़ली मन्दिर के सेवायत आचार्य एवं रिसीवर रास बिहारी गोस्वामी ने बताया कि सुबह चार बजे से तीर्थयात्रियों का भारी समूह मन्दिर में आने का जो क्रम शुरू हुआ था वह मन्दिर के पट बन्द होने तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि मुख्य विगृह को एक रथ में सफेद छतरी तक ले जाया गया जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन लाभ कियां। उधर आज सुबह और दोपहर बाद हुई वर्षा भी तीर्थयात्रियों के जोश को कम न कर सकी। बरसाना में आज मेला सा लगा हुआ था। राधारानी के ननिहाल में जन्म होने के कारण रावल गांव के लाडली मन्दिर में आज तड़के पांच बजे अभिषेक के दर्शन करने के लिए तीर्थयात्रियों का भारी जमावड़ा था। मदन मोहन मन्दिर के महन्त पंकज महराज ने आज प्रात: अभिषेक में भाग लिया तो ब्रज के महान संत गुरूशरणानन्द महराज ने आज मन्दिर में श्रंगार आरती की। मन्दिर के बाहर आज मेला लगा हुआ था। बांकेबिहारी मन्दिर वृन्दावन में आज दोपहर वर्ष में एक बार होनेवाली रासलीला का आयोजन किया गया। मन्दिर के सेवायत आचार्य ज्ञानेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मन्दिर से निधिवन तक शोभायात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।

ऋतिक रोशन ने गर्लफ्रेंड सबा आजाद संग किया गणेश विसर्जन

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के घर शनिवार को गणपति विसर्जन किया गया। इस खास मौके पर उनका पूरा परिवार और गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी मौजूद रहीं। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा की और बताया कि वह मिठाइयों से दूरी बना रहे हैं। तस्वीरों में वह अपने माता-पिता, बहन और सबा के साथ नजर आ रहे हैं। ऋतिक को सफेद टी-शर्ट और पैंट के साथ जैकेट और बेसबॉल कैप में देखा जा सकता है। उनके पिता राकेश रोशन कैजुअल कपड़ों में हैं। हालांकि, सभी महिलाओं ने उत्सव के लिए इंडियन आउटफिट पहने हुए थे। उन्होंने लिखा कि गणपति बप्पा मोरया, यह हमारे घर और दिलों को खुशी और मोदक से भरने का मौसम है। अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो ऋतिक सिद्धार्थ आनंद की 'फाइटर' में दिखाई देंगे, जो एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है। इसमें दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, अक्षय ओबेरॉय और दिशा पटानी भी हैं।

राघव की बारात में शामिल होने मेहमानों का आगमन शुरू

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप मंत्री राघव चड्ढ़ा की शादी में शामिल होने के लिए मेहमानों का आगमन अब शुरु हो गया है। एक तरफ जहां परिणीति और राघव दोनों के परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में आ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राघव के राजनीति से जुड़े दोस्त भी उदयपुर पहुंच रहे हैं।

राघव की आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को अपनी पत्नी के साथ उदयपुर में देखा गया। जहां संजीव ग्रे एथनिक वियर में नजर आए, वहीं उनकी पत्नी ने फ्लोरल प्रिंट सलवार कुर्ता पहना था। संजीव वही सांसद हैं जिन्होंने इस साल मई में इस जोड़ी को सोशल मीडिया पर सबसे पहले बधाई दी थी। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, अपनी पत्नी के साथ रविवार को बारात में शामिल होंगे। राजनीतिक जगत के अन्य दिग्गज जैसे अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, भूपेश बघेल और अशोक गहलोत के भी रविवार को कपल को आशीर्वाद देने की उम्मीद है। राघव चड्ढ़ा और परिणीति की शादी का जश्न शुक्रवार को उदयपुर में मेहंदी समारोह के साथ शुरू हुआ। यह जोड़ा चूड़ा समारोह की मेजबानी करेगा, जिसके बाद हल्दी और संगीत होगा। वायरल हुए शादी के कार्ड के निमंत्रण की तस्वीरों के मुताबिक, शादी रविवार को होगी।

■ उदयपुर पहुंचे आप सांसद संजय सिंह

बहन परिणीति की शादी में नहीं आएंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढ़ा की शादी में बहन और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के आने को लेकर असमंजस बना हुआ है। शादी में न आने की खबरों के बीच प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया।

परिणीति, राघव को आशीर्वाद देंगी ब्रह्मा कुमारी शिवानी

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढ़ा की शादी का जश्न पूरे जोरों पर है। एक और लोकप्रिय हस्ती ब्रह्मा कुमारी शिवानी इस जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए उदयपुर पहुंचीं। पैपराजी विरल भयानी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में ब्रह्मा कुमारी शिवानी को उदयपुर हवाई अड्डे पर द लीला पैलेस में शादी से पहले उत्सव की शुरुआत करते हुए दिखाया गया है। परिणीति की चूड़ा सेरेमनी शनिवार सुबह 10 बजे होटल के महाराजा सुइट में हुई। मेहमानों के लिए दोपहर करीब एक बजे वेलकम लंच था। दूल्हा और दुल्हन के परिवार रात सात बजे से पार्टी करेंगे। पार्टी का थीम है लेट्स पार्टी लाइक इट्स 90। शादी 24 सितम्बर को होगी। फेरे रविवार शाम चार बजे और विदाई शाम 6.30 बजे होने की उम्मीद है। रात 8.30 बजे लीला पैलेस कोर्टयार्ड में रिसेप्शन होगा।

दिलों व गंतव्यों को जोड़ने वाले वंदे भारत के असली नायक

कोलकाता, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी भारत में, जहां धुंध भरे पहाड़ हलचल भरे महानगर से मिलते हैं, हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस एक जीवन रेखा के रूप में उभरकर सामने आयी है, जो लोगों के दिलों और उनके पसंदीदा गंतव्यों को जोड़ती है।

हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस देश में इंजीनियरिंग कौशल का प्रमाण है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिवहन का आधुनिकीकरण करने वाली प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

पूर्वी रेलवे के सूत्रों ने कहा कि यह असाधारण ट्रेन परिवहन का केवल एक साधन नहीं है बल्कि यह प्रगति का प्रतीक है और इसकी सफलता के पीछे लोगों की एक समर्पित टीम है, जो हर यात्रा को यादगार बनाती है। उन्होंने स्वदेशी लोकोमोटिव प्रौद्योगिकी की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वे असली नायक हैं जिन्होंने इस इंजीनियरिंग चमत्कार का निर्माण किया है और एक हाई स्पीड स्वदेशी ट्रेन का निर्माण किया है। पूर्वी रेलवे के लोको पायलट रेल के कप्तान हैं और एस नरगिनेरी, एके झा और सहायक उनमें से हैं, जिन्हें हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे शुद्धता में दक्ष हैं, उनमें जिम्मेदारी की गहरी भावना है जो यह सुनिश्चित करती है कि वंदे भारत की हर यात्रा अप्रिय घटनाओं से मुक्त हो। वे सच्चे पथप्रदर्शक हैं। उनका समर्पण, विशेषज्ञता और सुरक्षा एवं परिशुद्धता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें भारत की सेमी हाई-स्पीड रेलवे क्रांति की रीढ़ बनाता है। हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रेन प्रबंधक एस. के. करण अच्छी तरह से प्रशिक्षित हैं और सभी यात्रियों की आवश्यकता को पूरा करते हैं और उनके लिए एक सुखद और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं। पूर्वी रेलवे का दावा है कि उनकी सतर्कता और व्यावसायिकता एक सुरक्षित यात्रा की गारंटी देती है, जिससे यात्रियों को आराम करने और मन की शांति के साथ सवारी का आनंद प्राप्त होता है। पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा कि हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस के आतिथ्य और आनंददायक यात्रा की तरह, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्री भी गर्मजोशी से स्वागत, आतिथ्य और यादगार यात्रा का आनंद लेंगे।

लियोनार्डो डिकैप्रियो स्टारर 'बॉडी ऑफ लाइज' में मिले रोल को नाना पाटेकर ने किया था रिजेक्ट

मुंबई, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर को हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो-स्टारर 'बॉडी ऑफ लाइज' में एक भूमिका की पेशकश की गई थी। हालांकि, उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया क्योंकि उन्हें वह भूमिका पसंद नहीं आई, जो उन्हें ऑफर की गई थी। 'बॉडी ऑफ लाइज' 2008 की अमेरिकी जासूसी एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो रिडले स्कॉट द्वारा निर्देशित और निर्मित है, जिसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो और रसेल क्रो मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया से बातचीत में जब नाना से पूछा गया कि लगातार ऑफर मिलने के बावजूद उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों को ना क्यों कहा, तो उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए था, क्योंकि मुझे अंग्रेजी में डायलॉग्स बोलने में थोड़ी परेशानी होती है। मेरी फ्लूएंट इंग्लिश नहीं है। मैं उसे याद कर सकता था। लेकिन जो रोल ऑफर हुए, वो मुझे पसंद नहीं आए। मैं आतंकवादी की भूमिका नहीं निभा सकता। जो लोग मेरे काम का फॉलो रते हैं या मुझसे प्यार करते हैं वे मुझे उस किरदार में देखकर पसंद नहीं करते। यह लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'बॉडी ऑफ लाइज' में था। इसके बाद उन्होंने 'द पूल' नामक फिल्म के बारे में बात की, जो 2007 में रिलीज हुई थी। उन्होंने कहा कि मैंने 'द पूल' नाम की एक फिल्म की थी। वे अनुराग कश्यप को जानते थे और उन्होंने कहा कि वे अभिनेता के लिए ऐसा चेहरा चाहते थे इसलिए उन्होंने मुझे मेरा चेहरा दिखाया तभी वह शख्स मिलने आया और मुझसे पूछा कि क्या मैं करूंगा मैंने पूछा कि कितने दिन की शूटिंग है तो उसने कहा 7-8 दिन।

ट्रेड फेयर शो में अमेठी ने भी रखा अपना जलवा बरकरार

गोबर के पेंट व लेदर के जूतों के स्टाल बढ़ाई शोभा

अमेठी, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर शो में अमेठी ने भी अपना जलवा बरकरार रखा है। ट्रेड फेयर शो में अमेठी के मूंज के बने सामान, गोबर के पेंट और लेदर के जूतों के स्टाल जिले की शोभा बढ़ा रहे है। जिले की इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर में बने लेदर के जूतों का स्टाल नोएडा के फेयर शो में लगे हुए है। अमेठी में इस फैक्ट्री के लग जाने से 500 से अधिक कारीगरों को प्रत्यक्ष रूप से काम मिला है।

जूता फैक्ट्री में सैकड़ों लोगों को मिला रोजगार

दरअसल अमेठी के जगदीशपुर स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में सीटेड द्वारा लेदर के जूते बनाने की फैक्ट्री अभी हाल ही में संचालित की गई है। फैक्ट्री में लेदर के जूते बनाये गए जो अब अमेठी की शान बने हुए है। यूपी के नोएडा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर शो में अमेठी में बने लेदर के जूतों का भी स्टाल लगा हुआ है। जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया में जूता बनाने की फैक्ट्री लग जाने से पांच सौ से अधिक जरूरतमंदों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है और उन्हें काम करने के लिए बाहर भी नही जाना पड़ रहा है।

एमएसएमई स्फूर्ति योजना से मिला लाभ

फैक्ट्री के डायरेक्टर इंजीनियर संजय सिंह ने कहा कि जगदीशपुर और जायस के एरिया में एक हजार से अधिक परिवार हैं जो जूता चप्पल बनाने का काम करते थे और सिर्फ उसी पर इनका पूरा परिवार निर्भर रहता था। लेकिन अब भारत सरकार की एमएसएमई स्फूर्ति योजना के तहत यहां पर एक कंप्लीट इन्फ्राट्रक्चर बनाया गया।

500 जूते और 800 बेल्ट बनाने की क्षमता

संस्था के निदेशक संजय सिंह ने बताया कि हम लोग बाहर से रॉ मटेरियल लाकर यहां जूते, बेल्ट, जैकेट समेत अन्य चीजों का निर्माण अत्याधुनिक मशीनों की मदद से कर रहे हैं। यहां जो मशीनें लगाई गई हैं उसमें आठ घंटे में 500 जूते और 800 बेल्ट बनाने की क्षमता है। इस फैक्ट्री में प्रत्यक्ष रूप से 625 कारीगर जुड़े हुए है जिनको प्रदेश सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ श्रमिक के तौर पर मिल रहा है साथ ही सरकार की अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड भी इन कारीगरों का बनवाया गया है।

चन्द्रयान-3 का मॉडल बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

ग्रेटर नोएडा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपोमार्ट में पांच दिवसीय यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो के हाल नम्बर आठ में गलगोटिया विवि का स्टाल भी लगा हुआ है। यहां पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और अपने कौशल का बेजोड़ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कई प्रकार के उत्पादों का निर्माण किया है। चन्द्रयान-3 की अपार सफलता के बाद जब भारत ही नहीं पूरी दुनिया जश्न मना रही थी तब गलगोटियास विश्वविद्यालय के के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से एक बहुत ही खूबसूरत चन्द्रयान-3 का एक मॉडल तैयार किया था। इसी मॉडल को यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड शो में सभी के मन को छू रहा है। उसको देखने के लिए दिन भर दर्शकों की भीड़ लगी रही। बच्चों के लिए तो वो एक अद्भुत खिलौने जैसा है।

■ उप्र इन्टरनेशनल ट्रेड शो एक्सपोमार्ट में गलगोटिया विवि की तरफ से लगाया गया है स्टॉल

हर कोई उसके साथ अपनी एक यादगार सैल्फी लेना चाहता। देश भक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत होकर दर्शक प्रसंशा तो कर ही रहे थे और साथ ही साथ भारत मां की जय बोलते हुए, याद कर रहे थे अपने उन महान वैज्ञानिकों को जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम से आज पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। शोभित अग्रवाल, तरुण सात्यकी और शैलवी गुप्ता द्वारा स्थापित, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में एक सामूहिक पृष्ठभूमि और भारत में विनिर्माण के लिए एक साझा प्रयास उन्होंने किया है। प्रिंस राणा, मयंक, हर्षित, वंशिका और वर्णिका की टीम ने शुद्ध आयुर्वेद पद्धति पर आधारित बहुत ही स्वादिष्ट, शारीरिक थकान को हटाकर ऊर्जा प्रदान करने वाला 'रिफ्रेशमैंट ड्रिंक' के नाम से एक पेय पदार्थ का निर्माण किया है। जिसमें तुलसी, नींबू, अदरक और पाचन तंत्र को इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाने वाले अनेक प्रकार के आयुर्वेदिक औषधियों का प्रयोग किया है। विवि के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

एम्स में दो और चुनौतीपूर्ण किडनी ट्रांसप्लांट

कैंसर से पीड़ित पिता ने पुत्र को दी किडनी, दूसरे को पत्नी ने दी

रायपुर, 23 सितंबर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दो और रोगियों का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। अब तक दस किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं। दसवां किडनी ट्रांसप्लांट सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि रोगी को कई अन्य बीमारियां थी। रोगी के पिता को कैंसर हो चुका था फिर भी उन्होंने ठीक होने के बाद पुत्र को किडनी दान की। एक अन्य ट्रांसप्लांट में पत्नी ने मैकेनिक पति को किडनी दान की।

दुर्ग जिले के 44 वर्षीय रोगी एनजीओ का कर्मचारी है। इसका किडनी ट्रांसप्लांट सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण था। इसे कई वर्षों से किडनी की परेशानी थी। इसके साथ ही हाइपो पैराथाइरॉयडिज्म और उच्च रक्तचाप भी था। लगातार डायलिसिस की वजह से कुछ रक्त वाहिनियों में कैल्शियम का जमाव हो गया था। रोगी का क्रिएटनीन स्तर उच्च था और मूत्र में रक्त की शिकायत थी। रोगी का सितंबर के दूसरे सप्ताह में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया।

इस रोगी को 70 वर्षीय पिता ने किडनी दान की। पिता की भी पांच वर्ष पूर्व प्रोस्टेट कैंसर की सर्जरी हुई थी। नेफ्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि रोगी और किडनी दानदाता दोनों की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट काफी कठिन परिस्थितियों में किया गया। पिता में कोई सक्रिय कैंसर कोशिका न पाए जाने के बाद ही किडनी ट्रांसप्लांट की गई। इससे पूर्व जगदलपुर के 38 वर्षीय कार मैकेनिक की पत्नी ने उसे किडनी दान की। रोगी की दो वर्ष से डायलिसिस चल रही थी। इसका अगस्त में ऑपरेशन किया गया। दोनों रोगी और दोनों किडनी दानदाता अब पूर्णतः स्वस्थ हैं। किडनी ट्रांसप्लांट टीम में डॉ. अमित आर. शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डॉ. रोहित बड़गे, डॉ. जितेंद्र शामिल थे। प्री और पोस्ट ऑपरेटिव केयर में डॉ. जसवंत, राम निवास, विनिता और अंबे शामिल थी।

परिवर्तन यात्रा में नकारे जा रहे भाजपाई : कांग्रेस

आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री सजा नहीं पाए भाजपा की दुकान

रायपुर 23 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा और चुनावी सभा के लिए आज छत्तीसगढ़ आए 6-6 केंद्रीय मंत्रियों के दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि अपनी विश्वसनीय खत्म हो जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता नए-नए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाकर उनसे लगातार झूठ बुलवाने का काम कर रहे हैं। मैनपुर में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बेरोजगारी और अपराध के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित किया। वादाखिलाफी भाजपा का राष्ट्रीय चरित्र है, अपराध में नंबर वन भाजपा शासित राज्य है, छत्तीसगढ़ तो 18वें क्रम पर है भूपेश सरकार में अपराध लगातार नियंत्रित हुए हैं। ।



भूपेश सरकार आने के बाद विगत 1 साल से छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है, आधा फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी दर है छत्तीसगढ का।

श्री शुक्ला ने कहा कि भूपेश पर भरोसे की सरकार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के सारे पैंतरे नाकाम हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में आरएसएस और भाजपा का धर्मांतरण और सांप्रदायिकता का एजेंडा फेल हो गया। रमन राज के भाजपा के वादाखिलाफी, कुशासन और भ्रष्टाचार की कलई खुल चुकी है।

यही कारण है कि केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सहारे ही विधानसभा चुनाव में जाने की तैयारी कर रहे हैं। 12 सितंबर से निकली तथाकथित परिवर्तन यात्रा को पहले दिन से ही जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ही पूरी तरह से नकार दिया है। यात्रा की वस्तुस्थिति का पूर्वानुमान लगाकर ही पिछले दो बार से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपना दौरा निरस्त कर चुके हैं।अब केंद्रीय मंत्रियों के सहारे इज़्जत ढाकने का प्रयास कर रहे है। आज छत्तीसगढ़ में लगभग सभी आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों की सभा भीड़ को तरसती रही। उन्होंने कहा कि 2014 से 2018 तक केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार थी और छत्तीसगढ़ की जनता पर सबसे ज्यादा अत्याचार भी इन्हीं चार सालों में हुए। भूपेश सरकार में तो छत्तीसगढ़ में समृद्धि आई है लगातार वादे पूरे किए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आम जनता की समृद्धि के लिए तो भूपेश सरकार ने वादे से ज्यादा काम किया है। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोलने के साथ ही सभी विभागों में नियमित पदों पर भर्ती की गई है।

कलेक्टर का अधिकारियों को निर्देश, 30 तक पूरा करें शहर की सड़कों की मरम्मत का काम

रायपुर, 23 सितंबर। (देशबन्धु)। शहर की सड़कों की दुरूस्ती के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिक सुविधाओं को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए। इसमें युद्ध स्तर पर कार्य करें। साथ ही नागरिक सुविधाओं से जुड़े हुए सभी कार्यों के लिए जोन कमिश्नर सुबह वार्डों में भ्रमण करें. लोगों की समस्या सुने और अविलंब उनका समाधान करें। यह निर्देश उन्होंने रेडक्रास सभाकक्ष में हुई बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों की सड़कों में जो गड्ढे है उनकी तत्काल मरम्मत कराएं और पेच वर्क करें। डॉ. भुरे ने शहर के विभिन्न सड़कों में 30 सितंबर तक सुधार करने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर उनके अंतर्गत आने वाले वार्डों की सड़कों का स्वयं निरीक्षण करें। गणेश विसर्जन के समय जिन-जिन रास्तों से गणेश की झांकियां निकलेगी उन रास्तों को अनिवार्य रूप से सुधार करें ताकि झांकी निकलने के दौरान समितियों को परेशानी ना हो।

महाभारत सीरियल के कृष्ण नितीश भारद्वाज 25 को आएंगे

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत (1001 देव रूपों में सुसज्जित बालक - बालिकाओ) का आयोजन 25 सितंबर 2023 दिन सोमवार को गांधी मैदान रामानुजगंज में समय शाम 5:00 बजे से प्रारंभ होगा। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर छत्तीसगढ़ प्रांत सह महामंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मशहूर फिल्म अभिनेता एवं महाभारत सीरियल में श्री कृष्ण की भूमिका में रहे नितीश भारद्वाज जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे जीनसे मिलने एवं एक झलक पाने लोग आतुर हैं एवं प्रतीक्षा कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत माननीय रामविचार नेताम जी पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा विशिष्ट अतिथि निरंजन पंडा जी (भोपाल) राष्ट्रीय विद्या सहसंयोजक एवं अनिल जोशी जी (रीवा) मध्य क्षेत्र प्रमुख संस्कार भारती होंगे नीरज श्रीधर जी संस्कार भारती झारखंड प्रांत मंत्री, रंजीत सारथी जी जिला अध्यक्ष संस्कार भारती सरगुजा, अध्यक्षता रिखी क्षत्रीय जी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष संस्कार भारती के आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी में सच्चिदानंद तिवारी,(राजा) जिला अध्यक्ष संस्कार भारती रामानुजगंज बलरामपुर संजय मेहता कार्यकारी अध्यक्ष संस्कार भारती संयोजक अनूप तिवारी,सुनील गुप्ता, दिवाकर मुखर्जी, अश्वनी गुप्ता, राहुल गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, अंकित कलवार, जशु केसरी, मनोज प्रजापति एवं सहयोगी गण होंगे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत माहुलिकर जी प्रांत महामंत्री संस्कार भारती छत्तीसगढ़ करेंगे।

इकलौते जवान बेटे को खोने के बाद आशाहीन दंपति आईवीएफ से बने जुड़वा बच्चों के माता-पिता

रायपुर, 23 सितंबर। रायपुर के प्रतिष्ठित अत्याधुनिक अस्पताल साई बाबा वूमेंस हॉस्पिटल (एसबीएच हॉस्पिटल) में एक दंपति शादी के 20 वर्षों बाद जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने। इस दंपति ने हाल ही में अपने इकलौते जवान बेटे को खो दिया था। यह एक ऐसी त्रासदी थी जिससे इनका परिवार अधूरा हो गया था और दोनो पति व पत्नी भावात्मक रूप से टूट चुके थे। इसके बाद इन्होंने द्ब1द्ब ट्रीटमेंट के जरिए अपने परिवार को पूर्ण करने का निर्णय लिया और सकारात्मक सोच के साथ उन्होंने एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल को चुना। जब महिला एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल में इनफर्टिलिटी (आईवीएफ) के उपचार के लिए आई तो उसकी उम्र 41 वर्ष थी। इस महिला को शारीरिक तकलीफें भी थीं, उनका वजन 130 किलो था। 40 से अधिक बीएमआई के साथ उनका यह मोटापा बीमारी की हद तक बढ़ा हुआ था। तब महिला का शरीर गर्भधारण के लिए तैयार नहीं था। एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के फर्टिलिटी एक्सपर्ट ने उन्हें सबसे पहले वजन घटाने की सलाह दी। कई कोशिशों के बाद भी उन्हें वजन कम करने में सफलता नहीं मिली। आखिर साईंबाबा अस्पताल (एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल) के विशेषज्ञों ने बेरियाट्रिक सर्जरी का फैसला किया। इसके एक वर्ष बाद एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने आईवीएफ की योजना बनाई। उस महिला में संतान प्राप्ति की तीव्र चाहत और इरादों के प्रति गंभीरता थी। आईवीएफ के पहले चक्र में ही एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटलके डॉक्टर्स को सफलता मिल गई। मगर इसमें जटिलता बहुत थी। उन्हें समय से पहले ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी, इसलिए अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। जटिलताओं को देखते हुए समय से पहले ही डिलीवरी हेतु सर्जरी करनी पड़ी। तब महिला की उम्र 41 वर्ष थी। हर तकलीफ के बावजूद उन्हें शादी के 20 वर्षों बाद जुड़वा बच्चे हुए, जिनमें एक बेटा है और एक बेटी। समय पूर्व प्रसव होने के कारण उन्हें एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के ही बाल्य आपातकालीन इकाई एनआईसीयू में रखना पड़ा। आज दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और माता-पिता प्रसन्न हैं। साई बाबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का कहना है, जीवन में चुनौतियों आती ही रहती हैं। उनसे बचना नहीं चाहिए बल्कि स्वीकार करना चाहिए। आशाओं को कभी नहीं खोना चाहिए, विश्वास बनाए रखना चाहिए क्योंकि उम्मीद पर ही दुनिया कायम है।

गोपाल मंदिर में राधाष्टमी की धूम

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। माहेश्वरी महिला समिति, गोपाल मंदिर द्वारा दिनांक 23 सितंबर को राधा अष्टमी के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन गोपाल मंदिर सदर बाजार में किया गया। जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने भजनों का भरपुर आनंद लिया। भजन श्रीमती रचना चांडक, श्रीमती वंदना चांडक, श्रीमति श्रुति मुंदड़ा, श्रीमती राधिका बागड़ी, श्रीमती कल्पना नत्थनी द्वारा अपनी मधुर आवाज में गाया गया। उनके मधुर भजनों से सभी लोग राधेमय हो गए। भजन व नृत्य के द्वारा पूरा माहौल भक्तिमय हो गया ?। इस कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला समिति की महामंत्रानी श्रीमती ज्योति राठी, नंदा भट्टर, अध्यक्ष श्रीमती प्रगति कोठारी, सचिव श्रीमती कल्पना राठी, नीता लखोटिया, भावना मरदा, नीना राठी, शशि शारडा, रमा मल्ल, माधुरिक नत्थनी, सुनीता लड्ढा, ज्योति शारदा, शशि मोहता, उषा शारडा, शकुंन डागा, सोनबाई सारडा आदि भूतपूर्व अध्यक्ष उपस्थित थी। भजनों के बाद सभी ने प्रसादी का भी आनंद लिया।

निधन

दीपक कुमार मिश्रा

रायपुर, 23 सितंबर। शंकरनगर निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार मिश्रा (सेवानिवृत) पुत्र स्व. विष्णु प्रसाद मिश्रा का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट बूढ़ापारा रायपुर में किया गया। वे जयश्री मिश्रा के पति और राहुल मिश्रा व निधि द्विवेदी के पिता थे।

पुनिया देवी तिवारी

बेमेतरा, 23 सितंबर। ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल, प्रदीप, राकेश, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण, दिलीप, धीरज तिवारी की बड़ी मां, अंकुर, रतन, अंशु, बाबी, हरिओम, प्रखर मनु, प्रांजल तिवारी की दादी थी।



कुमारी बाई शुक्ला

रायपुर, 23 सितंबर। नयापारा राजिम निवासी भुरका वाले श्रीमती कुमारी बाई शुक्ला 80 वर्ष का आज शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 10 बजे निवास नयापारा राजिम अरिहंत नगर से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व विद्याभूषण की धर्मपत्नी और भिलाई चरोदा नगर निगम के अभियंता प्रशांत शुक्ला व प्रदीप शुक्ला की माता थी।

यात्री ट्रेन रद्द होने पर भाजपा नेता मौन क्यों है : कांग्रेस

रायपुर 23 सितंबर । रेलवे द्वारा फिर यात्री ट्रेनों को रद्द करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को ट्रेन की सुविधा दिलाने के लिए कांग्रेस ने आंदोलन किया। तब भाजपा के सांसद आंदोलन के खिलाफ बयानबाजी कर रेलवे की काली करतूत को पर्दा डालने में लगे थे। अब रेलवे ने फिर कई ट्रेनों को रद्द करने घोषणा की है। तब भाजपा के बयानवीर सांसदो के मुंह में दही जमा है रेलयात्रियों की समस्यों पर दो लाईन बोलने की साहस नही कर पा रहे है। दुर्भाग्य की बात है भाजपा का प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भी रेल यात्रियों के समस्याओं पर मौन थे। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रेलवे अडानी की मालगाड़ी ट्रेनों को चलाने के लिए जनता की ट्रेनों को रद्द कर रही है और मेंटेनेंस का हवाला दे रही है। अगर मेंटेनेंस के चलते यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है फिर मालगाड़ी ट्रेन उस ट्रैक पर कैसे चल रही है? रेलवे कब तक झूठ बोलकर अडानी कि मालगाड़ी को बेरोक टोक चलाएगी और मुनाफा कमायेगी? लोकल ,एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेन रद्द होने से आम जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि रेलवे जिसका काम जनता की सेवा करना है वो सेवा छोड़कर मुनाफाखोरी में लगी हुई है। आजादी के बाद पहली बार रेल यात्रियों को इतनी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। केंद्र की सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने कहा प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर

रायपुर, 23 सितंबर। केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव रायपुर पहुंची हैं। उन्होंने महिला आरक्षण बिल के लिए प्रधानमंत्री को महिलाओं और बहनों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के माध्यम से सैनिक स्कूल में भी उनका एडमिशन हो रहा है।विधेयक के माध्यम से राजनीति में भी अहम स्थान देने का काम मोदी जी ने किया है। सबको पता था कि यह काम मोदी ही कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के चुनावी माहौल पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा, प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। ये (प्रदेश सरकार) केवल बातें करती हैं. पीएससी का घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।महिलाओं को ये बिल्कुल भी सुरक्षा नहीं दे पाए. अभी चुनाव है, इसमें इन्हें करारा जवाब मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी पर लोगों को भरोसा है। मोदी जी के नेतृत्व में ही प्रदेश और देश में हमें आशीर्वाद मिलेगा।

संजय नगर बेटी बचाओ मंच ने मायका के तीजा उपवास से लौट कर अपने संस्मरण को आपस में शेयर किया

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ मंच संजय नगर की महिलाओं ने मायके में तीज मना कर अपने ससुराल वापसी पर आज संजय नगर बेटी बचाओ मंच के अध्यक्ष संजना तिवारी के निवास में एकत्र हुए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियो ने मायके मे तीजा के अपने संस्मरण को शेयर किए। मायका में भाई-बहनों, सहपाठियों, मित्रों के साथ मुलाकात कर बचपन में खेलकूद, तालाब में तैरना, नोक झोक ,पेड़ों पर चढ़ना व अन्य पुरानी यादों को ताजी कर अपने संस्मरण को सुनाए। इससे पूर्व महिलाओं ने शिव पार्वती तथा नंदी के रूप में मिट्टी के बैल का पूजन किया । प्रसाद के रूप में अपने साथ लाए छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, बबरा,अईरसा को एक दूसरे को शेयर कर खुशियां मनाए। महिलाओं ने तीजा पर छत्तीसगढ़ी गीत में समूह नृत्य कर काफी एंजॉय किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा स्वरा मिश्रा ने तीजा के महत्व को विस्तार से बताया । पदाधिकारी केजई साहू, कावेरी साहू, लक्ष्मी यादव, डागेश्वरी साहू, लता पवार, शशि साहू तथा ऊषा विश्वकर्मा ने अपने संस्मरण सुनाए ।अंत में अखंड सौभाग्य की कामना के साथ संजना तिवारी ने सुहाग सामग्री के रूप में सभी सुहागिनों को चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता, मेहंदी आदि भेंट किया।

कैपिटल जोन का शेष...

छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन...

में जैसे पिछले बार परिवर्तन हुआ, इस बार भी परिवर्तन होगा। पिछली बार भाजपा बहुमत में थी तो परिवर्तन हुआ। लोगों की उम्मीद पर सरकार खरी नहीं उतरती तो लोग परिवर्तन का मन बना चुके होते हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। केंद्र से राज्य को सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर मंत्री गुर्जर ने कहा कि, मोदी सरकार निष्पक्ष सरकार है। सबके साथ समान व्यवहार करती है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, इस संकल्प को लेकर मोदी सरकार काम कर रही है। कोई प्रदेश नहीं कह सकता कि, किसी के साथ भेदभाव हुआ है। सारी योजनाओं का लाभ हर प्रदेश को मिल रहा है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा से घबराई कांग्रेस भरोसे के लिए तड़प उठी : साव

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की आंधी चल रही है। कमीशन, करप्शन और क्राइम की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए छत्तीसगढ़ तैयार है। छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबो देने वालों का दिवाला निकलना तय है इसलिए हार के डर से कांग्रेस की सरकार भरोसे के सम्मेलन करके जनता का धन बर्बाद कर रही है। ये जाते जाते भी जनता के धन को अपने नेताओं पर उड़ा रहे हैं। कोई सरकार अपने राज्य की जनता के धन का कैसा दुरुपयोग कर सकती है, यह भूपेश बघेल ने दिखा दिया है। इस लूटखसोट के अंतिम दिन चल रहे हैं। लुटेरी सरकार जाने वाली है।

साव ने परिवर्तन यात्रा में निकलने से पहले प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान में नफरत बेचने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता व छत्तीसगढ़ के मंत्री मोहम्मद अकबर के क्षेत्र कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान हुआ। हिन्दू समाज ने इसका विरोध किया, तब राज्य सरकार ने न्याय देने की बजाए क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया। हिन्दू समाज को इस सरकार ने प्रताड़ित करने का भरपूर प्रयास किया है। ऐसा दृश्य छत्तीसगढ़ वासियों ने कभी नहीं देखा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि बिरनपुर की सामूहिक नरसंहार की घटना हमने देखी है, किस तरह से साहू समाज के होनहार युवक भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या की गई। अभी कुछ दिन पहले खुर्सीपार में सिख समाज के देशभक्त युवक मलकीत सिंह ने हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया तो कुछ लोगों ने उसकी बर्बरता पूर्वक हत्या कर दी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक में एडिशनल एसपी ऑफिस

के पास पार्किंग में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। आखिर हमारे छत्तीसगढ़ में यह सब क्यों हो क्या रहा है? यह कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को किस दिशा में लेकर जाना चाहती है।

कानून का राज नहीं, तुष्टिकरण की राजनीति

साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश में तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कानून का खौफ इन अपराधियों पर नहीं है। भूपेश बघेल की सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। खुलेआम छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण हो रहा है। लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस सरकार प्रदेश को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

परिवर्तन यात्रा से घबरा कर कांग्रेस निकाल रही भरोसे की यात्रा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। जनता के आशीर्वाद और भरपूर समर्थन से कांग्रेस घबराई हुई है। कांग्रेस सरकार से जनता का भरोसा उठ गया है इसलिए अब कांग्रेस को भरोसे का सम्मेलन करना पड़ रहा है, भरोसे की यात्रा निकालना पड़ रही है। पौने पांच साल में भूपेश सरकार ने जनता को केवल ठगने का काम किया है।

महिला आरक्षण नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त निर्णय

साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिला आरक्षण को पिछले 27 साल से लटकाए रखा था।माताओं बहनों के अधिकार और हक के साथ खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व ने महिलाओं को अधिकार दिया। उन्हें सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। महिला आरक्षण अधिनियम दोनों सदन में पारित हो गया है। देश की माताओं बहनों में उत्साह का वातावरण है। कांग्रेस के पास इस विषय पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है। उसका दोहरा चरित्र देश की महिलाओं के सामने उजागर हो गया है।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा-33 फीसदी आरक्षण से महिलाओं में उत्साह

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने दो केंद्रीय मंत्री रायपुर पहुंचे हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह का रायपुर एयरपोर्ट में महिलाओं ने स्वागत किया. इस दौरान मनसुख मांडविया ने कहा, देश की आजादी के 75 साल बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है. समग्र देश में महिलाओं में खुशी और उत्साह हैं. वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने कहा, छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर है.

कृष्णपाल गुर्जर बोले- छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर

केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने कहा, छत्तीसगढ़ में जैसे पिछले बार परिवर्तन हुआ, इस बार भी परिवर्तन होगा. पिछली बार भाजपा बहुमत में थी तो परिवर्तन हुआ. लोगों की उम्मीद पर सरकार खरी नहीं उतरती तो लोग परिवर्तन का मन बना चुके होते हैं. छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है. निश्चित तौर पर नवंबर में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा.

केंद्र से राज्य को सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने कहा, मोदी जी की सरकार निष्पक्ष सरकार है.

सबके साथ समान व्यवहार करती है. सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, इस संकल्प को लेकर मोदी सरकार काम कर रही है. कोई प्रदेश नहीं कह सकता कि किसी के साथ भेदभाव हुआ है. सारी योजनाओं का लाभ हर प्रदेश को मिल रहा है.

नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी

■ ज़ाहिद ख़ान

नूरजहाँ, भारतीय सिनेमा की वह अदाकारा और सिंगर हैं, जिन्हें अपने ज़माने में मलिका-ए-तरन्नुम और क्वीन ऑफ मेलोडी के नाम से ख़िताब किया जाता था। नूरजहाँ जितनी भारत में मक़बूल हैं, उतनी ही पाकिस्तान में। बंटवारे के बाद, वे पाकिस्तान चली गईं। और वहां भी वो अपनी आवाज़ का जादू चारों और बिखेरती रहीं। नूरजहाँ ने मूक फ़िल्मों से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की और कुछ ही बरसों में वे फ़िल्मी पर्दे पर छा गईं। अदाकारी के साथ उन्होंने गायकी भी की। 'खानदान', 'नौकर', 'जुगनू', 'दुहाई', 'जीनत' और 'अनमोल घड़ी' में गाये उनके गीत आज भी गुनगुनाये जाते हैं। 'आजा मेरी बर्बाद मोहब्बत के सहारे...', 'जवां है मोहब्बत...' ने तो उस वक़्त पूरे मुल्क में धूम मचा दी थी। अरसा गुज़र गया, मगर ये गीत आज भी उसी तरह से मशहूर हैं।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खां से ली। साल 1939 में आई फ़िल्म 'गुल-ए-बकावली' वह फ़िल्म थी, जिसमें उन्होंने सबसे पहले गाना गाया। इस फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ फ़िल्म इंडस्ट्री में सुर्ख़ियों मे आ गईं। साल 1942 में फ़िल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फ़िल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाये। फ़िल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फ़िल्में आईं। जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी के हुनर का लोहा मनवा लिया। साल 1947 में बनी फ़िल्म 'मिर्ज़ा-साहिबा' भारत में नूरजहाँ की आखि़री फ़िल्म थी। मुल्क की तक़्सीम के बाद, लाखों लोगों के साथ उन्होंने भी पाकिस्तान में जाकर बसने का फ़ैसला किया। उस वक़्त वे शोहरत की बुलंदियों पर थीं। ऐसे में अपना सब कुछ छोड़कर जाना, वाक़ई एक बड़ा फ़ैसला था। लेकिन कुछ ही अरसे में पाकिस्तान में भी उन्होंने वही सब हासिल कर लिया। अदाकारी और गायकी दोनों ही में वे बरसों तक उरूज पर रहीं। पाकिस्तानी फ़िल्मों में नूरजहां के योगदान को देखते हुए, न सिर्फ़ उन्हें पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति सम्मान से नवाज़ा गया, बल्कि वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज़' से भी सम्मानित किया गया।

> अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खां से ली।

नूरजहाँ की गायकी और सुरीली आवाज़ पर मशहूर अफ़साना निगार सआदत हसन मंटो भी फ़िदा थे, इस हद तक कि उन्होंने नूरजहाँ की दिल-आवेज़ शख़्सियत पर पर एक शानदार ख़ाका भी लिखा था। वो लिखते हैं, "सहगल के बाद, मैं नूरजहाँ के गले से मुतास्सिर हुआ। इतनी साफ़-शफ़्फ़ाफ़ आवाज़, मुरकियां (स्वर का उतार-चढ़ाव) इतनी वाज़ेह, खरज (उच्चारण) इतनी हमवार, पंचम इतना नुकीला। मैंने सोचा, अगर यह लड़की चाहे, तो घंटों एक सुर पर खड़ी रह सकती है, उसी तरह जिस तरह बाज़ीगर तने हुए रस्से पर बग़ैर किसी लग़ज़िश (माधुर्यपूर्ण) के खड़े रहते हैं।" मंटो यहीं नहीं रुक जाते, बल्कि अपने इस मज़ामीन में वे आगे लिखते हैं, "नूरजहाँ के मुताल्लिक़ बहुत कम आदमी जानते हैं कि वह राग विद्या उतनी ही जानती है, जितनी कि कोई उस्ताद। वह ठुमरी गाती है, ख़याल गाती है, ध्रुपद गाती है और ऐसी गाती है कि गाने का हक़ अदा करती है। मौसीक़ी की तालीम तो उसने यक़ीनन हासिल की थी कि वह ऐसे घराने में पैदा हुई, जहां का माहौल ही ऐसा था-लेकिन एक चीज़ ख़ुदादाद भी होती है। मौसीक़ी के इल्म से किसी का सीना मामूर (परिपूर्ण) हो, मगर गले में रस न हो तो आप समझ सकते हैं कि ख़ाली-खूली इल्म सुनने वालों पर क्या असर कर सकेगा-नूरजहाँ के पास इल्म भी था और वह ख़ुदादाद चीज़ भी, जिसे गला कहते हैं। यह दोनों चीज़ें मिल जाएं, तो क़यामत का बरपा होना लाज़िमी है।" ('नूरजहाँ', किताब-'सआदत हसन मंटो दस्तावेज़, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज़-115) वाक़ई नूरजहाँ की दिलकश आवाज़, उस दौर में उनके चाहने वालों पर एक कहर सा ढाती थी। लोग उनकी गायकी के दीवाने थे।

नूरजहाँ को शे'र-ओ-अदब का बेहद शौक़ था। ख़ास तौर पर वे मशहूर-ए-ज़माना शायर फ़ैज़ अहमद फ़ैज की शायरी की बड़ी दीवानी थीं। फ़ैज़ को समझकर और महसूस करके गाने वालों में नूरजहाँ और इक़बाल बानो सर-ए-फेहरिस्त हैं। नूरजहाँ और फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के किस तरह के मरासिम थे और वे फ़ैज़ और उनकी शायरी की कितनी इज़्ज़त-ओ-एहतिराम करती थीं, एक छोटे से क़िस्से से जाना जा सकता है। इस क़िस्से को तरक़्क़ीपसंद अदीब और जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी किताब 'आशनाईयां क्या क्या' में बड़े शानदार अंदाज़ में बयां किया है। जो इस तरह से है, "अय्यूबी मार्शल लॉ के दूसरे बरस आला सतह पर फ़ैसला किया गया कि कायद-ए-आज़म का जश्न-ए-विलादत (पुण्यतिथि) सरकारी तौर पर मनाया जाए। इस ज़िम्न में पंजाब यूनीवर्सिटी हॉल में एक महफ़िल-ए-मूसिक़ी तर्तीब दी गई। जिसका प्रोग्राम रेडियो पाकिस्तान लाहौर से रिले करने का एहतिमाम किया गया था।

इस शाम यूनीवर्सिटी हॉल में मुल्क के नामवर गुलूकारों (गायकों) को जमा किया गया। मादाम नूरजहाँ भी मौजूद थीं। जब वो स्टेज पर आईं, तो उन्होंने फ़ैज़ की नज़्म "मुझसे पहली सी मुहब्बत मेरे महबूब न मांग।" गाना शुरू की। उस वक़्त भी फ़ैज़ का कलाम रेडियो से नश्र (प्रसारित) करने की इजाज़त न थी। इसलिए रेडियो वालों ने मार्शल लॉ हुक्काम से जो वहां मौजूद थे, रुजू (संपर्क) किया। एक फ़ौजी अफ़सर ने कोई दूसरी चीज़ गाने के लिए कहा। और बताया कि

"फ़ैज़ के कलाम पर पाबंदी की वजह से ये नज़्म नहीं गायी जा सकती।"

मगर नूरजहाँ का इसरार था कि वो यही नज़्म सुनाएगी, वरना घर चली जाएंगी। जब बात बहुत बढ़ी, तो उसने कहा,

"अच्छा, तो फिर आप लोग मुझे भी वहीं भेज दीजिए, जहां फ़ैज़ हैं।"

फ़ैज़, उस वक़्त सरकार की क़ैद में थे। काफ़ी बहस-ओ-मुबाहिसे के बाद, बिल आख़िर मुंतज़मीन (आयोजकों) को मजबूरन मादाम का मुतालबा (मांग) मानना पड़ा। अलबत्ता रेडियो से इस महफ़िल का राब्ता काट दिया गया।

नूरजहाँ वाहिद गुलूकारा हैं, जो साज़ की मोहताज नहीं थीं। बहुत सी घरेलू और निजी महफ़िलों में वे बिना साज़ के गाती और गुनगुनाती थीं। और सुनने वालों को वैसा ही मज़ा आता था, जो साज़ के साथ सुर की बंदिश से आता है। जबकि ऐसे कई गायक-गायिकाएं मिल जाएंगी, जो बिना साज़ के एक लाइन तक नहीं गा सकते। एक अहम बात और, गायक-गायिका अपनी आवाज़ बेहतर रखने के लिए क्या-क्या जतन नहीं करते, मगर नूरजहाँ इससे बिल्कुल बेपरवाह रहती थीं। अच्छी आवाज़ के लिए जिन चीज़ों के खाने की मनाही या पाबंदी रखना ज़रूरी है, वे उन्हें ख़ूब खाती थीं। ' 23 दिसम्बर, 2000 को मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहाँ ने इस दुनिया से अपनी विदाई ली। इस लेख का इख़्तिताम (समापन) मैं अफ़साना निगारी के उस्ताद मंटो की बात से ही करता हूं।

"जब तक रिकार्ड ज़िंदा हैं, सहगल मरहूम की आवाज़ कभी मर नहीं सकती-इसी तरह नूरजहाँ की आवाज़ भी अर्से तक ज़िंदा रहेगी और आने वाली नस्लों के कानों में अपना शहद टपकाती रहेगी।"

महल कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.

परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों का शाइरः सुभाष पाठक 'ज़िया'

■ -ए.एफ़ 'नज़र'

"मैं जब ग़ज़ल को तसव्वुर करता हूँ तो महसूस करता हूँ कि तमाम फ़िक्रों की शाख़ों पर ख़यालों के गुंचे खिल उठे हैं। सहराओं के कंटीले दरख़्तों पर नई कोंपलें फूट पड़ी हैं। ग़ज़ल पहली बारिश की वो सौंधी ख़ुशबू हैं जो गर्म रुतों की दुश्वारियों को अपनी आमद से दिलफ़रेब और ख़ुशमंज़र बना देती है।..................सुनते तो ये आए हैं कि ये हुनर आते-आते ही आता है और एक उम्र भी कम है।" सुभाष पाठक 'ज़िया' का उनके दूसरे ग़ज़ल संग्रह " तुम्ही से ज़िया है" में दिया गया यह वक्तव्य इस बात की दलील है कि वह ईमानदार शाइर हैं और अपनी ख़ूबियों और कमियों से वाक़िफ़ है।

सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अत: ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है ,जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है। ज़िया परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों के शाइर है यह द्वन्द्व उनके प्रेमपरक ग़ज़लों और सामाजिक सरोकार की ग़ज़लों दोंनों में ही दृष्टिगत होता है। दिल धड़कता है की ग़ज़लों से गुज़रते हुए महसूस होता है कि उनकी अधिकांश ग़ज़लों में प्रेमपरक भावनाओं की अभिव्यक्ति है और प्रेम की समग्र रूप से जो तस्वीर उभरती है कुछ इस प्रकार है कि कॉलेज के ज़माने में उम्र के चढ़ते पड़ावों पर एक लड़का-लड़की एक दूसरे से मिलते हैं, क़रीब आते हैं और साथ जीने मरने की क़समें खाते हैं। पढ़ाई पूरी होने पर जब अलग होते है तो दिलों में हसीन यादें लिए अपने -अपने रास्तों पर गामज़न हो जाते हैं, न कोई गिला-शिकवा न दोबारा मिलने के वादे। दोनों जानते हैं कि वे दोबारा कभी नही मिल सकेंगे और दोनों ने इस सच को स्वीकार भी कर लिया है। वस्ल या तो माज़ी की यादों में हैं या कभी पूरी न होने वाली तमन्ना है। आशिक़ और माशूक़ दोनों इन्तज़ार के अनंत मरूस्थल के दोनों विपरीत छोरों पर खड़े हैं। यही इन्तज़ार अब उन्हें प्रिय है, इस प्रेम कहानी में वक़्त या हालात के सिवा कोई रक़ीब नहीं है। दीवानगी में भी वह होश और ख़िरद का दामन नहीं छोड़ते । माशूक़ हसीन, बेवफ़ा, बेपरवाह, बदगुमान और आशिक़ के ग़म से नावाक़िफ़ है।

> सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है, जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है।

आशिक़ के किरदार में सर्वाधिक द्वन्द्व है उसके मिज़ाज में जहाँ अनन्य प्रेम है तो आज़ाद मिज़ाजी भी। समर्पण और अना परस्ती, आस्था और अनास्था, कर्मवाद और भाग्यवाद का द्वन्द्व है।

बाद दसके चराग़ लौ देगा,
पहले इक लौ चराग़ तक पहुँचे।
या
क्यों ज़माने को बेवफ़ा कहिए,
इसको क़िस्मत का फ़लसफ़ा कहिए।

"तुम्ही से ज़िया है" की ग़ज़लों में भावनात्मकता चिन्तनोन्मुखता की ओर अग्रसर हुई हैं। बहरों के चयन में न केवल विविधता है, बल्कि लम्बी बहरों को भी बख़ूबी निभाया है। ग़ज़ल का हिंदी में आना अहम और उल्लेखनीय घटना है जिसने ग़ज़ल के मुताल्लिक़ दृष्टि और विमर्श के अनेक नए ज़ाविए खोल दिए हैं। मेरा मानना है कि शाइरी मआशरे से दो लेबल पर जुड़ी होती है एक कि शायर समाज में रहता है और उससे मुतास्सिर होता रहता है जिससे शायरी भी मुतास्सिर होती है। दूसरे जब शाइर अपनी शाइरी किसी दूसरे के साथ शेयर करता है, दाद चाहता है या चाहता है कि वह लोगों पर असर करे तो यह पूरी तरह सामाजिक अमल होता है। इसलिए ज़रूरी है कि कोई शाइरी समाज को नुकसान पहुँचाने वाली कदापि नही हो। कोई शाइरी इसलिए बेहतरीन नही होती कि वह उर्दू में, कही गई है या अंग्रेज़ी में कही गई है बल्कि इसलिए अज़ीम होती है कि उसमें आला दर्जे के शाइराना एलीमेंट्स (काव्य तत्व) होते हैं।

आधुनिक काव्य के मानकों के मददेनज़र पड़ताल करें तो हम पाते हैं कि ज़िया की शाइरी पर अस्तित्वाद व अन्य आधुनिक चिन्तनों का व्यापक प्रभाव है और समकालीन कविता की तमाम प्रवृत्तियाँ कमोबेश उनके यहीं पाई जाती है। मिसाल के तौर पर कुछ अशआर प्रस्तुत हैं जो विभिन्न प्रवृत्तियों के हामिल है-

इल्म ही है जो तेरा अपना है,
घर मकाँ कल तो और का होगा।

सब गुज़रते है मेरे सीने से,
मैं हूँ इक पायदान चौखट का।

आसमानों ज़मीं की बात ही क्या,
सारा आलम उदास है मेरा।
ये घड़ी दो घड़ी की बात नहीं,
वक़्त पैहम उदास है मेरा।

ज़मीं दिल के हसीं रिश्तों की बंजर हो गई अब तो,
नदी मेरे ग़मों की भी समन्दर हो गई अब तो।

गुज़र ही गया दर्दे दिल हद से आख़िर,
कि अब दर्द क्या आँख भी नम नहीं है।

ज़िया की ग़ज़लों में ग़म स्निग्ध है, लगता है ग़मों की गहरा रंग दूर तक फैला हुआ है और वो उसे भरपूर जीते हैं, शालीनता से अभिव्यक्त करते हैं , अपने परिवेश को यकायक बदल देने की जल्दी में नहीं हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि वो इस सच को आत्मसात कर चुके हैं कि ग़म ज़िदगी का अभिन्न हिस्सा है और यह बड़ी बात है।

चलो आइने से मिलो और ख़ुद को निहारो संवारो तुम्ही से ज़िया है,
थकन को उतारो न यूँ थक के हारो वफ़ा के सितारो तुम्ही से ज़िया है।

ज़िया ग़ज़ल में पारम्परिकता और कविता की आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता का कितना अथवा किन विशिष्टताओं के साथ निर्वाह कर सके हैं यह अलग विमर्श है लेकिन उनके बार में एक बात स्पष्टता से कही जा सकती है कि वो ग़ज़ल की उम्मीद हैं और उनको आगे के सफ़र के लिए मैं हार्दिक मंगलकामनाएँ पेश करता हूँ।

लेखिका = -ए.एफ़ 'नज़र'
पुस्तक - 'तुम्हीं से ज़िया है' (ग़ज़ल संग्रह)
ग़ज़लकार- सुभाष पाठक 'ज़िया'
समीक्षक - ए. एफ 'नज़र'
प्रकाशन - अभिधा प्रकाशन
मूल्य 300

स्वयंभू कवियों की नई फौज और कविता की अनुपस्थिति

■ रमेश शर्मा

त्योहारों के आते ही कस्बों, गांवों की गलियों में कवियों की नई फौज तैयार होने लगती है। यही वह मौसम होता है जब इनकी डिमांड बढ़ने लगती है। मौसम के अनुरूप कवियों की यह नई उपज लगातार अपने लिए इन्हीं अवसरों, जगहों की तलाश में भी लगी हुई दिखाई पड़ती है। ये टोली प्रतीक्षा में भी रहती है कि कहीं से कोई बुलावा आए तो वहां चलें।बुलावे पर पूरी टोली वहां उतर जाती है। कविता को फुलझड़ियों की तरह छोड़ना इनका शगल होता है। खूब चिल्ला चिल्ला कर एक ही पंक्ति को बार बार दोहराते हुए इन्हें सुना जा सकता है।कई बार कविता की एक एक पंक्ति को बहुत तेज आवाज में किसी आचार्य की तरह श्रोताओं को समझाने की कोशिश करते हुए भी इन्हें मंच पर देखा जा सकता है।

स्वयं अपने श्रोताओं से ताली बजाने का आग्रह करते हुए भी इन्हें कोई संकोच करते हुए कभी देखा नहीं गया है। कविता के नाम पर सब कुछ होता है पर दुर्भाग्य यह है कि कविता ही वहां अनुपस्थित रह जाती है । जरूरी नहीं कि जोर जोर से ताली बजाई जाए,मजे लेने के लिए वाह वाह का शोर मचाया जाए तो कविता वहां उपस्थित ही हो।कविता से वैचारिकी का गहरा संबंध है पर इस तरह के शोर शराबों से वैचारिकी का कोई संबंध हो, इस पर संदेह ही है।कविता के बहाने इस तरह के शोर शराबे के बीच कविता का अनुपस्थित होना एक विचारणीय प्रश्न है।

कविता के नाम पर आई हुई श्रोताओं की भीड़ जब अपने अपने घरों को लौटती है तो वैचारिकी के नाम पर अपने साथ वह कुछ लेकर नहीं जाती। मंच के नीचे श्रोताओं की भीड़ भूनी हुई मूंगफली के बीज गटक कर उसके छिलकों का ढेर भर वहां छोड़ जाती है।नासमझी की वजह से जिस मंचीय कविता को कविता के लिए लोकप्रिय बनाने का माध्यम समझा जाता है दरअसल उस कविता में वैचारिकी के नाम पर कुछ भी नहीं होता।वे कविता के नाम पर छोड़ी गई फुलझड़ियां भर होती हैं जहां जीवन या वैचारिकी के लिए कोई स्पेस नहीं रह जाता। वे क्षणिक मनोरंजन के लिए भर होती हैं ,वह भी सबके लिए नहीं। दुर्भाग्य से इसे ही कविता मान लिए जाने की भूल किए जाने के कारण कविता की जो शक्ति है उसका क्षरण निरंतर हुआ है और यह क्षरण दिनों दिन और तेजी से हो रहा है। वीर रस के वायवीय शोर, मंचीय फूहड़ता और तुकबंदी में रची पगी तथाकथित कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि ऐसी कविताओं के कवियों को लाखों रुपये का पैकेज देकर लोग फिर क्यों बुलाते हैं? दरअसल बाज़ार की आंखों से जब आप कला, साहित्य को आंकने की कोशिश करते हैं तब आप वैचारिकी को त्याग रहे होते हैं। बाज़ार आज के तथाकथित फायर ब्रांड नेताओं के मुकाबले गांधी को गिराने की

जितनी भी कोशिश करे , गांधी की वैचारिकी या गांधी के जीवन मूल्य आज भी कीमती हैं ।८उसका आकलन बाज़ार कभी भी नहीं कर सकता। वैचारिक कविता और मंचीय कविता के सम्बंध में भी यही बात सामने आती है। कला और साहित्य को बाज़ार की आंखों से देखने वाला कविता की वैचारिकी से कोसों दूर होता है।

वह उसे समझ नहीं सकता जिस तरह कि गांधी को लोग समझ नहीं पाते।इसे इस तरह भी समझें कि एक तरफ एक प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना का नृत्य हो और दूसरी तरफ आइटम डांस रख दिया जाए तो बाज़ार और भीड़ का रूख आइटम की तरफ ही होगा। पर क्या उससे कत्थक जैसे क्लासिकल नृत्य कला का मूल्य कम हो जाएगा? यह शाश्वत सत्य है कि जो मूल्यवान है , उसकी अमरता अक्षुण्ण है। बाज़ार की आंखों से देखकर कोई नासमझी का परिचय दे तो फिर वह उसकी समस्या है।

आज सोशल मीडिया का दौर है। सोशल मीडिया ने भी इस तरह की बिना वैचारिकी वाली कविताओं को लिखने पढ़ने वाले कवियों की नई फौज पैदा की है जो गांवों कस्बों में विभिन्न अवसरों पर मंच पर चढ़कर एक नया दृश्य खड़ा कर रहे हैं। एक बात मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि कविता अपनी वैचारिकी से कभी समाज या लोगों से दूर नहीं होती बल्कि कविता का सतहीपन उसे आत्महीन कर देता है। आत्महीन और बिना वैचारिकी वाली कविताओं के बहुत निकट आकर भी श्रोता जब अपने घरों को खाली हाथ लौटते हैं तब यह कविता के अलोकप्रिय होने का सशक्त प्रमाण है। इन माध्यमों से भी कविता को बहुत नुकसान पहुंच रहा है । बिना वैचारिकी वाली आत्महीन कविताएं ही कविता की दुनिया को धीरे धीरे दीमक की तरह नष्ट कर रही हैं यह घोर चिंता का विषय है। इस दौर में कवि हो जाना कितना आसान हो चुका है जबकि जनसरोकारिता और वैचारिकी से युक्त कविताओं का कवि कर्म आज भी बहुत कठिन है। उसके लिए आत्मा युक्त कविताओं का होना बेहद जरूरी शर्त है।

92,श्रीकुंज रायगढ़, छत्तीसगढ़
मो.7722975017

हाना

दूध अउ दुहनी दुनो गेय।

जिस बरतन में दूध निकाल के रखे जाथे तेन माटी के रथे ओ ह फूट जाथे त दूध ह घलो गिर जाथे अउ मटकी ह घलो फूट जाथे। दू चीज के नुकसान हो जाथे धन अउ वस्तु। त ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1. चूरा- हाथ के कड़ा, चूड़ा
2. चूरी- हाथ के चूड़ी, कंगन
3. चुरुआ- एक हाथ की अंजलि,चुरवा
4. चुरुक- खट्टा, थोड़ा सा
5. चुरमुरु- हाथ-पैर को सिकोड़ने की क्रिया
6. चुर्रुकहा- अत्यधिक खट्टा
7. चुरई- पका हुआ
8. चुरैना- सोडा, राख-मिट्टी को गरम पानी में घोल डुबाया हुआ कपड़ा
9. चुरोना- पकाना
10. चुरोल- पकाया हुआ।

गणेश के दस दिन

गणेश चतुर्वेथी के दिन घर-घर गणेश रखे जाथे। एक बेर भगवान शिव से मिले बर परशुराम जी आइन। गणेशजी ह भगवान शिव ले मिले बर मना कर दिस। परशुरामजी ल गुस्सा आ गे अउ ओ मन अपन फरसा ले गणेश जी के एक दांत ल तोड़ दिस। तब ले भगवान गणेश एकदंत कहिलाथे।

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान गणेश जी के जन्म भादों महीना के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी के दिन होय रहिस हे। जेन ल गणेश चतुर्थी घलो कहिथें। माने जाथे के गणेश चतुर्थी के दिन ले ही महाभारत ल लिखे के काम शुरू होय रहिस हे। महर्षि वेदव्यास ह महाभारत के रचना करे रहिस हे। महर्षि वेदव्यास ह महाभारत के रचना करे बर भगवान गणेशजी ले लिखे के प्रार्थना करे रहिस हे। फेर गणेशजी ह ओखर आगू म ये शर्त रखिस के ओ ह लिखना शुरू करही त अपन कलम ल रोकय नहीं। साथ में भगवान गणेशजी ह कहिस के अगर ओखर कलम रुक गे त ओ ह उही मेर लिखना बंद कर दिही।

ऐखर बाद महर्षि वेदव्यास ह गणेश जी ले कहिस के - भगवान गणेशजी आप विद्वान मन म सब ले आगू हावव अउ मैं साधारण ऋषि आंव। यदि मोर ले कोनो श्लोक म कोनो प्रकार के गलती हो जाए त आप मन ओला ठीक करत हुए लिख देहू।

ओखर बाद महाभारत लेखन शुरू होइस। महाभारत लिखे के काम लगातार 10 दिन तक चलिस। अनंत चतुर्थी के दिन जब महाभारत लेखन के काम ल गणेश जी ह पूरा करिस त ओखर शरीर म धूल-मिट्टी जमगे रहिस हे। तब गणेशजी ह सरस्वती नदी म स्नान करके अपन शरीर के धूल-मिट्टी ल साफ करिस। इही कारण आये के गणपति ल दस दिन बर स्थापित करथें। फेर 10 दिन के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन गणेशजी के मूर्ति के विसर्जन कर देथें।

अइसे माने जाथे के गणेश उत्सव के 10 दिन तक मन ल शांत रखना चाही। अइसे माने जाथे के जेन तरह से गणेश जी के मैल साफ होय रहिस हे वइसने हमर मन म लगे मैल के संग-संग नकारात्मक विचार ह घलो साफ हो जथे। अइसे माने जाथे के साफ मन ले श्रद्धा अउ विधि-विधान ले भगवान गणेश जी के पूजा करे ले जिनगी के सबो संकट ह दूर हो जथे। गणेश जी ह महाभारत ल अपन टूटे दांत ल कलम बना के लिखे रहिस हे। ओ जमाना म पेन तो रहिस नइये, कलम दवात रहिस हे।

घर-घर गणेश तो रखे जाथे फेर सार्वजनिक गणेश के साज-सज्जा देखे के लइक रहिथे। समसामयिक सजावट या फेर पौराणिक कथा ऊपर झांकी बनाये जाथे। अभी रायपुर म एक जगह चंद्रयान बने हावय। कोनो जगह राम-रावण हनुमान के दृश्य घलो रखे जाथे। गणेशजी के कई रूप देखे बर मिलथे।

दस दिन के बाद गणेश जी सरस्वती नदी म नहाये बर डूबे रहिस हे इही कारण ले दस दिन के बाद गणेश जी ल नदी-नरवा म डुबाये जाथे। फेर आजकल के केमिकल म रंगे मूर्ति ले हमर तरिया मन दूषित होवत हावय त मूर्ति ल नदी के बोहावत पानी म विसर्जित करे जाथे। प्लास्टर आफ पेरिस के मूर्ति मन तो जस के तस रहिथे तब छत्तीसगढ़ म अब कच्चा माटी के मूर्ति ही बनावत हावंय। अब इंहा माटी के मूर्ति ही रखे जाथे।

गणेशजी म दूबी जरुर चढ़ाये जाथे। ये दूबी बहुत दवाई के काम करथे। जब गणेश जी के पेट अउ शरीर गर्म हो जाथे तब ओमन ल दूबी ल पीस के ओखर रस निकाल के पियावत रहिन हें। इही कारण से दूबी चढ़ाये जाथे। अब तो नदिया-तरिया के जगह अधिकतर मन घर म बाल्टी या टब म विसर्जित करत हावंय अउ येखर माटी ल क्यारी या गमला म डाल देथें। पर्यावरण के सुरक्षा जरुरी हावय। सब झन घर म विसर्जन करव अउ पर्यावरण ल बचावव।

सुधा वर्मा

प्रथम पुण्यतिथि

गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत : लता खापर्डे

22 सितंबर पहली पुण्यतिथि म नमन जोहार। सुश्री लता खापर्डे बेहतरीन गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत, लगभग चार सौ गीत गा के होगिन अमर।

राजनांदगांव जिला के भरकापारा म जन्मे प्रसिद्ध लोक गायिका लता खापर्डे दस बरस के रहिन तब ले गीत गावत रहिस। छप्पन बरस के कम आयु म सरग सिधार लिन, 22 सितंबर 2022 गुरूवार रथिया हृदयाघात होय ले निधन होगे, निवास गांव म अंतिम यात्रा के कार्यक्रम सम्पन्न होइस, जेमे राज्य के लोककला संस्कृति ले जुड़े लोगन मन शामिल होय रहिन। लता खापर्डे के गीत आकासवानी अउ दूरदर्सन म सरलग रिकार्ड अउ प्रसारन होय रहिस, गायकी के संग लोकनृत्य, नाटक, लोकमंच म बेहतरीन अभिनय करयं। आप गायकी जीवन म छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के भीस्म पितामह खुमान साव ल गुरु माने ओकर मार्गदर्सन म आगु बढ़हिन। जिनगी के गाड़ी चल पड़िस। 80 के दसक ले लेके सन् 2022 तक जाने माने गायक कलाकार मन संग लगभग 400 गीत म अपन आवाज देके लता खापर्डे अमर होगे। बियस्त जिनगी होय के सेती बर बिहाव ले दूर रहिस। कभु बिहाव नई करीन तेकर पाय के आप ल सुश्री कहिके बुलाये जाथे।

संगीत कला यात्रा सुरूआत म चंदैनी गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद देसमुख के सान्निध्य में रहिके काम करिन, बाद म संगीत गुरु खुमान साव ले जुड़के गायन सैली ल सिखिन। मशहूर रंगकर्मी हबीब तनवीर के नया थियेटर ले बहुत समे तक जुड़े रहिन। इहा मंच म अभिनय के गुन सीखके नाटक के बड़े मंचन म अपन कला के प्रदर्सन करीन। सन् 2003 म गीतकार रामसरन वैश्नव संग मिलके छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था गोदना जिला नांदगांव के गठन करके स्वतंत्र रूप ले नवा मंच म गायकी सुरू करिन। गोदना संस्था म मुख्य गायिका के रूप म लता खापर्डे के नवा अध्याय शुरू होइस। ये बीच हबीब तनवीर के आसिस ले आमिर खान निर्मित सन् 2010 म बने हिन्दी फिल्म पीपली लाइव म भउजी के किरदार करे के मौका घलो मिलिस। येकर अलावा सन् 1999 म विनोद शुक्ला के उपन्यास ले बने मनी कौल निर्देसित हिन्दी फिल्म-नौकर की कमीज में भी काम करिन। रायपुर आकासवानी ले बी हाइग्रेड अऊ बिलासपुर से बिलासा दाई सम्मान से भी सम्मानित होय हव।

संगीत कला यात्रा सुरुआत म चदैनी गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद देसमुख के सान्निध्य में रहिके काम करिन, बाद म संगीत गुरु खुमान साव ले जुड़के गायन सैली ल सिखिन। मशहूर रंगकर्मी हबीब तनवीर के नया थियेटर ले बहुत समे तक जुड़े रहिन। इहा मंच म अभिनय के गुन सीखके नाटक के बड़े मंचन म अपन कला के प्रदर्सन करीन।

सीनियर फेलोसिप - सन् 2011 म केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ी विवाह गीत में रिसर्च करे खातिर सीनियर फेलोसिप दिये गे रहिस। आप राज्य म विवाह गीत म नवा प्रयोग करके विवाह संस्कार रस्म ल जिन्दा रखे के जबर बुता करे हव। लता खापर्डे छत्तीसगढ़ अऊ आसपास के अन्य प्रदेस के संग सन् 2000 म जर्मनी, रूस, कनाडा, फ्रांस म पंद्रह दिन के विदेस यात्रा म रहिन, जिहां 'कामदेव का अपना बसंत ऋतु का सपना' जइसे बड़े नाटक के मंचन म अपन कला दिखाइन। लता खापर्डे के गाये प्रमुख गीत म लागे रहिथे दीवाना, जंगल-जंगल झाड़ी-झाड़ी, मया होगे रे, बंसी वाले ल कहि देबे..., रचे स्वयंवर जनकपुरी म..., बांस डोगरी जाबो..., तोला का गोदना, मारे नजरिया के बान..., मोर धनी गेहे परदेस..., बांस डोगरी जाबो, काला मया किथे, आ जबे हीरा मोर, मोर राजा कइसे रे माते- ये गीत मन आज भी लोगन के मन म बसे हे। देहांत के दू दिन पहली भी नवरात्रि पर्व बर जस गीत के रिकार्ड होय रहिस। लता खापर्डे के पहली पुण्यतिथि म सादर नमन जोहार।

देव हीरा लहरी, चंदखुरी फार्म, रायपुर

रामधुन

छत्तीसगढ़ के संस्कृति अउ कला ह अड़बड़ विस्तृत अउ सुघ्घर हे। छत्तीसगढ़ के लोक कला अउ संगीत के अड़बड़ अकन ले रूप देखेंब मिलथे, पंडवानी, रामायन, जसगीत, नाटक, पंथी नृत्य, भरथरी, बांसगीत, देवार गीत, करमा, सुवा, ददरिया सबो के अपन-अपन अलग-अलग विशेषता हे, अलग-अलग पहिचान हे। ए सबो विद्या मन ह संघर के हमर लोक कला अउ संस्कृति ल सुरुज देव के किरण सहीं जगजग ले उज्जर अउ प्रकाशवान बनाथे। इही सबो म एक विधा हमर छत्तीसगढ़ी लोककला म आथे, ए विधा हे रामधुनी जेला स्थानिय भाखा म रामछत्ता तको कहिथे। रामछत्ता के एकठन अलगे युनिक पहिचान हे। ओ हे कोई भी वाक्य के बाद, गाना म राम भगवान के नाम लिये जाथे। सुघ्घर नृत्य, संगीत, गायन, अउ झांकी के माध्यम ले सुघ्घर भगवान मन के लीला जइसे, तारकासुर वध, शिव पारवती बिहाव, बाली वध, सीता हरण, रावन वध, महाभारत के अड़बड़ अकन ले कहानी, सती सावित्री के कथा, मंदोदरी जनम, सीता जनम, महिसासुर वध, हिरन्यकश्यप वध, जईसे अड़बड़ अकन ले कथा सुनाए जाथे, दिखाए जाथे। एकर प्रसतुतिकरण ह जबर सुघ्घर अउ एकदम आकृष्ठ रहिथे। तेकर सेती दर्षक दिरघा मन तको रामछत्ता ल एकदम एक्टक लगाके, सुघ्घर धियान लगाके कथा ल सुनथे, अउ देखथे।

अब रामछत्ता के दू ठोक रूप देखेंब मिलथे-1. झांकी वाला, 2. दूसर सादा वाला,3. नृत्य पक्छ वाला।

झांकी वाला में कथा ल सुग्घर सुने के संगे संग देखे के सुघ्घर आनंद मिलथे। कथा के सबो किरदार मन ल संऊहे आघू म देख के मन ह एकदम गदगद अउ प्रफुल्लित हो जाथे। एमा संगीत, गायन, अउ झांकी, नृत्य के सुघ्घर अनेक प्रकार के देखेबर मिलथे।

सादा वाला रामछत्ता म कथा के संगे संग केवल नृत्य रहिथे। ये विधा म रामधुनी पार्टी मन नृत्य म जबर मेहनत करथे अउ अपन प्रस्तुति देथे। नृत्य मन अतेक सुघ्घर रहिथे कि दर्शक मन ह काहथे रहिथे कि कतेक देर गाना चालू होही अउ इंकर मन के नाचा चालू होही कहिके।

रामछत्ता म गायक के अड़बड़ महत्वपूरण रोल रहिथे, काबर उही हे जोन ह सुघ्घर कथा ल लयबद्ध बताथे, संग म गायन तको करथे। इही गायक ऊपर सबो दारोमदार रहिथे। कथा चालू करे के पहिली सुघ्घर पहिली भगवान गनेश के सुमिरण करथे, ओकर बाद मां स्वरस्वती, मां दुर्गा काली के, अउ मां भारती दाई के सुघ्घर सुमिरण करथे आरती करथे, तेकर बाद ही कोनो भी कथा कहानी के शुरुवात करे जाथे।

रामछत्ता के आयोजन कराये के एकेच ठन उद्देश्य रहिथे सबो गांव वाला मन एक जगा जोरियाय अउ भगवान भक्ति म लीन हो जाये कहिके, जतेक दिन भी ए कार्यक्रम ह चलथे ओतेक दिन गांव म भक्ति के भव सागर म डूब जाये रहिथे।

गनेश्वर पटेल

जंगल मा गणेशोत्सव

दू महीना पहिली के बात आए। गप्पू गिधवा अउ बंटी बेंदरा म बिकट के लड़ई होगे रहिस। बात ह जादा बड़े नोहे फेर काय कर बे कभू-कभू पक्का मति ह हरा जथे ।नानपन के दुनों झन पक्का संगवारी राहय । दुनों झन संघरा रुख राई म कूदत नाचत राहय । फेर एक दिन दुनों नदी नहाए बर गिस, नदी तीर बिछ्छल म बेंदरा के पांव काई म परिस त वोहा बिछल के भदाक ले गिरगे । गिधवा हा मुंह फार के हांसे बर धर लीस । गप्पू गिधवा ह उड़ उड़ के सबो जानवर मन ल बताइस । सबोझन बंटी बेंदरा ल देख देख के भारी खिल्ली उड़ाईस । बंटी बेंदरा ह खिसियागे धीरे-धीरे बंटी बेंदरा ह गप्पू गिधवा ल अपन दुश्मन समझे बर धर लीस। दुनों के अनबोलना होगे ।बंटी अउ गप्पू के ददा मन घलो बड़ समझाइश फेर दुनों लइका मन मुंह फूलोय रहीस अउ नई गोठियइस । एक दूसरे ल देख के मुंह ल अइठे । कतकों जन जलनखोट्टा मन एक दूसर के कान ल फूंके बर धर लिस। धीरे-धीरे जंगल के चिरई चिरगुन मन एकजुट होगे अउ जानवर के लइका मन के दूसर गुट बनगे। आये दिन वो मन एक दूसर के खिल्ली उड़ाय तहां मरत ले झगरा होवय। रात-दिन के झगरा ले जंगल के सियान मन हलाकान होगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विकास नगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे, उनमें जल जीवन मिशन अंतर्गत 26.03 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 24 ग्रामों की नल जल प्रदाय योजना, बटराली से चेरबेड़ा तक 17.30 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सड़क मार्ग निर्माण, पुसपाल से मुखामारी तक 6.57 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सड़क एवं पुल पुलिया, कोण्डागांव में 6.53 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक बस स्टैण्ड, कोण्डागांव में 06 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी, कोण्डागांव में 2 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित आदिवासी विश्रामगृह भवन के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री बघेल जिन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे उनमें अमृत मिशन अंतर्गत कोण्डागांव में जलापूर्ति हेतु 87 करोड़ 81 लाख रूपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य, हड़ेली से कुधुर तक 26 करोड़ 04 लाख रूपये की लागत से पुल पुलिया सहित बनने वाली सड़क, 24.23 करोड़ रूपये की लागत से 18 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित होने वाली नल जल प्रदाय योजना, चौड़ग से चलका तक 07 करोड़ 18 लाख रूपये लागत से पुल पुलिया सहित निर्मित होने वाली सड़क, मालाकोट बड़ेपारा से किबई बलेंगा तक 06 करोड़ 67 लाख रूपये लागत से पुल पुलिया सहित बनने वाली सड़क, 70 ग्रामों में चौक चौराहों की प्रकाश व्यवस्था हेतु 03 करोड़ 72 लाख रूपये लागत से लगने वाले सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, धनोरा में 03 करोड़ 44 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाला आई.टी.आई भवन एवं 01 करोड़ 91 लाख रूपये के लागत से बनने वाला आई.टी.आई छात्रावास भवन शामिल है।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न 61 नियमित पदों पर नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र, राजस्व विभाग में विभिन्न 15 नियमित पदों पर नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र, रोजगार विभाग द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंपों के माध्यम से विभिन्न संस्थानों के लिए चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण, रोजगार मिशन अंतर्गत रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित जिले के 193 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

इसी तरह मुख्यमंत्री बघेल 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के तहत कोंडागांव वन मंडल के 681 हितग्राहियों को टिश्युकल्चर बांस, सागौन एवं क्लोनल नीलगिरी के पौधरोपण हेतु 61 लाख 60 हजार रुपए का अनुदान, विदोहित इमारती लकड़ियों के विक्रय उपरांत प्राप्त राजस्व के 20 प्रतिशत लाभांश राशि के तौर पर 44 वन प्रबंधन समितियों को 12 करोड़ 45 लाख रुपए का वितरण करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यक्रम में मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग इकाई कोकोड़ी में मक्का खरीदी का शुभारंभ भी करेंगे। गौरतलब है कि कोण्डागांव जिले के ग्राम कोकोड़ी में 140.67 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन मक्का आधारित ईथेनॉल संयंत्र में विभिन्न सेक्शंस का ट्रायल एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। टेस्टिंग के लिए आवश्यक मक्के के लिए आज से समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ की जा रही है। अब यहां के स्थानीय किसानों को समितियों के साथ प्लांट में मक्का विक्रय की सुविधा भी मिलेगी। मक्के की खरीदी के लिए मोबाईल एप्प भी बनाया गया है, जिससे किसानों को टोकन के लिए कहीं जाने की जरुरत नहीं होगी और निश्चित समय पर वे अपना मक्का बेच सकेंगे।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

बागबाहरा, 23 सितम्बर (देशबंधु)। रेलवे स्टेशन बागबाहरा के प्लेटफार्म नंबर 1 के पटरी में ट्रेन में कटने से नगर के एक युवक की मौत हो गई। बागबाहरा पुलिस ने रेलवे कर्मचारी की सूचना पर थाने में मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया है। इस मामले की विवेचना थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरीप सोना कर रहे हैं।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड न. 04 थाना पारा निवासी युवक श्रीकांत दीवान 32 वर्ष पिता पाण्डुराम दीवान सुबह लगभग 11 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न. 1 के कोमाखान की ओर जाने वाले पटरी में सो गया। कुछ देर बाद वहाँ से एक ट्रैन गुजरी। जिससे उक्त युवक की ट्रेन में कटने से मौत हो गई। युवक की लाश ट्रेन में कटने से तीन अलग-अलग भागों में बंट गया था। उक्त मृतक युवक को मानसिक रोगी बताया जा रहा है। बागबाहरा पुलिस ने रेलवे कर्मचारी की सूचना पर थाने में मर्ग कायम कर लाश का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराकर शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले को विवेचना में लिया है।

गुलझर के जंगल में आदिवासी पति-पत्नी की लाश मिलने से गांव में फ़ैली सनसनी

बागबाहरा, 23 सितम्बर (देशबंधु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोथा के आश्रित वनांचल ग्राम गुलझर के जंगल में आज शनिवार 23 सितंबर को अपरान्ह 12 बजे आदिवासी पति-पत्नी की लाश मिलने से गांव में सनसनी फ़ैल गई। दोनों की लाश गांव के जंगल में ग्रामीणों ने मृत अवस्था में पड़े हुए देखे। फ़िलहाल मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतकों के पुत्र राजा बाबू कमार एवं गांव वालो की सूचना पर बागबाहरा पुलिस ने थाने में मर्ग कायम एवं पंचनामा करके लाश को चीर घर बागबाहरा में लाकर रखा गया है। दोनों लाशों का पोस्टमार्टम कल रविवार 24 सितंबर को किया जाएगा।

बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत भोथा के आश्रित वनांचल ग्राम गुलझर के जंगल में आज शनिवार 23 सितंबर को अपरान्ह 12 बजे जंगल गए ग्रामीणों ने गांव की आदिवासी मृतिका श्रीमती लक्ष्मी बाई कमार 49 वर्ष पति भाऊ राम कमार एवं उसके मृतक पति भाऊ राम कमार की लाश को जंगल में मृत अवस्था में पड़े हुए देखे। तथा इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि नेहरुलाल चक्रधारी , पूर्व सरपंच गोविन्द सिंह ठाकुर, मधुलाल ठाकुर, रमेश ठाकुर को बताया। ततपश्चात इस घटना की रिपोर्ट मृतकों के पुत्र राजा बाबू कमार एवं गांव के प्रमुखों ने थाने में मर्ग कायम कराया। पुलिस ने बताया कि दोनों पति-पत्नी मृतक 20 सितंबर की सुबह 08ञ्30 बजे से घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। जिसकी खोजबीन घर एवं गांव वालों द्वारा लगातार किया जा रहा था। इसी खोजबीन के दौरान गांव के कुछ लोग लकड़ी लेने जंगल की ओर गए थे। तब ग्रामीणों ने उक्त आदिवासी पति-पत्नी को आज शनिवार को अपरान्ह 12 बजे मृत अवस्था में जंगल में पड़े हुए देखे। तब इस घटना की रिपोर्ट गांव वालो ने थाने में आकर कराई। पुलिस ने सूचनाकर्ता की रिपोर्ट पर ठाणे में मर्ग कायम कर एवं पंचनामा करके दोनों शवों को चीरघर बागबाहरा लाया गया है। जिसका पोस्टमार्टम कल रविवार की सुबह किया जाएगा। बहरहाल बागबाहरा पुलिस इस मामले को विवेचना में लेकर जाँच पड़ताल कर रही है।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को किया जाएगा याद

- स्कूलों और सामुदाय की भागीदारी से होंगे विविध कार्यक्रम
- दिल्ली में अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने में प्रत्येक गांव से जाएगी मिट्टी

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत में स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए गुमनाम नायकों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि देने और विद्यार्थियों को ऐसे वीरों के जीवन से परिचित कराने के उद्देश्य से राज्य के समस्त स्कूलों में वीरगाथा एवं ''मेरी माटी मेरा देश'' से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक गांव से मिट्टी लेकर उसे विकासखण्ड व जिले से होते हुए कलश यात्रा के माध्यम से दिल्ली भेजा जाएगा। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली में अमृत वाटिका उद्यान विकसित करने के लिए किया जाएगा।

''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत शामिल गतिविधियों में अपने क्षेत्र में वीर सेनानियों के स्मारक बनाकर उनका स्मरण करना, स्वंतत्रता संग्राम सेनानी और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित करना है। समुदाय के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्रगान एवं झण्डावंदन किया जाएगा। सभी सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त स्कूलों में बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय डाकघर से झण्डा क्रय करते हुए झण्डे के साथ अधिक से अधिक बच्चों एवं समुदायों को शामिल कर प्रभात फेरी निकाली जाएगी। खेलकूद, गेड़ी दौड़, स्थानीय खेलकूद, नाटक, रोल प्ले आदि का आयोजन होगा। महान व्यक्तित्व एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित मुद्दों पर निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर, मूर्तिकला एवं रंगोली आदि से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। देशभक्ति गीत, कविता एवं गायन प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं समुदाय के विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित कर उनका उद्बोधन सुना जाएगा।

द्वितीय चरण में इस कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर के नेतृत्व में 30 सितम्बर के पहले सभी गांवों एवं वार्ड से स्थानीय स्तर पर मिट्टी को एकत्र कर उसका संकलन किया जाएगा।

NECC

24.09.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.10	85	170
चिल्हर	6.50	100	195

डिलीवरी 525 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

टीचर: वैलेंटाइन का विरोधार्थी शब्द है क्या है ?
स्टूडेंट- क्वारंटाइन
टीचर- कैसे
स्टूडेंट - वैलेंटाइन में दो व्यक्ति चिपक कर बैठते हैं। और क्वारंटाइन में दूर-दूर।

बकाया राशि जमा नहीं करने पर संजय बाजार की 4 दुकानों को किया गया सील

आयुक्त के इस कार्रवाई से बकाएदारों में मचा हड़कंप

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर नगर निगम राजस्व विभाग के द्वारा दुकानों की धोष विक्रय राशि जमा नही करने वाले दुकानदारों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को संजय बाजार में चार दुकानदारों को जिन्होंने लगातार नोटिस देने के पश्चात भी घोष विक्रय राशि जमा नहीं करने पर निगम राजस्व विभाग के द्वारा दुकान सील करने के कार्रवाई किया गया । निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई से दुकानों का बकाया नहीं पटाने वाले दुकानदारों में हड़कप मचा हुआ है। संजय बाजार में जिन दुकानों को सील किया गया जिसमें मीना कुमारी दुकान नंबर वाय 18 ,रेशमा बानो दुकान नंबर पी 1 ,नसीम बानो दुकान नंबर पी 2 ,विजय नाहटा दुकान नंबर 22 कुल चार दुकानदारों ने बरसों से घोष विक्रय राशि नहीं पटाया । निगम राजस्व विभाग के द्वारा संबंधित दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया था । राशि नहीं पटाने वाले चार दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया था। इसके पश्चात आज सील करने की करवाई किया गया तथा आगामी 26 सितंबर तक राशि जमा नहीं करने पर उक्त चारों दुकान को निरस्त करते हुए उनकी राशि राजसात कर दी जाएगी । ज्ञात हो कि आयुक्त हरेश मंडावी राजस्व विभाग की लगातार राजस्व वसूली एवं दुकानों की बकाया राशि व किराए राशि के संबंध में समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिए थे । आयुक्त श्री मंडावी के द्वारा लगातार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

ताड़मेटला कथित फर्जी मुठभेड़ के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने किया जिला बंद, बंद का व्यापक असर

सुकमा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। ताड़मेटला पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के द्वारा शनिवार को एक दिवसीय सुकमा जिला बंद का आवाहन किया था, सुबह से ही सभी व्यापारिक प्रतिष्ठाने बंद रही। जिले भर में बंद का व्यापक असर देखने को मिला।

ज्ञात हो कि 5 सितंबर को ताड़मेटला पुलिस नक्सली मुठभेड़ दो लोगों को पुलिस ने इस मुद्दे में मार गिराया था। वहीं इस मुद्दे के बाद से ही विवाद गहरा हुआ है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों लोग ताड़मेटला गांव के ग्रामीण है। इस घटना की बाद से जिले भर में आदिवासी समाज एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लगातार इस घटना की निंदा करते हुए विरोध किया जा रहा है। सर्व आदिवासी समाज के द्वारा भी इस घटना को लेकर धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर ज्ञापन सौप चुके है तो, वहीं शनिवार को एकदिवसीय बंद व धरना प्रदर्शन करते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की गई। इस घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगों को लेकर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं करती है तो आने वाले दिनों में इन सर्व आदिवासी समाज के द्वारा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। छिंदगढ़ युवा संगठन ब्लॉक अध्यक्ष सुखराम नाग ने बताया कि ताड़मेटला मुठभेड़ में आदिवासी समाज के दो युवकों को फर्जी मुद्दे में मार गिराया है। इन लोगों के न्याय की मांग को लेकर आज सुकमा जिले में बंद का आव्हान कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। हमारी मांग है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने ने कहा कि इससे पूर्व में भी सुकमा एवं बस्तर के अंदर इस तरह के फर्जी मुठभेड़ हुए हैं हमारी मांग है कि इस प्रकार के फर्जी मुठभेड़ बंद किया जाए। कोया कुटुमा समाज के जिला अध्यक्ष विष्णु कवासी ने कहा कि इस मुठभेड़ में मारे गए पीड़ित परिवार एवं घटनास्थल जाने के लिए सर्व आदिवासी समाज का दल को जाने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपने सगे संबंधियों से भी मिलने के लिए जाने नहीं दिया जाना यह कहां का न्याय है। यह मुठभेड़ पूरी तरह से फर्जी मुठभेड़ हैं क्योंकि दोनों युवा गांव में ही रहकर किराना दुकान का व्यवसाय एवं ट्रैक्टर व खेती बड़ी करके अपना जीवन यापन करते थे। उन्होंने कहा कि हम आज एक दिवसीय जिला बंद कर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाए और जांच के बाद दोषियों पर कड़ी से कड़ीं कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इसके बाद भी इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं करती है, तो आने वाले समय को सर्व आदिवासी समाज के द्वारा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी।

मुठभेड़ की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करने की मांग, सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं करेगी तो उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

सड़क के अभाव में कॉलोनीवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी

बारिश के चलते हुए कीचड़ और फिसलन से दो पहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटना के शिकार

जगदलपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी वार्ड में स्थित पुलिस विभाग के आवासीय कॉलोनी में सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष कर बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह से कीचड़ से पट जाता है। फिसलन की वजह से दो पहिया वाहन चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस कॉलोनी में लगभग 700 चार्टर बने हुए हैं जिसमें ढाई हजार से अधिक लोग रहते हैं वहीं इस कॉलोनी के पीछे पुरानी बस्ती भी है वे लोग भी इसी सड़क से आना-जाना करते हैं। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन के द्वारा सड़क निर्माण के प्रति उदासीनता के चलते लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। भारतीय जनता पार्टी शासनकाल में यह कॉलोनी का निर्माण हुआ था। लगभग 5 वर्षों से इस कॉलोनी में लोग रह रहे हैं। कॉलोनी के रह वासियों ने बताया कि 5 वर्ष भी जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य अब तक नहीं हुआ है और राष्ट्रीय राजमार्ग से कॉलोनी पहुंच मार्ग भी नहीं बना है और ना ही कॉलोनी के अंदर सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़क के नहीं बनने से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साइकिल और दो पहिया वाहन चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वही कॉलोनी पहुंच मार्ग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

ग्राम पंचायत भवन की हालत जर्जर

जगदलपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। वर्षों पुराने ग्राम पंचायत भवन की हालत काफी जर्जर हो गई है। पंचायत का कामकाज और ग्रामसभा बैठक का आयोजन बाहर खुले आसमान तले करना पड़ रहा है। ऐसे हालात में गांव का विकास और ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने में परेशानी हो रही है। यह राम कहानी ग्राम पंचायत मोहलई की है। ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि शिकायत करते - करते थक चुके हैं, मगर जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। बकावंड ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहलई का पंचायत भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह भवन दशकों पहले बना था। निर्माण के समय न कॉलम खड़ा किया गया, न ही नींव को मजबूत बनाया गया। प्लास्टर और छत ढलाई में भी जमकर लापरवाही बरती गई थी। नतीजतन भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है और हिलने भी लगा है। पंचायत भवन की छत और दीवारों का प्लास्टर उधड़ रहा है, छत की छड़ें बाहर निकल आई हैं। दरकी हुई छत से बरसात का पानी टपकता है और दीवारों में सीलन भी आ जाती है। बारिश के मौसम में इस भवन के अंदर पल भर भी बैठा नहीं जा सकता। जब बरसात हो रही होती है, तब ग्राम पंचायत व ग्रामसभा की बैठक किसी अन्य जगह पर आयोजित करनी पड़ती है। सूखे मौसम में भी पंचायत भवन के अंदर बैठकर ग्राम पंचायत का कामकाज निपटाना आसान काम नहीं होता। खतरे का साया हर पल मंडराते रहता है। भवन कब धराशयी हो जाए, कहा नहीं जा सकता। इस डर के कारण ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच और कर्मचारी वहां घुसने का साहस नहीं जुटा पाते। भयभीत पंच सरपंच और कर्मचारी ग्रामीणों के घरों के आंगन में बैठकर सारा काम निपटाते हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि पंचायत के नुमाइंदे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

भवन के बाहर बैठक लेना मजबूरी

अमृत मिशन योजना का लाभ शहरवासियों को मिलेगा जल्द

महापौर, आयुरक्त के लगातार समीक्षा से अमृत मिशन योजना के कार्य में आई तेजी

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के तहत अमृत मिशन का कार्य को पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसी के द्वारा कार्य किया जा रहा है। अमृत मिशन योजना को पूरा करने का संबंधित एजेंसी एवं निगम के संबंधित अधिकारियों को तय सीमा में पूरा करने के लिए सतत मॉनिटरिंग किया जा रहा है। महापौर सफीरा साहू व आयुक्त हरेश मंडावी इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करते हुयें अमृत मिशन के कार्य की समीक्षा कर रहे हैं । अमृत मिशन का कार्य शहर में दिन रात तेजी से किया जा रहा है ।

अमृत मिशन योजना के इंटेक वेल का कार्य जिसमें इलेक्ट्रोमैकेनिकल एवं सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रॉ वॉटर पाइपलाइन जिसका लक्ष्य 2.26 किलोमीटर था उस पाइपलाइन के लक्ष्य को टेस्टिंग के साथ पूरा कर लिया गया है । साथ ही 35 एमएलडी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सिविल कार्य एवं इलेक्ट्रोमैकेनिकल सहित कार्यों को लगभग 92 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है साथ ही शेष कार्य प्रगतिरत है। अमृत मिशन योजना में शहर में 6 उच्च स्तरीय जलागार का कार्य मे 5 उच्च स्तरीय जलागार का कार्य टेस्टिंग सहित पूर्ण कर लिया गया है वही एक का कार्य प्रगतिरत है।

नवनिर्मित एवं विद्यमान टंकियां को फिड करने वाली फीडर मेंन पाइपलाइन कुल 23.33 किलोमीटर का कार्य था जिसमें 22.50 किलोमीटर पाइपलाइन शहर में बिछाए जाकर टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष कार्य प्रगतिरत है ,साथ ही शहर के वार्डो में डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य 249.92 किलोमीटर था जिसमें 195.10 किलोमीटर पाइपलाइन शहर के वार्डो में बिछाई जा चुकी है। साथ ही अन्य वार्डो में बिछाने का कार्य तेजी गति से किया जा रहा है । अमृत मिशन का महत्वपूर्ण कार्य घरेलू नल कनेक्शन सहित मीटर स्थापना का कुल लक्ष्य 24332 नग था जिसमें 15000 नग घरेलू नल कनेक्शन सहित मीटर स्थापना का कार्य किया जा चुका है । महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने बताया अमृत मिशन का कार्य तेजी गति से चल रहा है जल्द ही इस योजना का लाभ शहर वासियों को मिलेगा । संबंधित एजेंसी दिन-रात कार्य कर रही है। हम जल्द ही इस योजना को प्रारंभ कर देंगे ।

विधायक ने सूदूरवर्ती संवेदनशील दरभा में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। सुदूर भारती दरभंगा विकासखंड में विधायक आरक्षण जैन ने विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। परदेसिन माता की जयघोष के साथ 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित माता गुड़ी का लोकार्पण किया एवं 10 लाख 42 हजार रुपए की लागत से सोनमती घर से जयदेव घर तक बनने वाले 260 मीटर सीसी सड़क का भूमि-पूजन किया।

इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप सूदूरवर्ती संवेदनशील दरभा क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल रहा है और हमारी सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप आज दरभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है। दरभा में पुल , पुलिया,सी सी सड़क,आर सी सी नाली,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल,माता गुड़ी जीर्णोद्धार, पेयजलापूर्ति कार्य किया गया है जिससे की आज इस क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है और हर व्यक्ति एक ही नारा लगा रहा है च भूपेश है तो भरोसा है च। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यह क्षेत्र उपेक्षित था तथा विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ था पर हमारी सरकार बनाने के बाद विकास के जो कार्य किए गए हैं उससे लोगों का कांग्रेस सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है।

जगदलपुर। केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति मामले एवं जल शक्ति नियोजन विश्वेश्वर टुडू का आगमन शनिवार को जगदलपुर के माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट में हुआ ,कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत।

व्यापारी संघ, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर व निगम अमले के साथ आयुक्त ने चलाया संजय बाजार में स्वच्छता अभियान

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा के तहत चलायें जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा में शनिवार को शहर के संजय बाजार में बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाकर व्यापारियों व लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता का संकल्प दिलाया गया । स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शहर के संजय बाजार में आयुक्त हरेश मंडावी के नेतृत्व में बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाकर व्यापारियों को साफ सफाई के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया । आयुक्त हरेश मंडावी के साथ स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ,युवोदय के वॉलेंटियर ,संजय बाजार के व्यापारी गण एवं नगर निगम की स्वच्छता दीदीयों के द्वारा ने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया । एवं व्यापारियों से कचरा न डालने की अपील किया । आयुक्त श्री मंडावी ने संजय बाजार में सफाई अभियान के पश्चात बाजार परिसर में घूम कर थोक व्यापारी व फुटकर सब्जी विक्रेताओं से साफ सफाई के प्रति जागरूक रहने वह अपने दुकानों का कचरा निगम के वाहनों में डालने की बात कही तथा निगम का सहयोग करने की अपील करते हुए शहर की सफाई व बाजार के सफाई में सहयोग करने की बात कही । स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता पखवाड़ा शहर में लगातार चलाए जाकर सफाई के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इस अभियान में पार्षद योगेंद्र पांडे,स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डीके पाराशर ,अजय पाल ,प्रभारी स्वच्छता अधिकारी हेमंत श्रीवास ,सुशील कर्मा,व निगम के कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

शहर के थोक दवाई विक्रेता से 2 करोड़ से अधिक राशि की ठगी करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के थोक दवा विक्रेता मयंक बजाज ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शरद पाण्डे प्रोपराईटर स्वास्तिक मेडिकल एजेंसी रायपुर द्वारा समय-समय पर दवाई की खरीदी की जाती रही। जिसके बाद वर्ष 2019 से शरद पाण्डे द्वारा बड़ी मात्रा में दवाईयों की खरीदी किया गया और शरद पाण्डे ने प्रार्थी को एकाएक उधार की रकम देना रोक दिया,जो आज तक कुल 26801924/-रूपये की राशि का भुगतान नहीं कर, ठगी किया है । रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कोतवाली में धोखाधड़ी 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। आरोपी शरद पाण्डे प्रोपराईटर स्वास्तिक मेडिकल एजेंसी रायपुर को पकड़ा गया है जिससे पूछताछ करने पर मयंक बजाज प्रोपराईटर धनराज एजेंसी गोल बाजार से बड़ी मात्रा में दवाईयों की खरीदी कर, दवाईयों का भुगतान राशि नहीं देना स्वीकार किया है जिसे विधिवत् गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

जगदलपुर विस क्षेत्र के 6 हाईस्कूलों का हायर सेकंडरी में हुआ उन्नयन

- राज्य सरकार ने पदों की भी दी स्वीकृति, 6 स्कूलों में 54 पदों पर भी होगी भर्ती नियुक्त
- अभिभावकों की मांग पर मुख्यमंत्री बघेल को विधायक जैन ने दिया था प्रस्ताव, विधायक ने सीएम का माना आभार

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के स्कूलों के उन्नयन की सूची जारी की। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के छह हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन करने का आदेश जारी किया गया है। विधानसभा क्षेत्र के जिन छह हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन किया जाना है, उनमें नेतानार, पोड़ागुड़ा, तुरेनार, पनारापारा (प्रवीर वार्ड), भैरमगंज (सुभाष वार्ड) तथा बान्डापारा सम्मिलित हैं। इन स्कूलों के उन्नयन का प्रस्ताव संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बस्तर प्रवास के दौरान दिया था। विधायक की इस पहल से प्रसन्न अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी है। विधायक ने हाई स्कूलों के उन्नयन के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षा मंत्री रवींद्र चौबे का आभार माना है। उन्नयन शालाओं के साथ पद संरचना की सूची भी जारी की गई है।

54 पदों पर होगी भर्ती- नियुक्ति

इनमें से प्रत्येक स्कूल में 4 व्याख्याता के साथ शिक्षक, सहायक शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड तीन व भृत्य नियमित के एक- एक पद भी स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के इन छह स्कूलों में 54 पदों पर भर्ती- नियुक्ति होगी।

भूपेश है तो भरोसा है : जैन

हाईस्कूलों के हायर सेकंडरी में उन्नयन पर विधायक श्री जैन ने कहा है कि सीएम भेंट- मुलाकात के कार्यक्रम में जब नानगुर आए थे तो उन्होंने यह प्रस्ताव दिया था। मांग पूरी होने से छात्रों समेत क्षेत्र के लोगों, स्कूल प्रबंधनों व अभिभावकों में अत्यधिक खुशी है। भूपेश है तो भरोसा है, की बात एक बार पुनः साकार हुई है।

जोन स्तरीय टीएलएम मेला अलनार में संपन्न

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बच्चों में वैज्ञानिक अभिप्रेरणा के लिए छग सरकार की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चे शामिल हुए। साथ ही प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक गणित एवं विज्ञान टीएलएम के साथ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालयों में किए जाने वाले नवाचार को मेले में साझा किया गया। इस प्रकार का कार्यक्रम बच्चों के विज्ञान अभिरुचि के प्रेरणा के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के संयोजक चारों संकुल केंद्र के समन्वयक भूपेश पानीग्राही , सरोज सेठिया, रमेश सोनी , रुधिर जोशी रहे। पी जी राव, सुखबीर सिंह नेगी ,सतीश शर्मा मनीष अहीर मुख्य निर्णायक थे। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक की महेश सेठिया ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें गणित और विज्ञान के नए मॉडल बनाने को प्रेरित किया। मेगा क्लस्टर से चयनित माडल का प्रदर्शन विकासखंड स्तर पर किया जाएगा। मिडिल स्कूल गणित टीएलएम में प्रथम इमरान खान पुमाशा बड़े मुरमा, विज्ञान टीएलएम प्रथम प्रेम नायक बड़े कव्वाली, विज्ञान प्रश्न मंच प्रथम प्रतिभा दुखी बड़े मुरमा, प्राथमिक शाला गणित टीएलएम में प्रथम राज प्रताप मिंज, प्राशा चिलकुटी, विज्ञान टीएलएम में प्रथम राजेश कुमार प्राशा बुरकली , विज्ञान प्रश्न मंच प्रथम जनक राम प्राशा बड़े कव्वाली रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश शर्मा ने किया।

इंडियन स्वच्छता लीग के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य जांच

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के तहत इंडियन स्वच्छता लीग के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें नगर निगम के स्वच्छता विभाग के कर्मचारी ,स्वच्छता दीदीयों ,वाहन चालकों एवं उनके परिवारों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मोबाइल यूनिट में स्वास्थ्य जांच किया गया । इंडियन स्वच्छता लीग 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है, जिसमें साफ सफाई को लेकर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । साफ सफाई को लेकर शहर की जनता में जन जागरूकता लाने की कड़ी में 20 एवं 21 सितंबर को श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत कर्मचारियों व उनके परिवार जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में स्वास्थ्य जांच के अलावा प्रधानमंत्री आवास ,स्मार्ट कार्ड ,एन यु एल एम ,श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं के पंजीयन कर व शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर हेल्थ कार्ड भी बनाया गया ।

प्रादेशिकी का शेष...

बकाया राशि जमा नहीं ...

समीक्षा कर दुकानदारों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं जिससे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। आयुक्त के निर्देश पर निगम राजस्व अमला राजस्व वसूली कार्रवाई में तेजी लाते हुए लगातार कार्य कर रहा है। आज की इस कार्रवाई में राजस्व विभाग के राकेश यादव ,दिनेश सिंह ,हरिद्वार मिश्रा ,मुन्ना नायक व अन्य उपस्थित थे ।

सड़क के अभाव में ...

और कॉलोनी के रास्तों पर भी विद्युत प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने से अंधेरा पसरा रहता है। कॉलोनी के नलों में भी स्वच्छ पानी नहीं आता है। फिल्टर किए बिना जल का उपयोग करना भी संभव नहीं है। मटमैला पानी के आने से जल जनित रोग का खतरा भी बना हुआ है। क्षेत्र की समस्याओं से वार्ड के पार्षद को कई बार अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है जिसके चलते क्षेत्र वासियों में नगर निगम और जिला प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

ग्राम पंचायत भवन की...

ग्राम विकास को किस तरह और किस हद तक अंजाम दे पाते होंगे।

विधायक को दे चुके हैं कई आवेदन

पंचायत भवन की मरम्मत और नव निर्माण पर क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जनपद सीईओ नहीं दे रहे हैं ध्यान

मजबूरी में ग्रामसभा बैठक व पंचायत की मीटिंग पंचायत भवन के बाहर की जा रही है। अभी बरसात के दिनों में बाहर बैठक करने में ग्रामीणों और सरपंच पंचों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सरपंच बीरनाथ ने जनपद पंचायत बकावंड के सीईओ को कई बार आवेदन भवन की दशा से अवगत करा चुके हैं, लेकिन ग्राम पंचायत भवन के लिए कुछ भी आज तक नहीं हुआ है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग (आरईएस) के अधिकारियों से भी इस बाबत फरियाद की जा चुकी है, मगर वे भी कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। बताया गया है कि नया भवन बनाने के लिए आरईएस की ओर जनपद पंचायत में प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव पर आज तक विचार नहीं किया जा सका है।

गांधी दर्शन क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता रैली

अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 पर विचार संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को गाँधी दर्शन क्लब के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली एवं अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में विषय ङ मिलेट्स का पोषण में महत्त्व पर विचार संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे । अध्यक्षता डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष, शिक्षा अध्ययनशाला ने किया ।

कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गांधी दर्शन क्लब विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किया गया एक विशेष क्लब है, जिसके अंतर्गत आज समस्त अध्ययनशालाओं के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया है। मतदाता जागरूकता रैली को कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया । यह आयोजन एक सराहनीय प्रयास को प्रदर्शित करता है । अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में आज विचार संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन में छात्रों की सहभागिता मिलेट्स के प्रति उनके लगाव को प्रदर्शित करता है। मिलेट्स को सुपर फूड के रूप में विकसित किया जा रहा है । यह मानव शरीर के लिए बहुत पोषण युक्त आहार है । कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई के गाँधी दर्शन क्लब बनाने के विचार से प्रेरित छात्रों ने आज गाँधी दर्शन क्लब के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया है । डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए मिलेट्स का अत्यंत महत्त्व है । बस्तर क्षेत्र में चावल का उपयोग ज्यादा किया जाता है। इस क्षेत्र में दूध व दाल का चलन कम है, जिसके वजह से मानव शरीर को प्रोटीन की कमी हो जाती है एवं वे कुपोषण के शिकार हो जाते है अतः हमें सभी प्रकार के भोजन लेना चाहिए, जिसमें मिलेट्स भी शामिल हो। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में विषय ङ मिलेट्स का पोषण में महत्त्व पर विचार संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया । निबंध विधा में 29 छात्र-छात्राओं ने तथा विचार संगोष्ठी में 11 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा । इस अवसर पर मानव विज्ञान, शिक्षा, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, ग्रामीण प्रोद्योगिकी, प्रबंधन अध्ययनशाला के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित हुए।

निधन

दीपक कुमार मिश्रा



रायपुर, 23 सितंबर। शंकरनगर निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार मिश्रा (सेवानिवृत) पुत्र स्व. विष्णु प्रसाद मिश्रा का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट बूढ़ापारा रायपुर में किया गया।

पुनिया देवी तिवारी

बेमेतरा, 23 सितंबर। ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल, प्रदीप, राकेश, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण, दिलीप, धीरज तिवारी की बड़ी मां थी।

आज मुख्यमंत्री करोड़ों के विकास कार्य का करेंगे लोकार्पण, शिलान्यास

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 24 सितम्बर को कोंडागांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे नवनिर्मित बस स्टैंड, सेंट्रल लायब्रेरी, आदिवासी विकास भवन सहित जिलावासियों के लिए 403.68 करोड़ रुपए के 6108 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, जिसमें से 131.4 करोड़ रुपए के 5293 कार्यों का लोकार्पण, 259.57 करोड़ रुपए के 813 कार्यों का भूमिपूजन और 2 योजनाओं में 13.06 करोड़ रुपए की राशि का वितरण शामिल है।

विकास नगर स्टेडियम में आयोजित आमसभा में मुख्य मंत्री लोक निर्माण विभाग के रु.07.3288 करोड़ के दो कार्यों का लोकार्पण और रु.74.5231 करोड़ के 26 कार्यों का भूमिपूजन, सेतु निर्माण विभाग के रु.15.28 करोड़ के एक कार्य का लोकार्पण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के रु.1.01 करोड़ के 5 कार्यों का लोकार्पण, रु.3.35 करोड़ के 7 कार्यों का भूमिपूजन, जिला निर्माण समिति के रु.16.5352 करोड़ के 39 कार्यों का लोकार्पण, रु.1.36 करोड़ के 18 कार्यों का भूमिपूजन, प्रधान मंत्री/मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत रु.26.03 करोड़ के 24 कार्यों का लोकार्पण, रु.24.2366 करोड़ के 18 कार्यों का भूमिपूजन, नगर पालिका कोंडागांव में रु.6.5381 करोड़ के एक कार्य का लोकार्पण, रु.91.43 करोड़ के 2 कार्यों का भूमिपूजन, नगर पंचायत फरसगांव में रु.29 लाख के एक विकास कार्य का लोकार्पण, रु.4.97 करोड़ के 46 कार्यों का भूमिपूजन, आदिम जाति कल्याण विभाग के रु.2.4874 करोड़ के 30 कार्यों का लोकार्पण, रु.1.9151 करोड़ के 1 कार्य का भूमिपूजन, क्रेडा के रु.3.72 करोड़ के 2 कार्यों का भूमिपूजन, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड रु.2.42 करोड़ के 5 कार्यों का भूमिपूजन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रु.31.34 करोड़ के 5164 कार्यों का लोकार्पण, रु.28.76 करोड़ के 662 कार्यों का भूमिपूजन, वन विभाग में रु.4.6684 करोड़ के 10 कार्यों का लोकार्पण, स्वास्थ्य विभाग के रु.2.21 करोड़ के 15 कार्यों लोकार्पण और छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कंपनी में रु.9.01 करोड़ के चार कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

जिसमें रु.02 करोड़ लागत से कोण्डागांव में निर्मित आदिवासी विश्रामगृह भवन, रु.06.53 करोड़ लागत से निर्मित अत्याधुनिक बस स्टैण्ड, रु.06 करोड़ लागत से निर्मित सेंट्रल लाइब्रेरी, बटराली से चेरबेड़ा तक रु.17.30 करोड़ लागत से निर्मित सड़क, जल जीवन मिशन अंतर्गत 24 ग्रामों में नल जल प्रदाय करने हेतु रु.26.03 करोड़ के कार्य, पुसपाल से मुखामारी तक रु.6.57 करोड़ लागत से निर्मित सड़क एवं पुल पुलिया का लोकार्पण, अमृत मिशन अंतर्गत कोण्डागांव में जलापूर्ति हेतु रु.87.81 करोड़ के निर्माण कार्य, धनोरा में रु.03.44 करोड़ लागत के आई.टी.आई भवन एवं रु.01.91 करोड़ लागत से आई.टी.आई. छात्रावास भवन निर्माण कार्य, 18 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रु.24.23 करोड लागत के नल जल प्रदाय योजना के कार्य, हड़ेली से कुधुर तक रु.26.04 करोड़ लागत से पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य, 70 ग्रामों में चैक चैराहों की प्रकाश व्यवस्था हेतु रु.03.72 करोड़ लागत के सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, चैड़ंग से चलका तक रु.07.18 करोड़ लागत के पुल पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य, मालाकोट बड़ेपारा से किबई बालेंगा तक रु.06.67 करोड़ रूपये लागत से पुल पुलिया सहित सड़क निर्माण आदि कार्य प्रमुखता से शामिल हैं। इसके साथ ही हितग्राहियों को रु.13 करोड़ से अधिक राशि का चेक वितरण तथा 246 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, आ.जा.क.मंत्री मोहन मरकाम, विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, छ.ग.हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, सांसद दीपक बैज, श्रीमती फूलोदेवी नेताम, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, जि.पं.अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपा.श्रीमती भगवती पटेल, ज.पं.अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, ज.पं. माकड़ी अध्यक्ष श्रीमती मोतीबाई नेताम, फरसगांव ज.पं.अध्यक्ष श्रीमती शीशकुमारी चनाप, केशकाल ज.पं.अध्यक्ष श्रीमती महेन्द्र नेताम, बड़ेराजपुर ज.पं.अध्यक्ष श्रीमती प्रेमशीला मंडावी, फरसगांव न.पं.अध्यक्ष गणेशराम दुग्गा, केशकाल न.पं.अध्यक्ष रोशन जमील खान, कोंडागांव ज.पं.उपाध्यक्ष मनोज सेठिया, कोंडागांव न.पा.उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी शामिल होंगे।

पुलिस ने चिखलपुटी में हुए 1.85 लाख चोरी का 24 घंटे में किया खुलासा

नगद व आभूषण को बरामद कर चोरी के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव पुलिस को ग्राम चिखलपुटी में हुई चोरी के मामले में आदतन चोरी के आरोपियों के कब्जे से चोरी हुई रु.160000 मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगद रकम रु.25000 कुल जुमला रकम 185000 रूपये को बरामद करने के साथ चोरी के 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में 24 घण्टे के अंदर ही सफलता हासिल हुई है।

प्रार्थिया उचिता पति परदेशीराम ठाकुर निवासी ग्राम चिखलपुटी, थाना व जिला कोण्डागांव के द्वारा 22 सितम्बर 2023 को थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 सितम्बर को उसने अपने घर के पीछे के दरवाजे को अंदर से कुण्डी लगाकर सामने के दरवाजा में ताला लगाकर दोपहर करीबन 01 बजे पंचायत भवन चिखलपुटी में मिटिंग के लिए गई थी। दोपहर 02 बजे वापस आकर जब वह अपने घर के दरवाजे में लगे ताला को खोलकर अंदर घुसी तो उसने देखा कि घर के अंदर रखे आलमारी का दरवाजा खुला है, पीछे के दरवाजे का सिटकिनी खुला है, आलमारी के अंदर रखे गुलाबी रंग के पर्स में रखे 01 नग सोने का हार, 01 जोडी सोने का झुमका, चांदी का सिक्का 05 नग, चांदी का पायल 04 जोडी, चांदी का हॉफ करधन 01 नग, नगद रकम 30000 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। प्रार्थिया से प्राप्त सुचना पर थाना कोण्डागांव में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क्र.329/2023 धारा 380, 454 भा.दं.वि. कायमकर विवेचना में लिया गया।

कोण्डागांव एस.पी. वाय. अक्षय कुमार आई.पी.एस.के निर्देशन, एडि.एस.पी.दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन व एस.डी.ओ.पी.कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागांव पुलिस ने चोरी के मामले में पूर्व संदेही एवं आदतन चोरी के आरोपी किशोर मण्डल और उसके साथी राहुल लहरे से घटना के संबंध में पुछताछ किया, जिसपर दोनों के द्वारा योजना बनाकर प्रार्थिया के घर पर चोरी करना स्वीकार किया गया एवं दोनों के कब्जे से चोरी हुए सोने एवं चांदी के जेवरात कुल मुल्य 160000 रूपये एवं नगदी रकम 25000 रूपये कुल जुमला रकम 185000 रूपये को बरामद किया गया तथा आरोपी 01. किशोर उर्फ किरका पिता पंकज मण्डल 20 वर्ष साकिन आडकाछेपडापारा थाना व जिला कोण्डागांव एवं 02. राहुल लहरे पिता अनिरूद्ध लहरे 23 वर्ष साकिन चिखलपुटी प्लाटपारा थाना व जिला कोण्डागांव को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय में पेष किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव, उप निरी.आनंद सोनी, स.उ.नि. लोकेश्वर नाग प्र.आर.नरेन्द्र देहारी, अशोक कुमार व म.प्र.आर.190 विमला माला का विशेष योगदान रहा।

युवा मोर्चा उपाध्यक्ष के खिलाफ अशोभनीय व फर्जी बयानबाजी करने के विरुद्ध शिकायत

भानुप्रतापपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी व पार्षदों के द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा की उपाध्यक्ष संकेत नशीने के खिलाफ पुलिस थाना भानुप्रतापपुर में फर्जी तरीके से मिथ्या अभिवचन कर नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के विरुद्ध आए दिन अनर्गल बयान बाजी कर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अमर्यादित समाचार का प्रकाशन कर नगर का शान्त माहौल,वातावरण को खराब करने का कार्य कर रहा है जिससे नगर पंचायत के आमजन के बीच आक्रोश व्याप्त है उक्त कृत्य से अशांति का वातावरण बना हुआ है किसी समय कोई अप्रिय घटना जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है अत: मिथ्या अभिवचन करने एवं आनावश्यक झूठी अफवाह फैलाने का आपराधिक कृत्य करने का रिपोर्ट करने बाबत आवेदन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, वरिष्ठ पार्षद भगवान सिंह कुंजाम, पार्षद नरेंद्र कुलदीप, पार्षद जय विजय धामेचा, एल्डरमैन भगवती गजेंद्र, फुरकान अहमद, नमन जैन, विजय धामेचा, रवि दुगा, अनुराग शर्मा उपस्थित थे।

कमेला में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता, साक्षरता व नशामुक्ति रैली निकाली

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बरसात के मौसम में साफ-सफाई का ध्यान देते हुए स्वास्थ्य के प्रति सभी को सजग रहने की आवष्यकता पर बल देते हुए कमेला में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता, साक्षरता व नशामुक्ति जागरुकता रैली निकाला गया।

बरसात के रिमझिम मौसम में बारिश थमने के बाद गांव में साफ-सफाई स्वच्छता, साक्षरता एवं नशामुक्ति के लिए जागरूकता लाने के लिए विकास खंड कोंडागांव के अंतर्गत संकुल केंद्र कमेला के शिक्षकों द्वारा बैगलेश डे के अंतर्गत बच्चों के सहयोग से जागरुकता रैली निकालकर स्वच्छता, नशामुक्ति, साक्षरता का संदेश दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों द्वारा नारा लगाकर गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस रैली में प्राथमिक शाला कमेला, प्राथमिक शाला नयापारा व उच्च प्राथमिक शाला कमेला के बच्चे व समस्त शिक्षक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक गौतमराम पांडे, संकुल प्रभारी प्राचार्य होरीलाल चंद्रवंशी, मदन कोर्राम, टिकेश्वर साहू, सुरिजराम पोयाम, तुलसी भोई, अविनाश बनर्जी, नरेश पांडे, टोनिका बैध सहित समस्त शिक्षकगण व ग्रामीण कौशिक पांडे अध्यक्ष शाला विकास समिति, मोतीलाल पांडे, योगेंद्र, रितेश, सखा, बुधराम, जगत, सुरेश, टिकेश्वर, अलेख, जगतारण, दीनदयाल, फड़िंद्र, सोमेश्वर, होमिता, मिलन सभी ने सहभागिता का परिचय दिया।

छत्तीसगढ़ी भाषा में रामचरितमानस का विमोचन

भानुप्रतापपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर निवासी शिक्षिका श्रीमति वन्दना त्रिवेदी द्वारा भगवान श्रीराम की कथा रामचरित मानस का छत्तीसगढ़ी भाषा में अनुवाद किया गया है। राजधानी स्थित होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में इस ग्रंथ के छत्तीसगढ़ी संस्करण का विमोचन संस्कृति एवं नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंत्री डेहरिया ने कहा आज तक छत्तीसगढ़ी भाषा मे किसी ने ऐसा प्रयास नही किया था। श्रीमती वंदना के इस प्रयास से छत्तीसगढ़ी भाषा को पहचान मजबूत हुई है। वंदना त्रिवेदी अनुराग त्रिवेदी की धर्मपत्नी हैं और कन्या पूर्व माध्यमिक शाला संबलपुर में शिक्षिका हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के द्वारा किया गया।

आयुष्मान भवः कैंपेन, बोरगांव में योग, आयुष काढ़ा व आयुष मेला

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय आयुष द्वारा आयुष्मान भवः कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के सभी आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्य क्षेत्रों में साप्ताहिक आयुष स्वास्थ्य मेला आयुष गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में जन साधारण को आयुष चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित करने की पहल है। जिला आयुर्वेद अधिकारी बस्तर डॉ.नेताम के मार्गदर्शन में जिला कोंडागांव में भी आयुष्मान भवः कैंपेन चल रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि आयुष्मान भवः कैंपेन के तहत आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव में जहां प्रातःकालीन सत्र में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है और गुरूवार को साप्ताहिक बाजार बोरगांव में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने आयुष काढ़ा 112 लोगों को वितरण किया गया और मंगलवार को आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा, जहां आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जनसाधारण को उपचार परामर्श दिया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। कब-बुलबुल टीम बाजारपारा एवं मुरारीपारा में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया और इस दौरान दीपमाला वैष्णव एवं टीम लीडर पवन साहू के द्वारा विभिन्न सांकेतिक भाषाओं की जानकारी प्रदान कर मुक-बधिर लोगों का सहयोग करने की अपील किया गया।

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमप्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में कब-मास्टर पवन साहू के नेतृत्व में तथा शास.प्राथ.शाला बाजारपारा कोंडागांव में फ्लॉक लीडर श्रीमती दीप माला वैष्णव के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया गया।

सांकेतिक भाषाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सांकेतिक भाषाओं की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से हर साल 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के रूप में मुक-बधिर व्यक्तियों के विकास के लिए मनाया जाता है। दुनिया भर में लगभग 70 मिलियन बधिर लोगों के मानव अधिकारों के 135 राष्ट्रीय संघों का एक संघ के द्वारा 23 सितंबर 1951 में अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का स्थापना किया गया तथा संयुक्त राष्ट्र संघ ने 23 सितंबर 2018 में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने की घोषणा की, तब से प्रति वर्ष 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं शास.प्राथ.शाला बाजारपारा कोंडागांव के फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में कब-बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को विभिन्न सांकेतिक भाषाओं का उपयोग करने जैसे शांत बैठे रहना, सावधान, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो, बुरा मत कहो तथा संख्याओं का ज्ञान जैसे सांकेतिक भाषा की जानकारी देकर मुक-बधिर लोगों को विशेष सहयोग प्रदान करने अपील किया गया।

पंकज जैन बने जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष

नारायणपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नारायणपुर जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए आज मतदान आज जिला व्यापारी संघ के भवन में किया गया। जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए पंकज जैन, सचिन जैन, अर्जुन देवांगन और नरेंद्र मेश्राम मैदान में थे। जिला व्यापारी संघ के चुनाव में 320 मतदाताओं में से 313 व्यापारियों ने मतदान किया और मतदान का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया था। जिसमे पंकज जैन को 201 वोट, सचिन जैन को 63 वोट, अर्जुन देवांगन को 42 और नरेंद्र मेश्राम को 7 वोट मिले। इस तरह पंकज जैन ने 138 वोटो से एक तरफा जीत हुई। जिला व्यापारी संघ का चुनाव सुबोध बैनर्जी, सुनील राठौर, कमलापति मिश्रा, संजय नदी और मोहम्मद फिरोज खान ने संपन्न कराया। पंकज जैन की जीत के बाद व्यापारियों की बधाई का सिलसिला शुरू हुआ, पंकज जैन ने जहा वरिष्ठ व्यापारी का चरण स्पर्श का आशीर्वाद लिया वही बाकी व्यापारियों गले लगाकर बधाई दी। वही पंकज जैन ने व्यापारी के हित में कार्य करने के साथ सभी व्यापारियों को मोती की माला की तरह पिरोकर एक साथ रखने की बात कही। वही जो स्नेह, विश्वास एवम् आशीर्वाद मुझे आपका निरंतर मिलता रहा उसके लिए मेरा रोम रोम आप सभी का कृतज्ञ रहेगा। कम आयु होने के बाद भी आपने ने मुझे जो दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी उस पर खरा उतरने को मैं सदा कृत संकल्पित रहूंगा। मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा। अंत में मैं आपको यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जिला व्यापारी संघ और व्यापारी समाज के हित के लिए आगे भी मैं पूरी तरह समर्पित रहूंगा।

- 138 वोटों से की एक तरफा जीत
- व्यापारियों बंधुओं की है जीत : पंकज जैन

ईथेनॉल प्लांट में रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु सूची प्रकाशित

कोण्डागांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव के ईथेनॉल प्लांट में स्वीकृत स्टॉफिंग पैटर्न के अनुसार रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु 11 अगस्त 2023 से 02 सितम्बर 2023 तक आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों का मानव संसाधन प्रबंधन उप समिति के स्क्रूटनी समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र-अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची प्रकाशित की गई एवं 21 सितम्बर 2023 तक दावा आपत्ति आंमत्रित की गई थी। नियत तिथि तक प्राप्त दावा आपत्ति का चयन समिति द्वारा निराकरण कर दावा आपत्ति निराकरण की सूची प्रकाशित की जा गयी है।

स्वस्थ्य लोकतंत्र में विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही कांग्रेस : राजा पांडेय

भानुप्रतापपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत की जमीन नीलामी विवाद में पहले ही जगहंसाई हो चुकी है ,उसके बाद भी पहले कार्य करके बाद में निविदा निकालने जैसे खबर लगातार आ रहे है वार्डो में सड़क निर्माण में पुरजोर भ्रष्टाचार किया गया है पहली बारिश में सड़क उखड़ चुके है स्कूल मरम्मत के नाम से कांग्रेस नेताओं द्वारा करोड़ो के बंदरबाट को भी युवा मोर्चा लगातार उठा रहा है, नगर में अतिक्रमण अपने चरम सिमा को पार किया हुआ है जमीन नीलामी निरस्त होने से बौखलाए कांग्रेसियों द्वारा युवा मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष के नाम से थाने में शिकायत करना कांग्रेस नेताओं की ओछी मानसिकता को दर्शाती है जिसका युवा मोर्चा डट कर सामना करने तैयार है सत्ता में आसीन होने का फायदा उठा कर यदि बेवजह युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया तब की स्थिति में भाजयुमो जिला कांकेर भी शांत नही बैठेगी पूर्व में भी कांग्रेस नेताओं के द्वारा दबाव पूर्वक चारामा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष के ऊपर स्नद्धक्र कराया गया था इसी प्रकार का दबाव बनाकर युवा मोर्चा को लगातार डराने धमकाने की कोशिस की गई तब की स्थिति में माननीय न्यायालय का शरण लेकर सभी भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजयुमो भी मोर्चा खोलने अपनी तैयारी पूर्ण कर रखी है कांग्रेस राज में नगरपंचायत भानुप्रतापपुर में केवल भ्रष्टाचार दिखाई प्रतीत हो रहा आम नागरिकों को अधिकार दिलाने युवा मोर्चा लामबंद है।

मटका फोड़ भाजपा महिला मोर्चा ने किया कांग्रेस सरकार का विरोध

आसन्न चुनाव में जनता फोड़ेगी कांग्रेस की पाप की हांडी : शालिनी राजपूत

जगदलपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस सरकार के कुशासन व भ्रष्टाचार के विरोध में शनिवार को स्थानीय गोलबाजार चौराहे में मटका फोड़ कर प्रदर्शन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत विरोध प्रदर्शन में शामिल रही। श्रीमती राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता संभाल रही कांग्रेस सरकार के पाप का घड़ा अब भर चुका है, जिसके विरोध स्वरूप पाप का घड़ा फोड़ कर भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन किया है।

महिलाओं के साथ अनाचार, प्रदेश में निरंतर बढ़ते अपराध, ठप्प कानून व्यवस्था,हर छोटे बड़े शासकीय कार्य में कमीशन खोरी व भ्रष्टाचार, घोटालों की लम्बी श्रृखंला यह कांग्रेस की भूपेश सरकार की पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां है। झूठी कांग्रेस की सरकार ने अपने झूठे वायदों से प्रदेश की जनता को सिर्फ ठगा है। ठगेश सरकार से महिला, बुजुर्ग, युवा, किसान, श्रमिक आदि सभी वर्ग परेशान और दुखी है। ऐसी नकारा कांग्रेस सरकार के पाप का घड़ा फोड़ने जनता ने मन बना लिया है। आसन्न विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस की पाप की हांडी फोड़ेगी। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुधा मिश्रा ने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को रोजगार देने के बजाय उनका रोजगार छिन है और कमीशनखोरी के चक्कर में सारा काम ठेके पर चल रहा है, यह झूठा वादा नहीं है तो और क्या है।

महिला मोर्चा के मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से किरण देव, श्रीमती वेदवती कश्यप,संजय पांडे,सुरेश गुप्ता,अविना श्रीवास्तव, ममता राणा, राम कुमारी यादव, किरण दीवान, माहेश्वरी ठाकुर, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, डाकेश्वरी पांडे, अन्नपूर्णा नायडू, गीता नाग, निलेश्वरी भागवतकर, रानी चेरपा, अनीता भारत, सुधा गुप्ता, अलका सेंगर, मीना विश्वकर्मा,लक्ष्मी साहू,विभा सिंह,राजेश श्रीवास्तव,मनोज पटेल,योगेश शुक्ला, रिंकू पाण्डेय, लक्ष्मण झा, शेखर शर्मा, अभिषेक तिवारी, पंकज आचार्य, शशि नाथ पाठक, अमर झा, अनिमेष चौहान, प्रेम यादव आदि शामिल रहे।

झूठी कांग्रेस सरकार ने महिलाओं का रोजगार भी छिना : सुधा मिश्रा

पशु चिकित्सा मोबाईल युनिट का मिलने लगा लाभ, पशुपालकों को

कोण्डागांव 23 सितम्बर (देषबन्धु)। उप संचालक के निर्देशानुसार और मोबाईल पशु चिकित्सा यूनिट कोंडागांव विकास खंड एवं प्रभारी उप केंद्र प्रदीप श्रीवास्तव, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी के संयुक्त तत्वाधान में गौठान डोंगरीगुडा और बफना में पशु चिकिसा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में पषुओं का आवश्यक उपचार किया जाकर, पशु पालकों को औषधियों का वितरण किया गया। वहीं पशुपालकों को पशु चिकित्सा मोबाईल युनिट के उपयोग के सम्बन्ध में पैरावैट के द्वारा जानकारी दिया गया। ग्राम पंचायत के वार्ड पंच के साथ गौठान डोंगरीगुडा एवं बफना के सरपंच, पशु सखी साबरमती, कमला देवांगन सकरी महिला गौठान मित्र, महिला स्व सहायता समूह, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

CMYK

उल्टा पुल्टा

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया। यह देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

पूरे नहीं किए घोषणापत्र के वादे; राहुल, सिंहदेव सहित 13 के खिलाफ परिवाद दायर

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2018 के घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं करने पर अधिवक्ता अशोक शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत उन 13 कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दुर्ग के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पुनीतराम गुरुपंच की कोर्ट में परिवाद दायर किया है, जो घोषणापत्र समिति में शामिल थे।

इनमें मंत्री टीएस सिंहदेव, मोहम्मद अकबर, रविंद्र चौबे, शिवकुमार डहरिया, उमेश पटेल, डा. प्रेमसिंह टेकाम, धनेंद्र साहू, फूलो देवी नेताम, शैलेष पांडेय, अरुण वोरा, शिशुपाल शोरी और जयराम रमेश शामिल हैं। शर्मा ने सभी के विरुद्ध छल (धारा 415), धोखाधड़ी (धारा 420), षड्यंत्र (धारा 120 बी) और समान आशय (धारा 34) के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने को निर्देशित करने का निवेदन किया है। 25 सितंबर को न्यायालय में इस परिवाद पर सुनवाई होनी है, जिसमें याचिकाकर्ता अपना तर्क प्रस्तुत करेंगे। संतुष्ट होने पर कोर्ट प्राथमिकी का निर्देश दे सकता है। याचिका खारिज हुई तो शर्मा सत्र न्यायालय जाएंगे।

अधिवक्ता शर्मा ने परिवाद में आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में राज्य में पूर्ण शराबबंदी, छात्राओं को नर्सरी से पोस्ट ग्रेजुएट तक निश्शुल्क शिक्षा देने, 10 लाख बेरोजगार युवाओं को सामुदायिक विकास और समाजसेवी गतिविधियों में भाग लेने पर न्यूनतम प्रतिमाह 2,500 रुपये देने, शिक्षाकर्मियों को दो वर्ष पूर्ण करने पर नियमित करने का वादा किया गया।

परिवाद पर न्यायालय में कल होगी सुनवाई

साथ ही 60 से अधिक आयु के नागरिकों को एक हजार और 75 साल से अधिक के नागरिकों को 1,500 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने, शहरी व ग्रामीण आवास का प्रविधान व भूमि देने, शहरी क्षेत्र के आवासीय परिवारों को दो कमरों का मकान देने जैसे कई वादों को अब तक पूरा नहीं किया है, जबकि अब चुनाव करीब आ गया है। आचार संहिता लग जाने पर इन वादों को पूरा करने को लेकर वैसे भी कोई काम नहीं हो पाएगा।

घोषणापत्र के वादे छल और कपटपूर्ण

अधिवक्ता शर्मा ने परिवाद में उल्लेख किया है कि घोषणापत्र के वादों को पूरा नहीं करने से प्रदेश का हर वर्ग प्रभावित हुआ है। घोषणापत्र में किए गए वादे छल और कपटपूर्ण थे। जिन वादों पर विश्वास करके लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया और उनकी सरकार बनी, बाद में वह वादा पूरा करना भूल गए। घोषणापत्र में यह भी दावा किया गया था कि सरकार बनने के पांच साल के भीतर सभी वादों को पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

शर्मा ने बताया कि मंत्री टीएस सिंहदेव घोषणापत्र समिति के संयोजक थे। मोहम्मद अकबर, रविंद्र चौबे, शिवकुमार डहरिया, उमेश पटेल, डा. प्रेमसिंह टेकाम, धनेंद्र साहू, फूलो देवी नेताम, शैलेष पांडेय और अरुण वोरा समिति के सदस्य थे। राहुल गांधी और जयराम रमेश ने इस घोषणापत्र को प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित करने का षड्यंत्र किया था। इसलिए इन्हें भी पार्टी बनाया गया है।

सरकार के खिलाफ संविदा कर्मचारियों का अनूठा प्रदर्शन, निभाई शादी की रस्में

■ नियमितीकरण की मांग को लेकर आज

■ सरकार के वादों की बारात निकालेंगे

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को तूता धरना स्थल में संविदाकर्मियों ने दो दिवसीय अनोखे प्रदर्शन की शुरुआत की। नियमितीकरण की मांग को लेकर संविदा कर्मचारी महासंघ ने नियमितीकरण संग धोखे की शादी की रस्मों को निभाया। इस दौर संविदाकर्मीयो ने संगीत की रस्म में च्आए हम बाराती बरात लेके-जाएंगे नियमितिकरण साथ लेके च गाना भी गाया।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले रविवार नियमितीकरण संघ धोखे की शादी के साथ सरकार के वादों की बारात निकालेंगा। बाराती गुलाबी रंग के पगड़ी और सूट बूट नजर आएगे एवं महिलाएं पीले रंग की साड़ी से सज धज कर इस वादों की बारात में शामिल होंगी। इस प्रदर्शन में प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों के संविदाकर्मी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

आंदोलन करने पर मजबूर

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेष तिवारी ने बताया कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था। संविदा कर्मचारियों का नियमितिकरण किया जाएगा। कांग्रेस सरकार के 5 साल लगभग पूरे हो रहे है लेकिन आज तक हमारी मांग पूरी नहीं हो पाई है। इससे पहले भी हमने प्रदर्शन 21 दिन का आंदोलन किया था उस दौरान हमें आश्वासन दिया गया लेकिन आज तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया है इसलिए हम आंदोलन करने पर मजबूर है।

27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का नहीं मिल रहा लाभ-कौशलेष तिवारी ने कहा मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मचारियों के 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी। लेकिन मुश्किल से 5000 कर्मचारियों को ही उसका लाभ मिल पा रहा है। बाकी सभी संविदा कर्मचारियों इसका लाभ नहीं मिल पाया है। संविदाकर्मियों की छटनी भी नहीं रुक रही है। जिसके कारण प्रदेश के संविदा कर्मचारी वर्ग आक्रोशित है।

प्रदेश में 45 हजार संविदाकर्मी

छत्तीसगढ़ के 54 विभाग में कुल 45 हजार संविदा कर्मचारी है। लम्बे समय से संविदाकर्मी अपनी एक सूत्री मांग नियमितीकरण को लेकर आंदोलन करते रहे है। 2018 विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के संविदाकर्मियों ने आंदोलन किया था। कांग्रेस पार्टी ने अपने जनघोषण पत्र में संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करने का वादा किया था। आज भी संविदा कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग पूरी होने का इंतजार कर रहे है।

आईएएस अवार्ड के लिए प्रदेश में दो साल से नहीं हुई डीपीसी

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य प्रशासन में बीते दो वर्षों से आईएएस अवार्ड के लिए डीपीसी नहीं हो रही है। वहीं एसीएस प्रमोशन का प्रस्ताव भी विभागीय मंत्री मुख्यमंत्री के पास लंबित है।

बीते एक,दो महीनों से डीओपीटी ने उत्तराखंड, महाराष्ट्र, सिक्किम, कर्नाटक नागालैण्ड राज्यों के प्रस्ताव पर आईएएस सेलेक्ट लिस्ट जारी किया है। किंतु छत्तीसगढ़ में बीते दो वर्षों या अवार्ड नहीं हो पाया है। वर्ष 2021,और 2022 के लिए अवार्ड होना है। इस दौरान प्रदेश के करीब आठ प्रमोटी आईएएस रिटायर और इस्तीफे दे चुके हैं। इनमें डीडी सिंह, अनिल टूटेजा, कुलभूषण टोप्पो, ईमिल लकड़ा, उमेश अग्रवाल, धनंजय देवांगन, अमृत खलको और नीलकंठ टेकाम (इस्तीफा) शामिल हैं। इस तरह से जहां निचले क्रम के एसएएस अफसर प्रमोशन से वंचित हैं वहीं राज्य प्रशासन में अफसरों की कमी बनी हुई है।

इससे निपटने सरकार ने डी डी सिंह, अमृत खलको को संविदा नियुक्ति देकर काम चला रही है। प्रदेश में अवार्ड के लिए डीपीसी दो साल से नहीं हो पाई है। दे वर्ष पूर्व सौम्या चौरसिया और बैचमेट के लिए हुई डीपीसी पर भी कोई निर्णय नहीं हो पाया है। आने वाले दिनों में चुनाव आचार संहिता लगने पर मामला लोकसभा चुनावों तक के लिए टल जाएगा। और उस दौरान कुछ और अधिकारी रिटायर होंगे।

इसी तरह से राज्य प्रशासन में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (एसीएस) प्रमोशन की फाइल मुख्यमंत्री सचिवालय में लंबित है। राज्य में इस समय दो ही एसीएस रेणु पिल्लै और सुब्रत साहू कार्यरत हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मुख्य मंत्री से प्रमोशन की अनुमति मांगी है। इस पद के लिए प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा ही एकमात्र दावेदार हैं। लेकिन यह फाइल भी दो माह से लंबित है।

राजधानी में 26 को 9 घंटे घुमेगी परिवर्तन यात्रा

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा से निकली परिवर्तन यात्रा शनिवार को गरियाबंद भ्रमण पर है। जहां उसे कांग्रेसियों के विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस ने 10 से अधिक कांग्रेसियों को हिरासत में लिया है। यह यात्रा अब अपने अंतिम चरण में है। इसका समापन 26 सितंबर को राजधानी में होगा। यात्रा राजधानी के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 48 किमी घुमेगी।

भाजपा ने करीब 9 घंटे की यात्रा का रूट चार्ट बनाया है। इस यात्रा का स्वागत शहर के 50 अलग-अलग चौक-चौराहों में होगा। यात्रा की शुरूआत दोपहर 2 बजे बंजारी माता मंदिर से होगी और समापन शाम साढ़े 7 बजे जयस्तंभ चौक में होगा।

छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है : केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा प्रदेश भर से गुजर रही है इसमें शामिल होने केंद्रीय मंत्रियों का लगातार छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है। इसी कड़ी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर परिवर्तन यात्रा में शामिल होने रायपुर पहुंचे जहाँ रायपुर एयरपोर्ट में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों का स्वागत किया।

जिसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर रायपुर पहुंचकर परिवर्तन यात्रा में शामिल होने रवाना हुए। इस दौरान मनसुख मंडाविया ने कहा कि, देश की आजादी के 75 साल बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। समग्र देश में महिलाओं में खुशी और उत्साह हैं, भाजपा की सरकार बननी तय हैं।



वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर है, छत्तीसगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

महिला आरक्षण कब लागू होगा किसी को पता नहीं : दीपक बैज

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आरक्षण का संघर्ष इस देश की महिलाओं के लिए बहुत लंबा रहा है और हर बार उनको मायूसी ही झेलनी पड़ी है। इस बार जब महिला आरक्षण बिल आया तो सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी की उम्मीद एक बार फिर जागी। लेकिन आज देश की आधी आबादी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। ऐसा लग रहा है, मुँह तक आया निवाला ही छीन लिया गया हो।

■ आरक्षण बिल महिलाओं के साथ धोखा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आनन-फ़ानन में लाए गए इस बिल के ज़रिये महिलाओं को आखिर आरक्षण कब मिलेगा, ये कोई नहीं जानता। सरकार खुद कह रही है 2029 से पहले संभव ही नहीं। जनगणना और परिसीमन से महिला आरक्षण को जोड़कर, महिलाओं को कहा गया है - अभी इंतज़ार लंबा है। सरकार के मंत्रियों और सांसदों ने संविधान के अनुच्छेद 82 - 81(3) का हवाला दिया जिसके अनुसार 2026 का परिसीमन उसके बाद वाली जनगणना मतलब 2031 वाली जनगणना पर ही संभव है। यानी महिला आरक्षण संभवत: 2039 तक ही हो सकता है।

उन्होंने पूछा कि आखिर 2024 में ये क्यों लागू नहीं हो सकता? अगर वाक़ई में इच्छाशक्ति है तो जैसे दो मिनट के अंदर नोटबंदी, तीन काले क़ानून, लॉकडाउन, 370 को हटाने जैसे निर्णय लिए गए थे - वो अब भी लिये जाए। अगर इस क़ानून से महिलाओं को वाक़ई सशक्तिकरण और भागीदारी देने की मंशा है तो फिर देर किस बात की? अन्यथा यह झुनझुना नहीं तो और क्या है? ये साफ़ प्रतीत होता है कि राज्यों में अपनी हार से बौखलाकर इंडिया गठबंधन की ताक़त को देखकर मोदी जी परेशान हो गए। इसलिए पहले इंडिया बनाम भारत का शिगूफ़ा छोड़ा गया, और फिर जब उससे आक्रोश दिखा तो महिला आरक्षण बिल को ले आए। वो क़ानून जो आज से 10 साल बाद ही शायद क्रियान्वित हो। ये तो कुछ किसानों की आय दोगुनी, हर साल दो करोड़ रोज़गार, 15 लाख बैंक खातों में, 100 स्मार्ट सिटी, रुपया- डॉलर का बराबर मूल्य, पेट्रोल ?40 लिटर और चीन को लाल आँख दिखाने वाले जुमलों जैसा साबित होता दिख रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह बिल महिलाओं को अधिकार देता है कि वो ना सिर्फ़ सार्वजनिक जीवन में बल्कि संसद के पटल से महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की और महिला सुरक्षा की पुरज़ोर योद्धा बनें। इस क़ानून के बन जाने के बाद महिला सांसद बेख़ौफ़ होकर महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हुए जघन्य अपराधों पर बोलेंगी, उनकी भर्त्सना कर सकेंगी और अपराधियों को सज़ा दिलाने के लिए निडर हो कर माँग करेंगी।

अगले माह से जैसलमेर-दुर्गापुर के लिए विमान सेवा

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। अगले महीने अक्टूबर से हवाई यात्रियों को रायपुर से जैसलमेर व दुर्गापुर शहर के लिए नई सौगात मिलने वाली है।

इंडिगो एयरलाइंस ने 29 अक्टूबर से रायपुर से दिल्ली होते हुए जैसलमेर व दुर्गापुर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू करने घोषणा की है। बताया जा रहा है कि दुर्गापुर के लिए तो कनेक्टिंग फ्लाइट मिलनी भी शुरू हो गई है। फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.35 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। 11.30 बजे वहां पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 729 दिल्ली से दुर्गापुर के लिए दोपहर 14.30 बजे उड़ान भरेगी और 16.30 बजे दुर्गापुर पहुंचेगी। इसके साथ ही रायपुर से भुवनेश्वर के लिए भी कनेक्टिंग फ्लाइट शुरू हो रही है। व्यास

ट्रैवल्स के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि इन क्षेत्रों के लिए काफी समय से रायपुर से उड़ानें शुरू करने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए विमानन कंपनियों द्वारा इसे शुरू किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रायपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट क्रमांक 2191 सुबह 9.20 बजे रायपुर से दिल्ली उड़ान भरेगी। इसके बाद दिल्ली से जैसलमेर के लिए फ्लाइट क्रमांक 2101 दोपहर 12.45 बजे उड़ान भरेगी और 14.25 बजे जैसलमेर पहुंचेगी। फ्लाइट क्रमांक 2102 जैसलमेर से दिल्ली के लिए दोपहर 14.55 बजे उड़ान भरेगी और शाम 16.15 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके बाद फ्लाइट क्रमांक 859 दिल्ली से रायपुर के लिए शाम 7 बजे उड़ान भरेगी और रात्रि 20.45 बजे रायपुर पहुंचेगी।

जयपुर व राजकोट के लिए भी उड़ान

त्योहारी सीजन में प्रदेश के हवाई यात्रियों को इन क्षेत्रों के साथ ही रायपुर से जयपुर के लिए भी उड़ान मिल सकती है। बताया जा रहा है कि इसके लिए विमानन कंपनी द्वारा अपना सर्वे भी किया जा चुका है। और यह देखा जा रहा है कि रायपुर से कितना ट्रैफिक मिल सकता है। जयपुर के साथ ही रायपुर से राजकोट उड़ान की सौगात मिलने की भी संभावना है।

एक साथ खड़ी हो सकेंगी 13 उड़ानें

इस वर्ष के अंत तक स्वामी विवेकानंद विमानतल में एक साथ 13 उड़ानें भी खड़ी हो सकेंगी। इसके लिए विमानतल में चार नए पार्किंग वे बनाए जा रहे है, इनका काम पूरा होते ही रायपुर विमानतल में कुल 13 पार्किंग वे हो जाएंगे। इसके साथ ही जल्द ही आने जाने वाले हवाई यात्रियों के लिए फूड सेंटर भी खोले जा रहे है। रायपुर से अब 13 शहरों के लिए सीधी उड़ानें है और बहुत से शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट चल रही है। हवाई यात्रियों की सुविधाओं को आने वाले दिनों में और बढ़ाने की तैयारी है।

तीन से आठ अक्टूबर तक रद रहेगी प्रयागराज उड़ान

प्रयागराज में अगले महीने होने वाले एयर शो के चलते रायपुर से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट को तीन से आठ अक्टूबर तक रद किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एयरशो के दौरान वहां एयरफोर्स की उड़ानों का आना जाना शुरू होगा। इसके चलते ही रायपुर से प्रयागराज जाने वाली उड़ान को रद किया जा रहा है।

गणेश विसर्जन 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि कोविड 19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी के साथ गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खारून नदी के किनारे महादेवघाट में निर्मित विसर्जन कुंड में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन करने का निर्णय लिया गया है। झांकी का प्रारंभ शारदा चौक से होगा, जहां नंबर दिया जाएगा।

■ आयुक्त ने बनाई समिति

■ अधिकारियों की 4 तक लगाई ड्यूटी

शारदा चौक से जयस्तंभ, कोतवाली, सदर बाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, लीली चैक, लाखे नगर चौक, सुन्दरनगर, महादेव घाट रिंगरोड चौक होते हुए रायपुरा महादेव घाट के पास निर्मित विसर्जन कुंड स्थल पर जाकर विसर्जित होगी। लाखे नगर चौक से महादेवघाट रिंग रोड तक वनवे ट्रैफिक रहेगा। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रशसनिक व्यवस्था के लिए 28 सितंबर को प्रात: 6 बजे से 4 अक्टूबर को प्रात: 6 बजे तक के लिए चक्रानुसार जोनवार प्रशसनिक व्यवस्था के लिए सभी जोन कमिश्नरों, जोन कार्यपालन अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, समयपालों, मजदूरों की ड्यूटी लगाई है।

आयुक्त चतुर्वेदी ने गणेश उत्सव एवं गणेश विसर्जन के अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एवं शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। खारून नदी के किनारे निर्मित विसर्जन कुंड में गणेश विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्रियों को अलग कराकर उपयुक्त स्थल पर रखा जाए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार मूर्तियों का विसर्जन नदी में किसी भी परिस्थिति में न किया जाए तथा नदी के जल को दूषित होने से बचाया जाए। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचित कर समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। सड़क पर यातायात अवरूद्ध करने वाले गणेश पंडालों के विरूद्ध जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचित कर समन्वय से नियमानुसार कार्यवाही करें।

आयुक्त चतुर्वेदी ने नगर निगम रायपुर की ओर से गणेश विसर्जन स्थल महादेव घाट खारून नदी के तट पर सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था करने निगम अधिकारियों की एक समिति गठित कर दी है। इस समिति में अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा मो.नं. 9301953247, हेमंत शर्मा मो. नं. 7489708879, प्रभारी अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर मो. नं.9301953236, प्रभारी नगर निवेशक निशीकांत वर्मा मो. नं. 8349864868, जोन 8 कमिश्नर अरूण ध्रुव मो.नं. 9424238392, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल मो.नं. 9753878900, उपायुक्त स्वास्थ्य एके हालदार मो. नं. 8718000011 को सम्मिलित किया गया है।

यह प्रशासनिक समिति गणेश विसर्जन के लिए क्रेन, शामियाना, लाइट, माइक, गोताखोर, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था करेगी। इस समिति को आवश्यक सहयोग देने जोन 8 कमिश्नर अरूण ध्रुव मो.नं. 9424238392 को निर्देशित किया गया है। आयुक्त चतुर्वेदी ने नगर निगम की ओर से सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था गणेश विसर्जन के दौरान देने कार्य के लिए निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय मो. नं. 9424264100 को नोडल अधिकारी बनाया है। गणेश विसर्जन स्थल पर क्रेन, मंच की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, टार्च, मोटर बोट, गोताखोर, मजबूत एवं अच्छे किस्म का रस्सा, लांग बूट, रैन कोट, बड़े आकार के छाते की व्यवस्था जोन कमिश्नर 8 अरूण ध्रुव द्वारा की जायेगी एवं होमगार्ड कार्यालय से समन्वय कर अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था करने हेतु कमाण्डेंट होमगार्ड को पत्र भेजेंगे।

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को मिला एक और राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। सोसाईटी ऑफ एनर्जी इजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स ङ्क सीम द्वारा 21 सितम्बर को आयोजित 8वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट अवार्ड समारोह में यह सम्मान दिया गया। आलोक कटियार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा उक्त पुरस्कार को डॉ. अशोक कुमार, उप महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरों, (बी.ई.ई.) भारत सरकार के उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इस समारोह में क्रेडा की ओर से संजीव जैन, मुख्य अभियंता एवं राजीव ज्ञानी, अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पुरस्कार के लिए क्रेडा की टीम और प्रदेशवासियों को बधाई दी है।



उल्लेखनीय है कि लगातार 03 वर्षों (वर्ष 2020, 2021 एवं 2022) से क्रेडा को सीम द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य नामित एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)' द्वारा विगत 11 वर्षों में प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार की च ाज् परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.198 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। व्यावसायिक भवन क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता अधिसूचित किया गया है तथा राज्य में कुल 15 भवनों को ग्रीन भवन के रूप में प्रमाणित किया गया है तथा 8 शासकीय भवनों को स्टार रेटिंग नामित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र शासन को अग्रेषित किया गया है। आवासीय भवनों में इको निवास सहिता अंतर्गत ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण तकनीक अपनाने हेतु प्रदेश के आवासीय परियोजनाओं ऊर्जा दक्ष बनाने हेतु सतत् कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 150 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किया गये है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी बधाई

ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 77 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 56 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र एवं 376 शासकीय स्कूलों को मॉडल ऊर्जा दक्ष शासकीय स्कूलों के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य सेक्रेडा द्वारा कुल 603 स्कूलों में ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है तथा आगामी वर्ष में 1 हजार से भी अधिक शैक्षणिक संस्थानों में ऊर्जा क्लब गठन किये जाने का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये है। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे है जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सकें।

एम्स में दो और चुनौतीपूर्ण किडनी ट्रांसप्लांट

कैंसर से पीड़ित पिता ने पुत्र को दी किडनी, दूसरे को पत्नी ने दी

रायपुर, 23 सितंबर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दो और रोगियों का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। अब तक दस किडनी ट्रांसप्लांट किए जा चुके हैं। दसवां किडनी ट्रांसप्लांट सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि रोगी को कई अन्य बीमारियां थी। रोगी के पिता को कैंसर हो चुका था फिर भी उन्होंने ठीक होने के बाद पुत्र को किडनी दान की। एक अन्य ट्रांसप्लांट में पत्नी ने मैकेनिक पति को किडनी दान की।

दुर्ग जिले के 44 वर्षीय रोगी एनजीओ का कर्मचारी है। इसका किडनी ट्रांसप्लांट सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण था। इसे कई वर्षों से किडनी की परेशानी थी। इसके साथ ही हाइपो पैराथाइरॉयडिज्म और उच्च रक्तचाप भी था। लगातार डायलिसिस की वजह से कुछ रक्त वाहिनियों में कैल्शियम का जमाव हो गया था। रोगी का क्रिएटनीन स्तर उच्च था और मूत्र में रक्त की शिकायत थी। रोगी का सितंबर के दूसरे सप्ताह में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया।

इस रोगी को 70 वर्षीय पिता ने किडनी दान की। पिता की भी पांच वर्ष पूर्व प्रोस्टेट कैंसर की सर्जरी हुई थी। नेफ्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय राठौर ने बताया कि रोगी और किडनी दानदाता दोनों की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट काफी कठिन परिस्थितियों में किया गया। पिता में कोई सक्रिय कैंसर कोशिका न पाए जाने के बाद ही किडनी ट्रांसप्लांट की गई। इससे पूर्व जगदलपुर के 38 वर्षीय कार मैकेनिक की पत्नी ने उसे किडनी दान की। रोगी की दो वर्ष से डायलिसिस चल रही थी। इसका अगस्त में ऑपरेशन किया गया। दोनों रोगी और दोनों किडनी दानदाता अब पूर्णतः स्वस्थ हैं। किडनी ट्रांसप्लांट टीम में डॉ. अमित आर. शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा, डॉ. रोहित बड़गे, डॉ. जितेंद्र शामिल थे। प्री और पोस्ट ऑपरेटिव केयर में डॉ. जसवंत, राम निवास, विनिता और अंबे शामिल थी।

परिवर्तन यात्रा में नकारे जा रहे भाजपाई : कांग्रेस

आधा दर्जन केंद्रीय मंत्री सजा नहीं पाए भाजपा की दुकान

रायपुर 23 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के परिवर्तन यात्रा और चुनावी सभा के लिए आज छत्तीसगढ़ आए 6-6 केंद्रीय मंत्रियों के दौरे पर तंज कसते हुए कहा है कि अपनी विश्वसनीय खत्म हो जाने के बाद अब छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता नए-नए केंद्रीय मंत्रियों को बुलाकर उनसे लगातार झूठ बुलवाने का काम कर रहे हैं। मैनपुर में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बेरोजगारी और अपराध के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ की जनता को अपमानित किया। वादाखिलाफी भाजपा का राष्ट्रीय चरित्र है, अपराध में नंबर वन भाजपा शासित राज्य है, छत्तीसगढ़ तो 18वें क्रम पर है भूपेश सरकार में अपराध लगातार नियंत्रित हुए हैं। ।



भूपेश सरकार आने के बाद विगत 1 साल से छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है, आधा फ़ीसदी से भी कम बेरोजगारी दर है छत्तीसगढ का।

श्री शुक्ला ने कहा कि भूपेश पर भरोसे की सरकार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के सारे पैंतरे नाकाम हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में आरएसएस और भाजपा का धर्मांतरण और सांप्रदायिकता का एजेंडा फेल हो गया। रमन राज के भाजपा के वादाखिलाफी, कुशासन और भ्रष्टाचार की कलई खुल चुकी है।

यही कारण है कि केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सहारे ही विधानसभा चुनाव में जाने की तैयारी कर रहे हैं। 12 सितंबर से निकली तथाकथित परिवर्तन यात्रा को पहले दिन से ही जनता और भाजपा के कार्यकर्त्ताओं ने ही पूरी तरह से नकार दिया है। यात्रा की वस्तुस्थिति का पूर्वानुमान लगाकर ही पिछले दो बार से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपना दौरा निरस्त कर चुके हैं।अब केंद्रीय मंत्रियों के सहारे इज़्जत ढाकने का प्रयास कर रहे है। आज छत्तीसगढ़ में लगभग सभी आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों की सभा भीड़ को तरसती रही। उन्होंने कहा कि 2014 से 2018 तक केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार थी और छत्तीसगढ़ की जनता पर सबसे ज्यादा अत्याचार भी इन्हीं चार सालों में हुए। भूपेश सरकार में तो छत्तीसगढ़ में समृद्धि आई है लगातार वादे पूरे किए जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आम जनता की समृद्धि के लिए तो भूपेश सरकार ने वादे से ज्यादा काम किया है। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल खोलने के साथ ही सभी विभागों में नियमित पदों पर भर्ती की गई है।

कलेक्टर का अधिकारियों को निर्देश, 30 तक पूरा करें शहर की सड़कों की मरम्मत का काम

रायपुर, 23 सितंबरि (देशबन्धु)। शहर की सड़कों की दुरूस्ती के लिए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि नागरिक सुविधाओं को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के भीतर हो जाना चाहिए। इसमें युद्ध स्तर पर कार्य करें। साथ ही नागरिक सुविधाओं से जुड़े हुए सभी कार्यों के लिए जोन कमिश्नर सुबह वार्डों में भ्रमण करें. लोगों की समस्या सुने और अविलंब उनका समाधान करें। यह निर्देश उन्होंने रेडक्रास सभाकक्ष में हुई बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम के सभी वार्डों की सड़कों में जो गड्ढे है उनकी तत्काल मरम्मत कराएं और पेच वर्क करें। डॉ. भुरे ने शहर के विभिन्न सड़कों में 30 सितंबर तक सुधार करने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी जोन कमिश्नर उनके अंतर्गत आने वाले वार्डों की सड़कों का स्वयं निरीक्षण करें। गणेश विसर्जन के समय जिन-जिन रास्तों से गणेश की झांकियां निकलेगी उन रास्तों को अनिवार्य रूप से सुधार करें ताकि झांकी निकलने के दौरान समितियों को परेशानी ना हो।

महाभारत सीरियल के कृष्ण नितीश भारद्वाज 25 को आएंगे

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत (1001 देव रूपों में सुसज्जित बालक - बालिकाओ) का आयोजन 25 सितंबर 2023 दिन सोमवार को गांधी मैदान रामानुजगंज में समय शाम 5:00 बजे से प्रारंभ होगा। डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर छत्तीसगढ़ प्रांत सह महामंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मशहूर फिल्म अभिनेता एवं महाभारत सीरियल में श्री कृष्ण की भूमिका में रहे नितीश भारद्वाज जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे जीनसे मिलने एवं एक झलक पाने लोग आतुर हैं एवं प्रतीक्षा कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत माननीय रामविचार नेताम जी पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा विशिष्ट अतिथि निरंजन पंडा जी (भोपाल) राष्ट्रीय विद्या सहसंयोजक एवं अनिल जोशी जी (रीवा) मध्य क्षेत्र प्रमुख संस्कार भारती होंगे नीरज श्रीधर जी संस्कार भारती झारखंड प्रांत मंत्री, रंजीत सारथी जी जिला अध्यक्ष संस्कार भारती सरगुजा, अध्यक्षता रिखी क्षत्रीय जी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष संस्कार भारती के आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी में सच्चिदानंद तिवारी,(राजा) जिला अध्यक्ष संस्कार भारती रामानुजगंज बलरामपुर संजय मेहता कार्यकारी अध्यक्ष संस्कार भारती संयोजक अनूप तिवारी,सुनील गुप्ता, दिवाकर मुखर्जी, अश्वनी गुप्ता, राहुल गुप्ता, धर्म प्रकाश केशरी, अंकित कलवार, जशु केसरी, मनोज प्रजापति एवं सहयोगी गण होंगे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत माहुलिकर जी प्रांत महामंत्री संस्कार भारती छत्तीसगढ़ करेंगे।

इकलौते जवान बेटे को खोने के बाद आशाहीन दंपति आईवीएफ से बने जुड़वा बच्चों के माता-पिता

रायपुर, 23 सितंबर। रायपुर के प्रतिष्ठित अत्याधुनिक अस्पताल साई बाबा वूमेंस हॉस्पिटल (एसबीएच हॉस्पिटल) में एक दंपति शादी के 20 वर्षों बाद जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने। इस दंपति ने हाल ही में अपने इकलौते जवान बेटे को खो दिया था। यह एक ऐसी त्रासदी थी जिससे इनका परिवार अधूरा हो गया था और दोनो पति व पत्नी भावात्मक रूप से टूट चुके थे। इसके बाद इन्होंने द्व1द्व ट्रीटमेंट के जरिए अपने परिवार को पूर्ण करने का निर्णय लिया और सकारात्मक सोच के साथ उन्होंने एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल को चुना। जब महिला एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल में इनूफर्टिलिटी (आईवीएफ) के उपचार के लिए आई तो उसकी उम्र 41 वर्ष थी। इस महिला को शारीरिक तकलीफें भी थीं, उनका वजन 130 किलो था। 40 से अधिक बीएमआई के साथ उनका यह मोटापा बीमारी की हद तक बढ़ा हुआ था। तब महिला का शरीर गर्भधारण के लिए तैयार नहीं था। एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के फर्टिलिटी एक्सपर्ट ने उन्हें सबसे पहले वजन घटाने की सलाह दी। कई कोशिशों के बाद भी उन्हें वजन कम करने में सफलता नहीं मिली। आखिर साईंबाबा अस्पताल (एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल) के विशेषज्ञों ने बेरियाट्रिक सर्जरी का फैसला किया। इसके एक वर्ष बाद एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने आईवीएफ की योजना बनाई। उस महिला में संतान प्राप्ति की तीव्र चाहत और इरादों के प्रति गंभीरता थी। आईवीएफ के पहले चक्र में ही एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटलके डॉक्टर्स को सफलता मिल गई। मगर इसमें जटिलता बहुत थी। उन्हें समय से पहले ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी, इसलिए अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। जटिलताओं को देखते हुए समय से पहले ही डिलीवरी हेतु सर्जरी करनी पड़ी। तब महिला की उम्र 41 वर्ष थी। हर तकलीफ के बावजूद उन्हें शादी के 20 वर्षों बाद जुड़वा बच्चे हुए, जिनमें एक बेटा है और एक बेटी। समय पूर्व प्रसव होने के कारण उन्हें एसबीएच वूमेंस हॉस्पिटल के ही बाल्य आपातकालीन इकाई एनआईसीयू में रखना पड़ा। आज दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और माता-पिता प्रसन्न हैं। साई बाबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का कहना है, जीवन में चुनौतियों आती ही रहती हैं। उनसे बचना नहीं चाहिए बल्कि स्वीकार करना चाहिए। आशाओं को कभी नहीं खोना चाहिए, विश्वास बनाए रखना चाहिए क्योंकि उम्मीद पर ही दुनिया कायम है।

गोपाल मंदिर में राधाष्टमी की धूम

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। माहेश्वरी महिला समिति, गोपाल मंदिर द्वारा दिनांक 23 सितंबर को राधा अष्टमी के उपलक्ष में भजन संध्या का आयोजन गोपाल मंदिर सदर बाजार में किया गया। जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने भजनों का भरपुर आनंद लिया। भजन श्रीमती रचना चांडक, श्रीमती वंदना चांडक, श्रीमति श्रुति मुंदड़ा, श्रीमती राधिका बागड़ी, श्रीमती कल्पना नत्थनी द्वारा अपनी मधुर आवाज में गाया गया। उनके मधुर भजनों से सभी लोग राधेमय हो गए। भजन व नृत्य के द्वारा पूरा माहौल भक्तिमय हो गया ?। इस कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला समिति की महामंत्रानी श्रीमती ज्योति राठी, नंदा भट्टर, अध्यक्ष श्रीमती प्रगति कोठारी, सचिव श्रीमती कल्पना राठी, नीता लखोटिया, भावना मरदा, नीना राठी, शशि शारडा, रमा मल्ल, माधुरिक नत्थनी, सुनीता लड्ढा, ज्योति शारदा, शशि मोहता, उषा शारडा, शकुंन डागा, सोनबाई सारडा आदि भूतपूर्व अध्यक्ष उपस्थित थी। भजनों के बाद सभी ने प्रसादी का भी आनंद लिया।

निधन

दीपक कुमार मिश्रा

रायपुर, 23 सितंबर। शंकरनगर निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार मिश्रा (सेवानिवृत) पुत्र स्व. विष्णु प्रसाद मिश्रा का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट बूढ़ापारा रायपुर में किया गया। वे जयश्री मिश्रा के पति और राहुल मिश्रा व निधि द्विवेदी के पिता थे।

पुनिया देवी तिवारी

बेमेतरा, 23 सितंबर। ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल, प्रदीप, राकेश, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण, दिलीप, धीरज तिवारी की बड़ी मां, अंकुर, रतन, अंशु, बाबी, हरिओम, प्रखर मनु, प्रांजल तिवारी की दादी थी।



कुमारी बाई शुक्ला

रायपुर, 23 सितंबर। नयापारा राजिम निवासी भुरका वाले श्रीमती कुमारी बाई शुक्ला 80 वर्ष का आज शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार सुबह 10 बजे निवास नयापारा राजिम अरिहंत नगर से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व विद्याभूषण की धर्मपत्नी और भिलाई चरोदा नगर निगम के अभियंता प्रशांत शुक्ला व प्रदीप शुक्ला की माता थी।

यात्री ट्रेन रद्द होने पर भाजपा नेता मौन क्यों है : कांग्रेस

रायपुर 23 सितंबर । रेलवे द्वारा फिर यात्री ट्रेनों को रद्द करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को ट्रेन की सुविधा दिलाने के लिए कांग्रेस ने आंदोलन किया। तब भाजपा के सांसद आंदोलन के खिलाफ बयानबाजी कर रेलवे की काली करतूत को पर्दा डालने में लगे थे। अब रेलवे ने फिर कई ट्रेनों को रद्द करने घोषणा की है। तब भाजपा के बयानवीर सांसदो के मुंह में दही जमा है रेलयात्रियों की समस्यों पर दो लाईन बोलने की साहस नही कर पा रहे है। दुर्भाग्य की बात है भाजपा का प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भी रेल यात्रियों के समस्याओं पर मौन थे। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रेलवे अडानी की मालगाड़ी ट्रेनों को चलाने के लिए जनता की ट्रेनों को रद्द कर रही है और मेंटेनेंस का हवाला दे रही है। अगर मेंटेनेंस के चलते यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है फिर मालगाड़ी ट्रेन उस ट्रैक पर कैसे चल रही है? रेलवे कब तक झूठ बोलकर अडानी कि मालगाड़ी को बेरोक टोक चलाएगी और मुनाफा कमायेगी? लोकल ,एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेन रद्द होने से आम जनजीवन प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि रेलवे जिसका काम जनता की सेवा करना है वो सेवा छोड़कर मुनाफाखोरी में लगी हुई है। आजादी के बाद पहली बार रेल यात्रियों को इतनी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। केंद्र की सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने कहा प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर

रायपुर, 23 सितंबर। केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव रायपुर पहुंची हैं। उन्होंने महिला आरक्षण बिल के लिए प्रधानमंत्री को महिलाओं और बहनों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के माध्यम से सैनिक स्कूल में भी उनका एडमिशन हो रहा है।विधेयक के माध्यम से राजनीति में भी अहम स्थान देने का काम मोदी जी ने किया है। सबको पता था कि यह काम मोदी ही कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के चुनावी माहौल पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा, प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। ये (प्रदेश सरकार) केवल बातें करती हैं. पीएससी का घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।महिलाओं को ये बिल्कुल भी सुरक्षा नहीं दे पाए. अभी चुनाव है, इसमें इन्हें करारा जवाब मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी पर लोगों को भरोसा है। मोदी जी के नेतृत्व में ही प्रदेश और देश में हमें आशीर्वाद मिलेगा।

संजय नगर बेटी बचाओ मंच ने मायका के तीजा उपवास से लौट कर अपने संस्मरण को आपस में शेयर किया

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ मंच संजय नगर की महिलाओं ने मायके में तीज मना कर अपने ससुराल वापसी पर आज संजय नगर बेटी बचाओ मंच के अध्यक्ष संजना तिवारी के निवास में एकत्र हुए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा अमलेश्वर परिक्षेत्र अध्यक्ष स्वरा मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियो ने मायके मे तीजा के अपने संस्मरण को शेयर किए। मायका में भाई-बहनों, सहपाठियों, मित्रों के साथ मुलाकात कर बचपन में खेलकूद, तालाब में तैरना, नोक झोक ,पेड़ों पर चढ़ना व अन्य पुरानी यादों को ताजी कर अपने संस्मरण को सुनाए। इससे पूर्व महिलाओं ने शिव पार्वती तथा नंदी के रूप में मिट्टी के बैल का पूजन किया । प्रसाद के रूप में अपने साथ लाए छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, बबरा,अईरसा को एक दूसरे को शेयर कर खुशियां मनाए। महिलाओं ने तीजा पर छत्तीसगढ़ी गीत में समूह नृत्य कर काफी एंजॉय किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा स्वरा मिश्रा ने तीजा के महत्व को विस्तार से बताया । पदाधिकारी केजई साहू, कावेरी साहू, लक्ष्मी यादव, डागेश्वरी साहू, लता पवार, शशि साहू तथा ऊषा विश्वकर्मा ने अपने संस्मरण सुनाए ।अंत में अखंड सौभाग्य की कामना के साथ संजना तिवारी ने सुहाग सामग्री के रूप में सभी सुहागिनों को चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता, मेहंदी आदि भेंट किया।

कैपिटल जोन का शेष...

छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन...

में जैसे पिछले बार परिवर्तन हुआ, इस बार भी परिवर्तन होगा। पिछली बार भाजपा बहुमत में थी तो परिवर्तन हुआ। लोगों की उम्मीद पर सरकार खरी नहीं उतरती तो लोग परिवर्तन का मन बना चुके होते हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। केंद्र से राज्य को सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर मंत्री गुर्जर ने कहा कि, मोदी सरकार निष्पक्ष सरकार है। सबके साथ समान व्यवहार करती है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, इस संकल्प को लेकर मोदी सरकार काम कर रही है। कोई प्रदेश नहीं कह सकता कि, किसी के साथ भेदभाव हुआ है। सारी योजनाओं का लाभ हर प्रदेश को मिल रहा है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा से घबराई कांग्रेस भरोसे के लिए तड़प उठी : साव

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की आंधी चल रही है। कमीशन, करप्शन और क्राइम की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए छत्तीसगढ़ तैयार है। छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबो देने वालों का दिवाला निकलना तय है इसलिए हार के डर से कांग्रेस की सरकार भरोसे के सम्मेलन करके जनता का धन बर्बाद कर रही है। ये जाते जाते भी जनता के धन को अपने नेताओं पर उड़ा रहे हैं। कोई सरकार अपने राज्य की जनता के धन का कैसा दुरुपयोग कर सकती है, यह भूपेश बघेल ने दिखा दिया है। इस लूटखसोट के अंतिम दिन चल रहे हैं। लुटेरी सरकार जाने वाली है।

साव ने परिवर्तन यात्रा में निकलने से पहले प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान में नफरत बेचने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता व छत्तीसगढ़ के मंत्री मोहम्मद अकबर के क्षेत्र कवर्धा में भगवा ध्वज का अपमान हुआ। हिन्दू समाज ने इसका विरोध किया, तब राज्य सरकार ने न्याय देने की बजाए क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया। हिन्दू समाज को इस सरकार ने प्रताड़ित करने का भरपूर प्रयास किया है। ऐसा दृश्य छत्तीसगढ़ वासियों ने कभी नहीं देखा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि बिरनपुर की सामूहिक नरसंहार की घटना हमने देखी है, किस तरह से साहू समाज के होनहार युवक भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या की गई। अभी कुछ दिन पहले खुर्सीपार में सिख समाज के देशभक्त युवक मलकीत सिंह ने हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया तो कुछ लोगों ने उसकी बर्बरता पूर्वक हत्या कर दी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक में एडिशनल एसपी ऑफिस के पास पार्किंग में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। आखिर हमारे छत्तीसगढ़ में यह सब क्यों हो क्या रहा है? यह कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को किस दिशा में लेकर जाना चाहती है।

कानून का राज नहीं, तुष्टिकरण की राजनीति

साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश में तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कानून का खौफ इन अपराधियों पर नहीं है। भूपेश बघेल की सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। खुलेआम छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण हो रहा है। लव जिहाद की घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस सरकार प्रदेश को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

परिवर्तन यात्रा से घबरा कर कांग्रेस निकाल रही भरोसे की यात्रा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। जनता के आशीर्वाद और भरपूर समर्थन से कांग्रेस घबराई हुई है। कांग्रेस सरकार से जनता का भरोसा उठ गया है इसलिए अब कांग्रेस को भरोसे का सम्मेलन करना पड़ रहा है, भरोसे की यात्रा निकालना पड़ रही है। पौने पांच साल में भूपेश सरकार ने जनता को केवल ठगने का काम किया है।

महिला आरक्षण नारी शक्ति वंदन अधिनियम सशक्त निर्णय

साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिला आरक्षण को पिछले 27 साल से लटकाए रखा था।माताओं बहनों के अधिकार और हक के साथ खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व ने महिलाओं को अधिकार दिया। उन्हें सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया है। महिला आरक्षण अधिनियम दोनों सदन में पारित हो गया है। देश की माताओं बहनों में उत्साह का वातावरण है। कांग्रेस के पास इस विषय पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है। उसका दोहरा चरित्र देश की महिलाओं के सामने उजागर हो गया है।

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा-33 फीसदी आरक्षण से महिलाओं में उत्साह

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने दो केंद्रीय मंत्री रायपुर पहुंचे हैं. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह का रायपुर एयरपोर्ट में महिलाओं ने स्वागत किया. इस दौरान मनसुख मांडविया ने कहा, देश की आजादी के 75 साल बाद महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है. समग्र देश में महिलाओं में खुशी और उत्साह हैं. वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने कहा, छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर है.

कृष्णपाल गुर्जर बोले- छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर

केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने कहा, छत्तीसगढ़ में जैसे पिछले बार परिवर्तन हुआ, इस बार भी परिवर्तन होगा. पिछली बार भाजपा बहुमत में थी तो परिवर्तन हुआ. लोगों की उम्मीद पर सरकार खरी नहीं उतरती तो लोग परिवर्तन का मन बना चुके होते हैं. छत्तीसगढ़ के लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है. निश्चित तौर पर नवंबर में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा.

केंद्र से राज्य को सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर कृष्णपाल सिंह गुर्जर ने कहा, मोदी जी की सरकार निष्पक्ष सरकार है.

सबके साथ समान व्यवहार करती है. सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, इस संकल्प को लेकर मोदी सरकार काम कर रही है. कोई प्रदेश नहीं कह सकता कि किसी के साथ भेदभाव हुआ है. सारी योजनाओं का लाभ हर प्रदेश को मिल रहा है.

राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा



बैरन बाजार गणेशोत्सव समिति, विद्यानगर

सेवा सनातन समिति, टिकरापारा

राधाकिशन समिति, संजय नगर

महादेव घाट गणेशोत्सव समिति

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

अभियोजन को सात अक्टूबर तक कोर्ट में पेश करना होगा जानकारी

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला के प्रकरण की शनिवार को जिला कोर्ट में मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने अभियोजन को शीघ्र रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया जिस पर महाअधिवक्ता संदीप दुबे ने अगली पेशी सात अक्टूबर को पूरी जानकारी देने को कहा। पिछली पेशी में अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक एवं उप महाधिवक्ता संदीप दुबे ने एक आवेदन लगाकर प्रकरण के आरोपियों के किसी ना किसी बहाने से पेशी में नहीं आने को लेकर सवाल उठाते हुए उनकी जमानत निरस्त करने की मांग की थी। इस बीच एक आरोपी ने प्रकरण में हो रही देर के कारण अभियोजन का गवाह प्रस्तुत करने का अवसर समाप्त करने की मांग की थीए जबकि एक अभियुक्त रीता तिवारी के द्वारा एक आवेदन पेशकर आगामी जांच होते तक प्रकरण को रोकने की मांग की थी।

शनिवार को अभियोजन ने दोनों आवेदन पर जवाब देते हुए बताया कि आगे की जांच न्यायालय के आदेश पर चल रही है और अभी तक करीब 40 करोड़ की राशि आरोपित नीरज जैन द्वारा शेयर में निवेश के नाम पर छत्तीसगढ़ के बड़े उद्योगपति को दिया गया हैए जिसमें से करीब 2.5 करोड़ वापस प्राप्त हुआ है। न्यायलय ने आगे पूछा की नार्को टेस्ट और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के आधार पर आगे की जांच के आदेश दिया गया था। उस पर क्या कार्रवाही हो रही ह अभियोजन को शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करना चाहिएए या फिर बता दे कोई अपराधी आगे बनेगा की नहीं या जो अभियुक्त अभी है उन्हीं से प्रकरण आगे चलाए। न्यायाधीश ने अगली पेशी में पूरी जानकारी देने को कहा। अभियोजन की तरफसे संदीप दुबे ने अगली पेशी में सारी जानकारी बताने की बात कही है। प्रकरण की सुनवाई अब सात अक्टूबर को होगी।

आरोपियों की जमानत खारिज होना तय

बहुचर्चित इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले में शामिल और जमानत पर रिहा आरोपितों को सीजेएम भूपेश कुमार बसंत ने कोर्ट पेशी में नहीं आने वाले उनकी जमानत खारिज करने के संकेत दिए हैं। बैंक घोटाले में 15 से ज्यादा आरोपित बनाए गए हैए इसमें से तीन आरोपी फरार और 12 आरोपित जमानत पर है। प्रकरण की सुनवाई में कुछ आरोपी ही कोर्ट में उपस्थित होते हैं। जबकि अधिकांश बीमारी का बहाना बनाकर सुनवाई में नहीं आते है। यह सिलसिला पिछले 12 साल से चल रहा है। आरोपितों को सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट द्वारा इस शर्त पर जमानत दी गई है कि वह अगली बार कोर्ट में सुनवाई के दौरान जरूर उपस्थित रहे लेकिन आरोपित इसे मान नहीं रहे है।

राजधानी में बदमाशों का आतंक

एक ही थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी और बलवा की घटना, कई आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं कोतवाली थाना क्षेत्र में चाकूबाजी और बलवा से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है दिनदहाड़े कालीबाड़ी नेहरू नगर के पास आपसी विवाद के चलते बाप.बेटे ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया है इससे युवक हरीश तांडी घायल हो गया है इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं एक फरार फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है दूसरा मामला पुजारी नगर का है कोतवाली थाना क्षेत्र के चांदनी चौक पुजारी नगर में दो पक्षों के बीच बलवा हुआ है दोनों पक्षों के गणेश पंडाल के सामने बैठने पर विवाद हुआ इसके बाद रातभर दोनों मोहल्लों में घुसकर युवकों ने जमकर तोड़फोड़ की दोनो पक्षों के विवाद करने वाले कई युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है दोनों पक्षों की बड़ी संख्या में महिलाएं थाने पहुंची है दोनों ही मामले की जानकारी देते हुए सिटी एएससपी लखन पटेल ने कहा आज सुबह चाकूबाजी की वारदात हुई है जिसमें आरोपी पिता को गिरफ्तार कर किया गया है आरोपी पुत्र की तलाश जारी है वहीं बलवा मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है मामले की जांच कर और भी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा

250 से अधिक गुण्डा निगरानी बदमाशों की पुलिस ने लगाई परेड, दी समझाईश

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखने के साथ ही अपराधों की रोकथामए अपराधियों पर नकेल कसनेए सुरक्षा व शांति व्यवस्था सहित गणेशोत्सव त्यौहार के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने . अपने थाना क्षेत्रों के गुण्डानिगरानी बदमाशों सहित अपराधिक तत्वों की चेकिंग कर उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिसके तारतम्य में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के नेतृत्व में समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों के पर्यवेक्षण में समस्त थानों प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत् 250 से अधिक गुण्डाध्निगरानी बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों को थानों में तलब कर उनकी परेड़ ली गई तथा उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांति पूर्वक अपने परिवार के साथ जीवन यापन करें। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। कुछ सक्रिय गुण्ड़ा बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं एवं आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने बोरियाकला स्थित हाउसिग बोर्ड कालोनी में हुई सामानों की चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक आरोपी युवक को पकड़ा गया हैं। बताया गया कि प्रार्थी अतुल कुमार सिंह उपअभियंता, नगर पलिक निगम रायपुर ने थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा कुल 1374 ई डब्ल्यू एस फ्लैट का निर्माण वर्ष 2017 के पूर्व हाउसिंग बोर्ड रायपुर के द्वारा कराया गया था जिसे नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा क्रय किया गया है किन्तु वर्तमान में आबंटित नहीं किये जाने के कारण फ्लैट रिक्त है। नगर पालिक निगम रायपुर के आधिपत्य में ब्लाक नंबर 01 से 38, 42 से 46, 56 से 60, 70 से 80 एवं अन्य ब्लॉक में कुल 1374 ई डब्ल्यू एस फ्लैट है। कोई अज्ञात आरोपी उक्त फ्लैटों में तोड़फोड़ कर लगे लोहे की खिड़की, दरवाजे, सीवर लाईन, पी व्ही.सी पाईप एवं पी.व्ही.सी पानी टंकियों को चोरी कर ले गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380, 427 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी मुजगहन को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल व उसके आस.पास लगे सी.सी.टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त मुजगहन निवासी मजहर खान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मजहर खान की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में मजहर खान द्वारा अपने साथी रक्सेल के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना तथा चोरी की कुछ सामानों को राजा कबाड़ी डेहरू दास लहरे एवं सतखोजन दास के पास बिक्री करना बताया गया। जिस पर मजहर खान डेहरू दास लहरे एवं सतखोजन दास के कब्जे से चोरी की 41 नग खिड़की ग्रीलए 05 नग स्टील सिंक, 05 नग दरवाजा एवं 01 नग पानी टंकी जुमला कीमती लगभग 40,00 रूपये जप्त किया गया। आरोपी मजहर खानए डेहरू दास लहरे एवं सतखोजन दास के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर तीनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रहीं है।

इंद्रावती भवन में तीज मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाएं होगी आत्मनिर्भर : कमल वर्मा

नवा रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संचालनालयीन (विभागाध्यक्ष) शासकीय कर्मचारी संघ के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 22 सितम्बर को इंद्रावती भवन में तीज मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा सभी महिलाओं का हल्दी कुमकुम एवं बिंदिया लगाकर स्वागत किया गया, साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ठेठरी, खुरमी, पीड़िया, खाजा के साथ तीज मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों ने गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रोचक बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जगदीप बजाज ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार तीज समारोह का प्रथम आयोजन इंद्रावती भवन में विभागाध्यक्ष कार्यालयों में कार्यरत महिलाओं ने आकर्षक पोषाक के साथ बड़ी संख्या में महिला अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सविता मिश्रा, अपर संचालक, श्रम विभाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को निर्भिकता के साथ आगे आकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत तेजी से हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। देश के विकास में महिलाओं का योगदान काफी प्रंशसनीय है। भारत देश में महिलाओं की तरक्की में पुरूषों के योगदान से ही संभव हो पा रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कमल वर्मा संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने लोक सभा एवं राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर महिलाओ को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह निर्णय देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विगत चार वर्षो में हुए निरंतर कर्मचारी आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेशभर में महिलाओं के योगदान से ही प्रदेश के शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान अनुसार गृहभाड़ा भत्ता, पुरानी पेंशन योजना बहाली, स्टाइपेंड प्रणाली समाप्त करने जैसे अनेक मुद्दो पर सफलता मिली। विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामसागर कौशले ने इंद्रावती भवन में एकजुटता बनाये रखने के लिए महिलाओं के योगदान का प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने तीज पर्व पर महिलाओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की। कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तीज पर्व के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शानदार आयोजन के लिए महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम को मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के सचिव कांति सुर्यवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जय साहू, सुभाष श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा, सुश्री सोनाली तिड़के, सुप्रिया चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में प्रवेश का मुख्य उद्देश्य ज्ञान के साथ-साथ कौशल का विकास करना : कुलपति शुक्ल

महाविद्यालय में आचरण संहिता का पालन करना अनिवार्य : तिवारी

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुकुल महिला महाविद्यालय कालीबाड़ी में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोण् सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि विदेशों की अपेक्षा भारत में महिला की गुणवत्ता एवं शक्ति अधिक है परंतु इसका उपयोग उनकी अपेक्षाकृत कम होता है। महाविद्यालय में प्रवेश का मुख्य उद्देश्य ज्ञान के साथ.साथ कौशल का विकास करना है। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने इंडक्शन का अर्थ बताते हुए छात्राओं को कहा कि महाविद्यालय में रहते हुए सभी शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को तराशने का प्रयास करना है और अपने भविष्य को एक नई दिशा देने की कोशिश करें। कुलपति शुक्ला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडक्शन कार्यक्रम का हिन्दी अर्थ दीक्षारंभ कार्यक्रम होता है जोकि महाविद्यालय का प्रथम सोपान होता है तथा इसका अंतिम सोपान दीक्षांत समारोह के रुप में आयोजित किया जाता है। महाविद्यालय में प्रवेश का मुख्य उद्देश्य ज्ञान के साथ.साथ कौशल का विकास करना है। विद्यार्थियों में जो गुणवत्ता होती है उसें सतह पर लाकर शिक्षको या प्राध्यापकों द्वारा पॉलिश किया जाता है। गुरुकुल की परंम्परा को बताते हुए उन्होने कहा कि यहाँ सभी विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को तराशा जाता है तथा समाज में कार्य करने के लिए उन्हें सौप दिया जाता है। उन्होनें महिला शक्ति की महत्ता को बताते हुए कहा कि विदेशों की अपेक्षा भारत में महिला की गुणवत्ता एवं शक्ति अधिक है परंतु इसका उपयोग उनकी अपेक्षाकृत कम होता है। अतरू उनके आत्मविश्वास और शक्ति को बढ़ाना होगा ताकि हर क्षेत्र में वे आगे बढ़कर काम करें। इसी तरह हमारी भारतीय संस्कृति का परचम दूसरे देशों में फैलाना होगा। अध्यक्ष अजय तिवारी ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य करने की कामना करते हुए महाविद्यालय में आचरण संहिता के पालन की अनिवार्यता को बताया। सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल ने महाविद्यालय की ओर से सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ सीमा चन्द्राकर ने किया। इस अवसर पर नवप्रवेशित छात्रायें महाविद्यालय के प्राध्यापक अशैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित थे।

जैतूसाव मठ में धूमधाम से मनाई गई राधाष्टमी

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। परम्परागत ढंग से इस बार भी राधाष्टमी पूजा जैतूसाव मठ में धूमधाम से मनाया गया। भगवान को छप्पन भोग लगाया गया पश्चात आरती व भक्ति सत्संग का आयोजन किया गया था। इस मौके पर प्रमुख रूप से अजय तिवारी, महेन्द्र अग्रवाल और अन्य सदस्य व श्रद्धालुजन काफी संख्या में उपस्थित थे। पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

राजधानी के पेट्रोल पंप से निकला पानी, ग्राहकों का हंगामा

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल की जगह पानी निकलने का मामला सामने आया हैण् पेट्रोल पंप से पानी निकलता देख ग्राहकों ने जमकर हंगामा कियाण् वहीं इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा हैण् यह पूरा मामला भनपुरी चौक स्थित एचपी बालाजी पेट्रोल पंप का है।

जानकरी के अनुसार, रायपुर के भनपुरी चौक स्थित एचपी बालाजी पेट्रोल पंप में जब ग्राहक पेट्रोल भराने आए तो पेट्रोल की जगह पानी निकलता दिखाई दिया जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और पेट्रोल पंप का विरोध किया लोगों का आरोप है कि पेट्रोल भराने आ रहे हैं लेकिन पेट्रोल की जगह पानी निकलता दिखाई दे रहा है लगभग 15 से 20 गाड़ियों में पेट्रोल भरवा चुके लेकिन पेट्रोल की जगह पानी निकलता दिखाई दे रहा है।

वहीं इस पूरे मामले में एचपी बालाजी पेट्रोल पंप के संचालक विमल तलमले ने कहा कि पेट्रोल की जगह पानी निकल रहा है यह गलत है आज हमारे पास शाम को पेट्रोल आया है उसमें 10: एथेनॉल मिक्स आया है जिसका इनवॉइस भी मेरे पास है कंपनी मुझको 10: एथेनॉल मिला कर दे रही है और सेंट्रल गवर्नमेंट का नियम है नोटिफिकेशन है कि 10: एथेनॉल मिक्स पेट्रोल में नमी के कारण जो पेट्रोल है वह पानी में परिवर्तित हो सकता है। वह पानी नहीं है वह 10: एथेनॉल है।

पिछली रात की वर्षा से शहर तर-बतर निचली बस्तियों में घरों में घुसा पानी

कहीं-कहीं कच्चे घर व वृक्षों के भी गिरने की सूचना

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। विगत तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने कुछ घंटे रूकने के बाद पिछली रात रौद्र रूप धारण कर लिया। बादलों की तेज गरज व बिजली चमकने के साथ ही हुई मूसलाधार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। शहर की तमाम निचली बस्तियों में लोगों के घरों तक पानी भर गया। आधी रात के बाद शुरू वर्षा सुबह 10 बजे के बाद तक चलती रहीं। कतिपय किसानों का कहना है कि यदि अब अक्टूबर में इसी तरह की बारिश होती है तो फसल को नुकसान पहुंच सकता है। कहीं कही इस वर्षा से झोपड़ी कच्चे घर व दरख्तों के गिरने की भी सूचना है।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से लगातार रूक रूक कर वर्षा हो रही थी। कभी सुबह की पाली में तो कभी दोपहर व शाम को वर्षा होती और एक आध घंटे बंद हो जाती थी। गत रात्रि लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच बिजलियां चमकने लगीं और बादल गरजने लगे। इसके साथ ही वर्षा होने लगी जिसने देखते ही देखते रौद्र रूप धारण कर लिया। यह मूसलाधार वर्षा सुबह साढ़े 8 बजे से 9 बजे तक लगातार चलती रहीं। उसके बाद बरसात कम होने लगी और लगभग 10 बजे तक वर्षा थम गई और धूप निकलने लगी। शहर की सभी निचली बस्तियों में पानी भरने लगा। पटरीपार के वार्डो शक्ति नगर, कातुलबोड़, हरी नगर, सिकोला भाठा, सिकोला बस्ती, चपरासी प्लाट, तथा शंकर नगर में प्रताप नगर बस्ती, दुर्गा चौक से हरनाबांधा जाने वाले रास्ते, पद्मनाभपुर में महिला समृद्धि बाजार के पास, अंदरूनी क्षेत्रों की सड़कें व गलियों, केलाबाड़ी, में रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा के पास कचहरी वार्ड, मिलपारा की बस्तियों सहित अनेक स्थानों पर लोगों के घरों तक पानी भर गया था। हालांकि पिछले समय में लगातार हुई नाले नालियों की सफाई के कारण पानी भरने के साथ निकलता भी रहा।

गौरव पथ में भी अनेक स्थानों पर पानी भर गया। हाल ही में गौरव पथ की पानी से हुई दुर्दशा को लेकर भी लोग तरह तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते रहे। महिला समृद्धि के पास स्थित सब्जी बाजार के विक्रेताओं को बाजार के भीतर पानी भर जाने के कारण अनेक पसरा वालों में सड़क पर दूकानें लगा ली थी। भारी वर्षा के चलते पटेल चौक से लेकर स्टेशन रोड ग्रीन चौक की हालत लगातार जर्जर होती जा रही है। इस मार्ग पर अब चलना दूभर हो गया है । सड़क पर हुए गड्डे लगातार गहरे होते जा रहे है। इस मार्ग पर डिवाइडर के कारण भी स्थिति जानलेवा होती जा रही है। सड़क पर पानी भर जाने के कारण यह पता ही लगता कि गड्डा कहां है सड़क कहां पर है। इस मार्ग पर अपोलो फार्मेसी के बाजू में शंकर नगर जाने के रास्ते के प्रवेश द्वार पर भारी पानी रहता है।

विधायक भी निकले : बारिश की स्थिति को देखते हुए विधायक अरूण वोरा, पूर्व पार्षद श्रीकांत समर्थ, प्रवक्ता नासिर खोखर, अपनी टीम के साथ पहुंचे। प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उनकी परेशानियां पूछी। उन्होंने तत्काल ही फोन पर ही निगम आयुक्त से संपर्क कर तत्काल पीड़ित लोगों के निजात दिलाने के लिये कहा।

महापौर व आयुक्त ने देखा वर्षा का असर : महापौर धीरज बाकलीवाल, नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज संयुक्त रूप से जलभराव स्थल का अवलोकन किया। रानी लक्ष्मीबाई चौक के पास नाली में कचरा भर जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही थी। महापौर व आयुक्त ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देकर नाली से कचरा निकलवाया। तब सफाई कराई जा सकी। नगर निगम सफाई कर्मचारियों की टीम ने जगह जगह से नालियों की सफाई कर कचरा निकाला और पानी निकासी की व्यवस्था की।

जिले में अब तक हुई 879.9 मिमी वर्षा : जिले में 1 जून से 23 सितंबर तक 879.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1055.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 613.4 मिमी बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 833.4 मिमी, तहसील धमधा में 883.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 883.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 1009.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 23 सितंबर तहसील दुर्ग में 82.0 मिमी, तहसील धमधा में 93.4 मिमी, तहसील पाटन में 12.0 मिमी, तहसील बोरी में 45.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 37.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 73.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

इस संबंध में संयुक्त संचालक कृषि ललित मोहन गौतम से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि अभी वर्षा की स्थिति नार्मल है मगर यदि अक्टूबर में भी इसी तरह वर्षा होती रही तो स्थिति चिंतनीय हो जायेगी।

विधायक बहा रहे घड़ियाली आंसू - वर्मा : जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विधायक अरूण वोरा द्वारा बरसात देखने नगर भ्रमण करने पर कहा है कि यह विधायक अरूण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल की उदासीनता का नतीजा है कि शहर की यह हालत है। उन्होंने विधायक व महापौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग अपने उत्तरदायित्व के प्रति इतने गंभीर होते तो शहर की यह दुर्गति नहीं होती।

महमरा एनीकेट में ऊपर चल रहा पानी : लगातार वर्षा के अलावा मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ देने के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। महमरा एनीकेट से 4-5 फुट ऊपर पानी चल रहा है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने आसपास के गांव व पुलगांव वार्ड के नागरिकों को भी वस्तुस्थिति के प्रति सावधान कर दिया है।

तीसरे दिन भी नहीं हो पाया सूरज का पोस्टमार्टम

- आम आदमी पार्टी व मृतक के परिजन 50 लाख के मुआवजा व नौकरी की मांग पर अड़े
- भूख हड़ताल भी शुरू, गृहमंत्री साहू से भी मिले परिजन
- आज मुख्यमंत्री निवास जाने की घोषणा

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। राजीव नगर के सूरज साहू हत्याकांड को लेकर आज तीसरे दिन भी मृतक के परिजनों व आम आदमी पार्टी का धरना प्रदर्शन जारी रहा। मृतक सूरज साहू का पोस्टमार्टम धरना प्रदर्शन व आंदोलन के चलते आज भी नहीं कराया जा सका। आज आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मीनाक्षी नगर निवास में लिकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग की है। मंत्री श्री साहू ने पूरा मामला कलेक्टर को अग्रेषित कर देने का आश्वासन दिया है। मंत्री के आश्वासन पर असंतोष व्यक्त करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती, आंदोलन जारी रहेगा और मृतक का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया जायेगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कल 24 सितंबर को आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल भिलाई-3 मुख्यमंत्री के निवास पर पैदल जाकर प्रदर्शन कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा।

उल्लेखनीय है कि राजीव नगर में 12 सितंबर को सूरज साहू की कतिपय युवकों ने डंडे से सिर पर घातक पिटाई कर दी। इस पिटाई से 20-21 सितंबर की दरम्यानी रात सूरज साहू की मौत हो गई। तभी से मृतक के पिता मानिक चंद साहू मृतक की मां व पत्नी आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ आंदोनरत है। इनकी मांग 50 लाख रूपये मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की है। शासन-प्रशासन का कहना है कि हत्या के मामले में मुआवजे का कोई प्रावधान नहीं है। दूसरी तरफ मृतक के परिजनों व आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख डॉ. एस.के.अग्रवाल, मेहरबान सिंह का तर्क है कि जब कोहका भिलाई में मलकीत सिंह हत्याकांड में मलकीत सिंह के परिवार को 10 लाख रूपये मुआवजा, नौकरी दी जा सकती है तो सूरज साहू के परिवार को क्यों मुआवजा नहीं दिया जा सकता। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एक ही प्रकरण में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। डॉ. अग्रवाल मेहरबान सिंह वद्दू आलम ने इस मामले में विधायक दुर्ग शहर अरूण वोरा पर भी संवेदनहीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल : मृतक सूरज साहू के मामले में मुआवजे की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में राधेश्याम साहू, लालाचंद, माया शंकर गुप्ता, सरस्वती साहू, इंदजीत मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, विनीता मिश्रा, राधिका गुप्ता, आरती गुप्ता, व डॉ. अग्रवाल शामिल है।

उल्लेखनीय है कि सूरज की लाश आज भी चीरघर में रखी है।

युवक की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। 21 सितम्बर को प्रार्थी करण ध्रुव पिता सुखदेव ध्रुव साकिन मल्दा थाना नांदघाट ने रिर्पोट दर्ज कराया कि 20 सितम्बर के करीब

- नांदघाट पुलिस की कार्रवाई

9.30 बजे रात्रि में मृतक गवेन्द्र यादव को आरोपीगण अपने साथ अपने घर लेकर गये थे उसके बाद सुबह मृतक की लाश संदिग्ध अवस्था में मिला, जिस पर मर्ग सदर धारा 174 जाफौ. का मर्ग कायम कर जांच पर लिया गया, मर्ग जांच पर पाया गया कि आरोपीगण द्वारा एक राय होकर मृतक को फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने व एवं साक्ष्य छुपाने के लिये अपने बाडी किनारे फेंक देने से अपराध क्रमांक 250/ 2023, धारा 302, 201, 120बी, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सायबर सेल नोडल अधिकारी, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की एवं डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, के द्वारा थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने विवेचना में लगाया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी रामदयाल साहू एवं नोहर साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि मृतक गवेन्द्र यादव आरोपीगण के परिजनों को परेशान करते थे जिसकी जानकारी होने पर आवेश में आकर योजना बनाकर दिनांक घटना समय को मृतक को अपने घर, कोठा में ले जाकर नांगर जोता के नायालोन रस्सी को मृतक गवेन्द्र यादव के गले में डालकर फांसी के फंदे पर लटकाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने एवं साक्ष्य छुपाने के लिये लाश को अपने बाडी किनारे फेंक देना स्वीकार किया।

आरोपी रामदयाल साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 50 साल साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा, नोहर साहू पिता बलदाउ साहू उम्र 23 साकिन मल्दा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक आनंद कुर्रे, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, आरक्षक प्रताप यादव, रूपेन्द्र वर्मा, सुरेश साहू, नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

निजी अस्पताल में बच्ची की मौत से नाराज परिजनों ने किया प्रदर्शन

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आदर्श नगर स्थित एक निजी अस्पताल में दो वर्षीय बच्ची परिधि निर्मलकर पिता प्रेम निर्मलकर की मौत हो जाने से नाराज परिजनों ने आज अस्पताल में काफी प्रदर्शन किया।

मृतका के पिता प्रेम निर्मलकर निवासी बजरंग नगर ने पद्मनाभपुर थाने में लिखित शिकायत कर उक्त अस्पताल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों का आरोप है कि उनकी पुत्री को इलाज के लिये शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां बच्ची की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों की सलाह पर उसे निजी अस्पताल लाकर भर्ती किया गया जहां आज इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि मृत बच्ची परिधि के पिता प्रेम निर्मलकर द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

भाजयुमो ने निकाली प्रदेश कांग्रेस सरकार की शवयात्रा

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी घोटाले में हुए घोटाले को लेकर आज भाजयुमो द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार की शवयात्रा निकालकर पटेल चौक में दाह संस्कार किया। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव का आरोप है कि इस सरकार ने पीएससी में अपने चहेतों का चयन छलपूर्वक किया है। यह प्रदेश के होनहार प्रतिभाशाली युवकों के साथ अन्याय है।

शवयात्रा भाजपा कार्यालय से निकाली गई पटेल चौक पहुंचकर उसका दहन किया गया। इसमें जीत यादव के अलावा जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, मदन बढ़ई, सानिध्य चंद्राकर, जितेन्द्र साहू, उल्लेख साहू, राहूल भट्ट सहित अनेक लोग शामिल थे।

भादवा मेला में जम्मा जागरण की धूम, अंतिम दिन 25 को भंडारा

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित प्रसिद्ध श्री रामदेव बाबा दरबार में आयोजित 10 दिवसीय श्री रामदेव बाबा के भादवा मेला में जम्मा जागरण व भजनों की धूम मची हुई है। देश के प्रसिद्ध भजन गायक अपने प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे है। यह भादवा मेला श्री रामदेव बाबा के शिष्य सोहनलाल बापजी ;चालीसगांव के पुण्य प्रताप और भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में मनाया जा रहा है। भादवा मेला के 9वें

दिन 24 सितंबर को विशाल जम्मा जागरण का आयोजन किया गया है। जिसमें जम्मा गायक गौरव बजाज दुर्ग अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। यह जम्मा जागरण कार्यक्रम रात 10 बजे से शुरु होगा।

भादवा मेला के अंतिम दिन 25 सितंबर को प्रातः11 बजे महाआरती और हवन.पूजन के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन ने बताया कि भादवा मेला में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालु शामिल हो रहे है।

दयानंद सरस्वती की तस्वीर की उपेक्षा से पूर्व छात्रों में नाराजगी

दुर्ग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आर्य समाज के संस्थापक और स्वराज का नारा देने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती की तस्वीर डी ए वी मॉडल स्कूल आर्य नगर दुर्ग के पीछे कचरे के ढेर में पायी गई। आसपास रहने वाले विद्यालय के पूर्व छात्रों ने जब ये दृश्य देखा तो उन्होंने इसे एक गंभीर लापरवाही मानकर स्कूल प्रबंधन समिति के समक्ष नाराजगी व्यक्त की और स्कूल प्रबंधन समिति की निंदा करते हुए कहा कि यह कृत्य स्कूल के ही किसी स्टाफद्धारा किया गया है। आर्य समाज की नींव रखने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती की तस्वीर स्कूल के पीछे कचरे में पाया जाना दुर्भाग्यजनक है। पूर्व छात्रों ने स्वामी दयानंद सरस्वती की तस्वीर को स्कूल प्रबंधन समिति को सौंपते हुए पुनः ससम्मान विद्यालय में लगाने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की घटना होने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफभावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज कराया जायेगा।

इस दौरान स्कूल के पूर्व छात्र दीपकराज पाध्ये, शिवमजीत सिंह, सत्यजीत सिंह, विक्रम शर्मा, दीपांकर चक्रवर्ती, सुरेश कुमार ठाकुर, त्रिलोकी गुप्ता, जगजीत भाटिया, चिनय कानानी, मेहुल कानानी, परवेज खान, दीपक सचदेव, प्रशांत पालीवाल, संदीप पटेल उपस्थित रहे।

महाविद्यालय अतरिया में मनाया गया हिन्दी दिवस

खैरागढ़, 23 सितंबर (देशबन्धु)। बाजार अतरिया में संचालित नवीन महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया प्राचार्य एनएस वर्मा के मार्गदर्शन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां राजभाषा की एकसूत्रता व अखंडता का वर्णन करते हुये महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्नि विधाओं तथा भाषण, गीत, कविता, शायरी के माध्यम से

हिन्दी के महत्व को रेखांकित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सहा.प्राध्या.वनस्पति शास्त्र प्रदीप साहू ने किया वहीं विशेष रूप से सहा.प्रा.इतिहास डॉ.गजेन्द्र साहू, सहा.प्रा.राजनीति शास्त्र सुषमा सेन, सहा.प्रा.रसायन शास्त्र छत्रपाल बघेल, सहा.प्रा.जंतु विज्ञान राधिका पटेल, सहा.प्रा.अर्थशास्त्र रेशमा मारकंडे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.स्मृति कन्नौजे ने किया वहीं कार्यक्रम का संचालन सहा.प्रा.वाणिज्य झामन वर्मा द्वारा किया गया।

हाथियों का आतंक दर्जन भर गांवों में अलर्ट जारी

बालोद/गुरूर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। बालोद जिले में विगत 3 सालों से हाथियों का आतंक जारी है। कभी चंदा हाथी तो कभी दंतेल हाथी मकान, फसलों, सब्जी बाड़ी, गन्ना बाड़ी को नुकसान पहुंच रहा है। जनहानि भी हो चुकी है। वन परिक्षेत्र धमतरी से लौटकर एक दंतेल हाथी वन परिक्षेत्र गुरुर के जंगल में लौट आया है। यहां आने के बाद धान की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

वन विभाग से जानकारी के मुताबिक शनिवार को शाम साढ़े 3 बजे दंतेल हाथी को ग्राम खैरडिगी व बिच्छिबाहरा के जंगल मे देखा गया है, जिसके चलते ग्राम धानापुरी, चुल्हापथरा, सोनाईडोंगरी, टेंगना बरपारा, करियाटोला, हितेकसा, रुपुटोला, गोटाटोला, कंकालिन, नगबेलडीह जैसे अन्य गांवों को अलर्ट पर रखा है। ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से रोका जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार से जनहानि न हो।

इसके पहले चंदा हाथी एवं दंतेल हाथी ने गत वर्ष भी वन परिक्षेत्र गुरुर, बालोद, डौडी, दल्ली, डौडीलोहारा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में धान की फसलों, मकान को नुकसान पहुंचा था, अब फिर से इस तरह हाथी के उपस्थिति के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा हाथी पर निगरानी किया जा रहा है।

महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दिलाई शपथ



खैरागढ़, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण की शपथ रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो यशपाल जंघेल द्वारा सभी स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई। इससे पहले स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के बोटैनिकल गार्डन में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य सुरेश कुमार आडवाणी ने सभी स्वयंसेवकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए स्वच्छ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

शासन की योजना का सफाई कर्मियों को मिला लाभ

भिलाई नगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत सफाई कामगारों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ जांच किया गया और आवश्यकता अनुसार दवाई भी प्रदान किया गया शिविर में सफाई मित्रों को आधार कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्ड जैसी योजना के फार्म भराया गया। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा चरणबद्ध विभिन्न आयोजन के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं विभाग द्वारा जोन क्षेत्र में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट बस के डॉक्टरों ने सफाई कर्मियों के रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड, बुखार की जांच कर निशुल्क दवाई प्रदान किये तथा कर्मियों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया शिविर में सफाई कर्मियों के परिवार के सदस्यों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया वही जिन सफाई मित्रों के आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं। उनका आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर कार्ड बनाया गया तथा शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु फार्म भी भरवारा गया शिविर का आयोजन निगम क्षेत्र के सभी जोन क्षेत्र में किया गया है। पखवाडा के तृतीय चरण मे स्वास्थ्य कर्मचारी डोर टू डोर कचरा संग्रह के दौरान लोगो को गीला एवं सुखा कचरे को पृथक कर रखने की समझाईश दिये।

बारिश से निचली बस्तियों में भरा पानी

आयुक्त के निर्देश से दोनों अंडर ब्रिज से निकाला गया पानी

भिलाई नगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार मध्य रात्रि के बाद से हुए घनघोर बारिश के कारण निचली बस्ती तथा शहर के कई स्थानों पर बरसाती जल भराव की शिकायत निगम आयुक्त रोहित विकास को व्हाट्सएप पर मिलने के बाद आयुक्त ने शनिवार सुबह 6 से निगम के अधिकारियों को वर्षा जल के जमाव को खाली करने मौके पर उपस्थित होने को कहा निगम का स्वास्थ्य अमला जोन आयुक्त के साथ अपने जोन क्षेत्र का भ्रमण कर जल भराव को खाली करने में जुटे रहे विशेष कर साकेत कॉलोनी, चंद्र नगर, इंदू आईटीआई, जवाहर नगर, हुडको कोसानगर, खुर्सीपार में नाली तथा नालों में फसे जलकुंभी पेड़ के डंगाल तथा कचरो को हटाकर सफाई किया इसी प्रकार अण्डर ब्रिज में भर पानी को भी खाली करवाया गया आवश्यकता अनुसार सेक्शन यूनिट से भी कॉलोनी के बरसाती पानी को खाली कराया गया संपूर्ण कार्य की निगरानी आयुक्त श्री व्यास लगातार करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। दूसरी बार 24 घंटे में सितंबर की सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। अब तक के रिकॉर्ड की बात करें तो जलाशयों में निर्धारित क्षमता से कुछ ज्यादा पानी भर चुका है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है।

हमेशा की तरह भिलाई के चन्द्रा-मौर्या टाकीज के समीप बने अण्डर ब्रिज में पानी भर जाने के कारण यातायात पुरी तरह से प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश होने से फोरलेन सहित अन्य कई मार्ग जर्जर हो चुके है। जिस पर पैदल चलना भी काफी खतरनाक हो गया है। निगम भिलाई के आयुक्त ने चन्द्रा-मौर्या टाकीज व सुपेले प्रियदर्शीन के पास बने रेलवे अण्डर ब्रिज का पानी निकलवाने का निर्देश दिया। जिसके बाद दोनों अण्डर ब्रिज से आवाजाही पुनः शुरु हो सकी। इस प्रकार टाउनशिप क्षेत्र में भी कई सेक्टरों में बारिश का पानी लोगों के घरों में घूसने की शिकायत मिली है। आज सुबह लगभग 4 बजे हुए बारिश के बाद कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। सुबह लगभग 9 बजे के बाद बारिश बंद हुई तथा मौसम साफ हुआ। लोगों ने इस पर राहत महसूस की।

पाटन चुनाव छत्तीसगढ़ की अस्मिता बचाने का चुनाव : रघुवर

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा जो दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुइ थी वे पाटन में पहुंची जहां परिवर्तन यात्रा की रथ का हजारों की संख्या में जनमानस ने स्वागत किया और स्वागत के पश्चात विशाल आमसभा का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री ने सबको ठगा है। कांग्रेस की नेत्री प्रियंका गांधी भिलाई आती है जिसके लिए पूर्व में रायपुर के महापौर सड़कों पर गुलाब की पंखुड़ियां बिछा देते हैं और स्कूल एवं कॉलेजों को बंद कर कर भीड़ इकट्ठा किया जाता है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने महिलाओं को छलने का कार्य किया है आंगनबाड़ी की बहनों ने महीनो आंदोलन किया और उस आंदोलन को कुचलने के लिए अनेक प्रकार से षड्यंत्र रचे गए उनके आंदोलन के क्षेत्र में अव्यवस्था फैलाई गई लेकिन उसके बाद भी वह महिलाएं अपने फैसले में अडिग रही और वही आज प्रधानमंत्री नेरन्दर मोदी ने 1974 से चले आ रहे मांग को पूरा किया और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है जो एक सराहनीय पहल है । विजय बघेल ने आगे कहा मैं तो केवल नाम का प्रत्याशी हूं पाटन में प्रत्याशी तो भाजपा का हर कार्यकर्ता है पाटन की प्रत्येक जानता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जब मैं पाटन आया तब मैंने देखा कि यहां तथाकथित मुख्यमंत्री भरे पड़े है। जिला या संभागीय मुख्यालय से भी ज्यादा शानदार जगह पाटन को बना दिया गया। मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहूंगा की पाटन में भव्य रेस्ट हाउस की नहीं उप जेल की जरूरत है क्योंकि जो अत्याचारी लूटखसोट करने वाले, अपराध को बढ़ावा देने वाले, अपराध को करने वाले के लिए उप जेल ही उचित रहेगा । मैं भूपेश बघेल को यही कहना चाहूंगा कि आपका तो वक्त आया है हमारा दौर आएगा। उन्होने कहा सड़क बनाने के नाम पर केवल कमीशन खोरी हो रही है केवल कांग्रेसियों के लिए सड़क का निर्माण हो रहा है। उन्होनें आोरप लगाया कि पाटन क्षेत्रों में अपराधों बढ़ है। अजय चंद्राकर ने कहा नरवा गरवा घुरवा बाड़ी ऐसे चार चिन्हारी को लेकर के यह कांग्रेस की सरकार लगातार केवल आडंबर कर रही है इन्होंने कागजों में 10000 गौठनो का निर्माण दिखाए परंतु आज तक एक गौठन की स्थिति ऐसी नहीं है जहां पर उचित गायों की व्यवस्था हो सके। सांसद और विधायक प्रत्याशी विजय बघेल पूरी मेहनत के साथ पैसा लाने का कार्य कर रहे हैं परंतु उनका केवल दुरुपयोग कांग्रेस सरकार के द्वारा की जा रही है। सभा के मुख्य वक्ता रघुवर दास ने कहा कि देश में जब.जब चुनाव आता है प्रदेश में जब.जब चुनाव आता है कांग्रेस नारा देती है कि कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ परंतु वही कांग्रेस चुनाव के पश्चात पूंजीपति सिंडिकेट शराब कारोबारी कोयला माफिया के साथ मिलकर के घोटाले करने का कार्य करती है देश में 50 साल से ज्यादा पंचायत से लेकर के संसद तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन रघुवर दास ने कहा कि किसी राज्य और देश का भविष्य नौजवान होते हैं परंतु आज छत्तीसगढ़ के नौजवान नवयुवक नशे के गिरफ्त में झोका जा रहा ह नेहरू गांधी खानदान ने ही भारत को आजादी नहीं दिलाए यह तो दूषित इतिहास पड़ा करके महापुरुषों के साथ अन्याय करने वाले लोग हैं कांग्रेसी। आमसभा में भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, पूर्व विधायक दयाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, अरविंदर खुराना, राजू निषाद, खेमलाल साहू, लोकमणी चंद्राकर, लालेश्वर साहू, हर्षा चंद्राकर, लोकेश कुमार साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, कैलाश यादव, उत्तरा सोनवानी, हरिशंकर, विनय चंद्राकर, राजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, शरद बघेल, पोशुराम निर्मलकर सहित अनेक उपस्थित थे।

चुनाव के परिपेक्ष में आईजी ने ली बैठक

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। आज सेक्टर-23 सितम्बर को कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग भिलाई के सभागार कक्ष में पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बद्री नारायण मीणा के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष में जिला दुर्ग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियो की मीटिंग ली गई। जिसमे पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस आई जी कार्यालय श्रीमती सोनिया उके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस ग्रामीण दुर्ग अनंत कुमार सहित जिला दुर्ग के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। मीटिंग में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देश दिए गए। जिसमे संवेदनशील केंद्रों में उत्पन्न होने वाले व्यवधान, क्रिटिकल मतदान केंद्रों की मापदंड की जानकारी, निर्वाचन को शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिए निवारक कानून एवं व्यवस्था की कार्यवाही के संबंध में वृहद चर्चा की गई। उपरोक्त मीटिंग में स्पष्ट रूप से थाना प्रभारियों को क्षेत्र में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों को सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करने, गंभीर अपराधों एवं महिला संबधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने, जिले में अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिक से अधिक कार्यवाही करने आदतन बदमशों की जिला बदर की कार्यवाही हेतु विस्तृत प्रतिवेदन अपराधिक विवरण सहित भेजने निर्देशित किया गया अधिक से अधिक लंबित स्थायी गिरफ्तारी वारंट तामिली करने तथा लाइसेंसी शस्त्र धारकों का शस्त्रों को चुनाव होने के पूर्व थाना, चौकी में सुरक्षार्थ जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी, गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराधो के प्रकरण में आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई कर गिरफ्तार करने के दिए निर्देश।

विवाहिता से दो परिचितों ने किया दुष्कर्म, एक गिरफ्तार, दूसरे को तलाश कर रही पुलिस

भिलाईनगर, 23 सितंबर। वैशाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवाहित महिला को घर पर अकेली पाकर दो परिचित ने मिलकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पति बच्चों के साथ नुआखाई त्यौहार मनाने ओडिशा गया था। वापस लौटने पर पीड़िता पति को आप बीती बताई। रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले में धारा 376(घ), 450, 506 के तहत अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता निर्माणाधीन मकान के स्टोर रुम में अपने परिवार के साथ रहती है और मजदूरी का काम करती है। 17 सितंबर की दोपहर 2 बजे पीड़िता का पति बच्चों को लेकर नुआखाई त्यौहार मनाने के लिए कांटाभाजी जिला बलांगिर ओडिशा चले गए थे। 18 सितंबर की रात में पीड़िता दरवाजे में बिना कुंडी लगाए सो गई थी। रात 11 बजे दो परिचित घर में आए और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पति के ओडिशा से घर लौटने पर पीड़िता ने आप बीती बताई।

महिला आरक्षण बिल पास पर प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकर ने लिखित जारी बयान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से महिला आरक्षण बिल दोनों सदनों में बहुमत व सर्वसम्मति से पास हो गया। राज्य सभा में बिल के समर्थन में 214 वोट डाले गए, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास हो गया था। इससे स्पष्ट होता है कि प्रधान मंत्री की लोकप्रियता देश ही नही अपितु विदेश में भी उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ी है। अब बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद महिला आरक्षण बिल, कानून बन जाएगा, जिसका नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम रखा गया। श्री ताम्रकर ने कहा कि नई संसद का श्रीगणेश महिला आरक्षण बिल पर मुहर लग गई है। श्री ताम्रकर ने कहा कि देश के 95 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं में से करीब आधी महिलाएं हैं, लेकिन संसद में सिर्फ 15 प्रतिशत और राज्य विधानसभाओं में उनकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत है। उन्होनें कहा कि पिछले 27 वर्षो के लम्बे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री ने इस बिल को लेकर महिलाओं को उनका हक प्रदान कियाहै। उन्होनें कहा कि इस बिल के आ जाने से महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ेगी। महिलाओं को आरक्षण देने वाले इस बिल को ऐतिहासिक बताते हुए नपा अध्यक्ष श्री ताम्रकने ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्ति करते हुए इसे एक पावन शुरुआत बताया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के आने से महिलाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। श्री ताम्रकर ने कहा कि विपक्ष आज इन नारी शक्ति वंदन अधिनियम में भी कमियां खोजने में लगा हुआ है।

डेंगू नियंत्रण 1877 घरों का किया गया सर्वेक्षण

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग, दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू नियंत्रण हेतु वृहद सर्वेक्षण, लार्वानाशी के निःशुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान विगत कई महीनों से लगातार चलाया जा रहा है। डेंगू के सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर-1, 2, 3, 4, 5 के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेक्टरों में फागिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं के स्प्रे का कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। विदित हो कि लार्वा सर्वे टीम द्वारा प्रतिदिन घर-घर जाकर कूलर, गमले, पॉट, फ्रीज, वाशिंग मशीन व अन्य स्थानों सहित पानी जमा होने वाले पात्रों की सघन जांच कर लार्वा मिलने पर टेमीफोस का घोल डालकर विनिष्टीकरण किया जा रहा है एवं पात्रों को खाली कराया जाता है। इसके अतिरिक्त लोगों को माइकिंग के माध्यम से तथा पॉम्पलेट वितरण कर डेंगू के लक्षण व रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। 23 सितम्बर के रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 1877 घरों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 1503 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 105 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 83 घरों में स्प्रे किया गया तथा 855 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। विशेषकर इस अभियान के माध्यम से डेंगू के संभावित क्षेत्रों एवं मरीजों का सर्वेक्षण कर संधिग्ध क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग कर फॉगिंग व स्प्रे कार्य किया जा रहा है।

सेक्टर-9 में आयुष्मान योजना 1278 हुए लाभांवित

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र के प्रबंधन ने 23 सितंबर को भारत सरकार की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू की थी। आज 23 सितम्बर को इन योजनाओं की द्वितीय वर्षगांठ पूर्ण हुई है। संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में इन योंजनाओं के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार किया जाता है। पीएम.जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है। जिसका लक्ष्य बीपीएल परिवारों के लिए माध्यमिक और तृतीयक परिवारों के देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये और एपीएल परिवारों के देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 50000 रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है। यह योजना उन लाभार्थीयों को अनुमति देती है, जिसके पास आयुष्मान कार्ड है और जो आंख, ईएनटी, दंत चिकित्सा, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल चिकित्सा, नवजात और सामान्य सर्जरी की बीमारियों के मुफ्त इनडोर उपचार के लिए पात्र है। रिपोर्ट के अनुसार विगत वर्ष, नेत्र विभाग के कुल 432 मामले, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के 341 मामले, नवजात शिशुओं के 332 मामले, नवजात शिशु विभाग, बाल चिकित्सा विभाग के 71 मामले, सामान्य सर्जरी के 63 मामले और ईएनटी विभाग के 34 मामलों के साथ 31 अगस्त 2023 तक कुल 1278 लोग जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र की योजनाओं का लक्ष्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करना और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित करना है।

उन्नत, नेटवर्क सूचना और कंप्यूटिंग पर कार्यशाला

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला सीसीईटी के अध्यक्ष और कलकत्ता डायोसीज़ के मेट्रोपॉलिटन, हिज ग्रेस एलेक्सियोस मार यूसेबियस की उपस्थिति में संपन्न हुई। डॉ. कौशलेंद्र शर्मा, सहायक प्रोफेसर ट्रिपलआईटी नागपुर मुख्य वक्ता थे। कालेज की प्राचार्या डॉ. दीपाली सोरेन ने सभी का स्वागत किया। कार्यकारी उपाध्यक्ष रेव्हण् फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने कार्यशाला की सराहना की और साथ ही कार्यशाला में बड़े उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की भी सराहना की। उपप्राचार्या और समन्वयक डॉ. अर्चना चौधरी की भी सराहना की। यूसेबियस ने अपना अध्यक्षीय भाषण दिया और कार्यक्रम के अच्छे आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। प्रतिभागियों को अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए और अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. चौधरी ने अपना समापन भाषण दिया और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

ट्रक की ठोकर से युवक की मौत

भिलाईनगर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। कल दोपहर ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज में ट्रक की ठोकर से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के दामाद को फोन कर घटना की जानकारी दी। फरार आरोपी ट्रक चालक के संबंध में पतासाजी की जा रही है।

ग्राम सिर्री रनचिराई बालोद निवासी अमन देवांगन ने बताया उसे फोन आया कि आपके ससुर प्रदीप कुमार बांकुरे का ट्रांसपोर्ट नगर में एक्सीडेंट हो गया है। वह जब गांव से ट्रांसपोर्ट नगर आया तो उसके ससुर मृत अवस्था में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के सामने हथखोज सड़क पर पड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने अमन को बताया कि प्रदीप बांकुरे ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज की तरफ जा रहा था तभी करीबन 2 बजे ट्रक चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दी। ठोकर से प्रदीप के ट्रक के चक्का के नीचे आ जाने से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई में आयोजित महिला समृध्दि शिविर में पहुंचे उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव का प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में स्वागत किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबित मांगों पर टी एस सिंहदेव का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि चुनावी अंतिम वर्ष है, स्वास्थ्य कर्मचारीयों को 13 माह का वेतन एक कैलेंडर वर्ष में प्रदेश में देकर देश अन्य राज्यों के लिए उदाहरण व नजीर बन जाए। कोविड काल में अभूतपूर्व सेवाएं ओर विषम परिस्थितियों ओर 24 घटे सात दिवस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाला स्वास्थ्य कर्मचारी को कोविड भत्ता प्रदेश में दिया जाए। स्वास्थ्य कर्मचारीयों की विभिन्न कैडरों में व्याप्त वेतन विसंगति दूर किया जाए, स्वास्थ्य कर्मचारीयों को जोखिम भत्ता सहित संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी को नियमित करने, एन एच एम के कर्मचारियों को अन्य प्रदेशों के भांति रेगुलर कर वेतन मैट्रिक्स अनुसार वेतन देने, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को 25000 रूपये मानदेय, जीवन दीप समिति कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर प्रदेश में एक जैसे भुगतान करने जैसी मांगों पर निर्णय लेने अपील करते हूए जल्द निर्णय लेने निवेदन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग दुर्ग जिले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सी बी एस बंजारे, नोडल अधिकारी डॉ अर्चना चौहान, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पीयम सिंहए अतुल शुक्ला, बीईटीओ देवानंद बंजारे, श्रीमती रीता रानी राय, जिला एकाउंट मैनेजर नायक, जिला समन्वयक आयुष्मान कार्ड देवेश मिश्रा, मितानिन समन्वयक भीखू साहू सहित स्टाफ नर्स, लैब टैक्नीशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोक ओवन कर्मी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक दवारा बेहतर कार्यशैली के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री कनरार ने अगस्त 2023 के लिए मास्टर ऑपरेटर अग्रसेन, मास्टर तकनीशियन शत्रुहन लाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। श्री तरुण कनरार ने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बी पासवान, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक एस के पंचभाई, महाप्रबंधक पी एम राजेन्द्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक जी प्रदीप कुमार, सहायक महाप्रबंधक, एस के शर्मा उपस्थित थे।

पीड़ित परिवार को राजीव ने की 51 हजार की मदद

भिलाईनगर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दु परिषद की क्रमिक भूख हड़ताल का चौथा दिन विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष राजीव चौबे ने पीड़ित परिवार को दी 51 हजार की सहायता राशि प्रदान लचर कानून व्यवस्था और कोहाका में हुए चन्द्रशेखर ठाकुर हत्याकांड में पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग को लेकर विश्व हिन्दु परिषद के शहर अध्यक्ष राजीव चौबे के नेतृत्व में जारी क्रमिक भूख हड़ताल का आज शनिवार को 5वां दिन विश्व हिन्दु परिषद की ओर से प्रदीप पाण्डे भूख हड़ताल पर बैठे साथ ही धरना स्थल पर स्व चन्द्रशेखर ठाकुर का शोकाकुल परिवार भी उपस्थित रहा। जिनमे स्व चन्द्रशेखर ठाकुर की पत्नी सावित्री ठाकुर, ससुर बलदाऊ मांडवी, बहन भुवनेश्वरी मांडवी, अहिल्या बाई, यशोदा बाई, सुखिया बाई, दसमत बाइ, गायत्री व भाभी गोमती बाई और दुलारी बाई भी धरना स्थल पर उपस्थित रही जिनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए राजीव चौबे ने स्व चन्द्रशेखर ठाकुर की पत्नी सावित्री ठाकुर को 51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। विश्व हिन्दु परिषद के शहर अध्यक्ष राजीव चौबे बताया कि घटना को 6 दिन बीत गए हैं और भूख हड़ताल का आज चौथा दिन है किंतु शासन प्रशासन की तरफ़ से किसी ने भी इस गरीब आदिवासी परिवार की सुध नहीं ली है और जब तक स्व चंद्रशेखर ठाकुर के परिवार को सरकार की ओर से उचित मुआवजा, उनकी पत्नी को नौकरी तथा उनके बच्चों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता उनका प्रदर्शन जारी रहेगा धरना स्थल पर विश्व हिन्दु परिषद के जिला कार्य अध्यक्ष पारस जंघेल, उपाध्यक्ष निहाल ठाकुर, मनीष वैष्णव, श्रीमती उपासना साहू, श्रीमती मिथिला खिचरिया, शंकर लाल देवांगन, मदन सेन, शारदा गुप्ता निशु पांडे और स्मृति नगर महिला समाज की सचिव श्रीमती मंजु पाल, सुरेखा मदनाल, रीता तिवारी, लक्ष्मी श्री चटर्जी सहित 40 महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर धरने को समर्थन दिया।

सुधार कार्य के चलते नगर में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

गरियाबंद, 23 सितंबर। नगर में रविवार को सुबह 11 बजे से 2ः30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई ने बताया कि निम्न दाब लाईन का जला केबल बदलने हेतु बिजली लाइन प्रभावित रहेगी। नगर के सिविल लाईन, बस स्टैंड, तहसील रोड, बाजार वार्ड, छुरा रोड, सुभाष चौक, केवीके, पीडब्लूडी ऑफिस, फॉरेस्ट कॉलोनी के अलावा वार्ड 5 ,6, 9, 10, 11, 12, 13, 14 में बाधित होगा।

हड़ताली कर्मचारी से नरमी से पेश आने की बात कहने वाले मुख्यमंत्री ने 4 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की रोजी–रोटी छीनी : मधुसूदन

राजनांदगांव, 23 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसूदन यादव ने आरोप लगाया है कि पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी अपने राज्य सरकार से सर्वाधिक असंतुष्ट हैं और भूपेश सरकार के राज में कर्मचारी आंदोलन का नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। विगत पौने पांच सालों में भूपेश सरकार में सर्वाधिक कर्मचारी आंदोलन हुए हैं और शासकीय सेवक सर्वाधिक प्रताड़ित और शोषित हुए हैं, जिनके आंदोलन को समाप्त करने के लिए राज्य शासन हमेशा दबाव की राजनीति अपनाती रही है और प्रदेश के शासकीय सेवकों का राज्य शासन से विश्वास उठ गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हालही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हड़ताली कर्मचारियों से नरमी से पेश आने का खोखला बयान देकर झूठी वाहवाही बटोरने में लगे हुए हैं, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के इशारे पर प्रदेश के 4000 आंदोलनरत स्वास्थ्यकर्मियों को बर्खास्त एवं निलंबित किया जा चुका है, और इनकी रोजीरोटी छिन चुकी है, जिससे इन कर्मचारियों एवं उनके आश्रित परिवारों को भीषण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इन कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के प्रतिनिधियों से 13 सितंबर को आश्वासन प्राप्त हुआ था की

हड़ताल समाप्त होने के बाद इनकी सेवा में पुन: बहाली की जाएगी जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों की 21 अगस्त से प्रारंभ होकर 24 दिन से चली आ रही लंबी हड़ताल समाप्त हो गई थी, किंतु आश्वासन प्राप्त होने के 10 दिनों बाद भी आजपर्यंत सेवा बहाली हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे इन कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। भाजपा नेता मधु ने आरोप लगाया है की प्रदेश के लगभग 40,000 स्वास्थ्यकर्मियों को दमनकारी नीति अपनाते हुए 24 दिनों की हड़ताल के बाद 13 सितंबर को सीएम के कुछ प्रतिनिधियों ने आंदोलनस्थल पहुंच कर सत्ताबल का राजनैतिक दबाव बनाकर मात्र कोरे आश्वासन के आधार पर हड़ताल को बलपूर्वक समाप्त करवा दिया और उनकी एक भी मांग पूरी नहीं की। इस हड़ताल में अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पहली बार आरएचओ, जूनियर डॉक्टर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू पर्यवेक्षक, नर्सिंग संवर्ग कर्मचारियों की वेतन विसंगति, चिकित्सकों के लंबित वेतनमान, भत्ते एवं स्टाइफंड, मुख्यमंत्री के घोषित विशेष कोरोना भत्ता के साथ ही चिकित्सालयों में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टॉफ के साथ हो रही हिंसा पर रोक और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही मांग कर रहे थे, जिसके निराकरण हेतु राज्य शासन ने कोई ठोस कार्यवाही नही की जो चिंता का विषय है । प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य सेवाओं जैसी अति आवश्यक सेवाओं को दुरुस्त रखना राज्य शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी में से एक है, इसलिए एस्मा लगाकर कर्मचारियों को प्रताड़ित करना कोई समाधान नहीं है, बल्कि हड़ताल का कारण जानना और बातचीत के माध्यम से इसका हल निकालना आवश्यक है ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में हड़ताल की पुनरावृत्ति को रोका जा सके । भाजपा नेता मधुसूदन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो भूपेश सरकार की कर्मचारी वर्ग के प्रति बढ़ती असंवेदनशीलता, गैरजिम्मेदारी और उदासीनता के गंभीर परिणाम आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भुगतने होंगे ।

अवैध शराब बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

पुलिस जनता के लिए 24 घंटे रहती तैनात कानून का ना करे उलल्लंघन : थाना प्रभारी सिंह

दल्लीराजहरा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक, नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में आगमी विवानसभा चुनाव को देखते हुए थाना प्रभारी मुकेश सिंह पुलिस स्टाप के साथ जुआ सट्टा गांजा शराब अवैध कार्यों में लगे अपराधियों पर शिकंजा कसने लगातार कार्यवाही कर रहे है। ज्ञात हो की जब से थाना राजहरा का प्रभार मुकेश सिंह ने संभाला है लगातार एक माह में धारा 110,51 के तहत 28 लोगों को अवैध शराब बेचने व 30 लोगों को सट्टा जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किये है।इसी के तहत 21व 22 सितम्बर को पुराना बाजार के कोमल सारथी से 31 पाव अवैध शराब वार्ड 1 तोरण लाल देवांगन से 19 पाव अवैध शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्ययिक रिमांड पर जेल भेजा है साथ ही वार्ड 13,18 में छापेमारी कर अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी भीषण कुमार साहू के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 1 का ख के तहत कार्यवाही किया गया है इसी के तहत नगर के अलग अलग मौहल्ले में खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट 36च 1 के तहत कार्यवाही की गई है। साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था भी नगर में सुचारू रूप से किया जा कर गुण्डों तत्वों पर अंकुश लगाने का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है जिससे नगर में चोरी व अवैध कार्यों में कमी आई है। जिससे नगर में शांलि का माहौल बना हुआ है।थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने देशबन्धु से कहा की पुलिस आम जनता के लिए 24 घंटे तैनात रहती है। जो भी व्यक्ति शहर में अशांति निर्मित करता पाया जाता है,अवैध कार्यों में लिप्त पाया जाता है साथ ही गुण्डागर्दी अराजकता फैलाने का काम करता पाया जाता है व कानून का उल्लंघन करने की कोशिश करता पाया जाता है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

अवैध शराब में लिप्त आरोपियों को भेजा जेल

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के साथ निकाला कैंडल मार्च

बालोद, 23 सितंबर। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के साथ कैंडल मार्च निकाला। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में कैंडल मार्च निकाला गया। ये कैंडल मार्च शहर के जयस्तंभ चौक से शुरु होकर सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान तक पहुंचा। इस रैली में बड़ी संख्या में नव मतदाता, स्कूली बच्चे, आम जनता और प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में करबो मतदान के थीम के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। मतदाता जागरुकता रैली का नेतृत्व एसडीएम शीतल बंसल और डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने हर व्यक्ति से अपील की। साथ ही साथ ये संदेश देने का प्रयास किया कि मतदान लोकतंत्र का एक महापर्व है यदि हमें एक बेहतर लोकतंत्र का निर्माण करना है तो इसके लिए हमें मतदान का भागीदार बनना होगा। बालोद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील अग्रहरी के मुताबिक लोकतंत्र का महापर्व मतदान आने वाला हैं। इसके लिए हम सभी को जागरुक करने निकले हैं। हम चाहते हैं कि लोकतंत्र की महापर्व में 18 वर्षों से अधिक उम्र का हर व्यक्ति हिस्सेदारी बने। चाहे वो बुजुर्ग हो, दिव्यांग हो, चाहे किसी प्रकार की समस्याओं से भी जूझ रहा हो। प्रशासन ऐसे मतदाताओं को मतदान करने के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। हर व्यक्ति मतदान के महत्व को समझे एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण करने में भागीदार बनें। यही हम सबका लक्ष्य है।

मोहारा के धर्मसभा में गौपालन के लिए दिया गया संदेश

गुरुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। क्रांतिकारी प्रवचनकर्ता बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी जामडी पाटेश्वर धाम जिला बालोद का आगमन ग्राम मोहारा में हुआ , यंहा धर्मसभा एवं प्रवचन का कार्यक्रम मां शीतला युवा संगठन समिति, गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एवं डॉ हरिकृष्ण गंजीर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

क्षेत्र में युग परिवर्तन एक कदम धर्म की ओर भगवान नाम का संकीर्तन संस्कृति धर्म को जनमानस तक पहुंचाने की उदेश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। यंहा गौपालन पर विशेष रूप से प्रवचन किया गया, जंहा उन्होंने हर घर में गौ पालन के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बालक दास महात्यागी के कर कमलों से रक्तदानदाताओ का श्रीफल से सम्मान किया गया। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने बताया कि पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास के द्वारा उनके विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में प्रतिदिन प्रात: 10 से 11 बजे तक 1 घंटे का ऑनलाइन सत्संग आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी भक्तगण जुड़कर अपनी विभिन्न प्रकार धार्मिक समसामयिक जिज्ञासाओं का समाधान बाबा के मुख से प्राप्त करते हैं।

इस अवसर पर डॉ गोपाल साहू, डॉ डीएल गंजीर, नंदकुमार साहू, कुमार साहू, भूषण सार्वा, सूखीत राम नायक, आरएस गंजीर, कमलेश्वर सोनवानी, बसंत निर्मलकर, लिलेश्वर सार्वा, केशव राम धनकर, मोरध्वज साहू, सुरेश कुमार साहू, केदार साहू, कुलेश्वर साहू, घनश्याम भारद्वाज, गोयल साहू, डॉ डामन लाल साहू, हिमाचल साहू, रोमन यादव, खिलान्द धनकर, लिकेश नेताम, दिव्य प्रकाश, डोमेंद्र, नरेंद्र यादव, हुमन धनकर, रुपेश हिरवानी, करण साहू सहित आयोजक व ग्रामवासिंयो का सहयोग रहा।

रक्तदान दाताओं का हुआ सम्मान

भाजयुमो का रक्तदान शिविर कार्यक्रम

गुरुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद ने सेवा पखवारा के अंतर्गत रक्त दान शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बालोद आदित्य पिपरे के नेतृत में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया,इस अवसर पर युवा मोर्चा के साथियों द्वारा रक्त दान किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक गुंदरदही बिरेंद्र साहू ,जिला मंत्री नरेश साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, तोमन साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा,खेमलाल देवागन , विकास जैन ,शरद ठाकुर,जिला किसान मोर्चा मंत्री टुकेश्वर पांडेय, लवण साहू जिलाभाजयुमो मंत्री ,मनीष साहू गुरुर युवा मोर्चा अध्यक्ष , टुमन साहू ,देवेंद्र साहू अर्जुंदा युवा मंडल अध्यक्ष, रौनक कत्याल बालोद शहर मंडल अध्यक्ष,संजय साहू ,कुंदन साहू , रेमन सिन्हा,प्रदीप साहू, टामन साहू ,गोपेश साहू,रूपेश रावटे , शिखर साहू, संजय शर्मा सरपंच , संतोष साहू, बृजेश गुप्ता,आदि उपस्थित थे.

पत्रकारिता पर कार्यशाला आज

कुम्हारी, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आज पत्रकारिता पर कार्यशाला का आयोजन प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा प्रेस क्लब भवन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री आलोक तिवारी (एडिटर इन चीफ हरिभूमि भिलाई) विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता श्री यशवंत साहू (फाउंडर एन्ड एडिटर भिलाई टाइम्स) एवं श्री अंजन कुमार अस्सिस्टेंट प्रोफेसर कल्याण कॉलेज भिलाई) होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब कुम्हारी अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर करेंगे। कार्यशाला का विषय है च्पत्रकारिता में कैरियर एवं चुनौतियांज्ञ इस विषय पर वक्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब सचिव संजय श्रीवास्तव ने दी है।

निधन

दीपक कुमार मिश्रा

रायपुर, 23 सितंबर। शंकरनगर निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार मिश्रा (सेवानिवृत) पुत्र स्व. विष्णु प्रसाद मिश्रा का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट बूढ़ापारा रायपुर में किया गया। वे जयश्री मिश्रा के पति और राहुल मिश्रा व निधि द्विवेदी के पिता थे।



पुनिया देवी तिवारी

बेमेतरा, 23 सितंबर। ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल, प्रदीप, राकेश, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण, दिलीप, धीरज तिवारी की बड़ी मां, अंकुर, रतन, अंशु, बाबी, हरिओम, प्रखर मनु, प्रांजल तिवारी की दादी थी।

डोंगरगढ़ में गणेशोत्सव की धूम

स्थानीय पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं / फर्मों के लिए निविदा आमंत्रित

बेमेतरा, 23 सितंबर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जिले में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, क्रिटिकल घटनाओं की वीडियोग्राफी एवं अन्य निर्वाचन संबंधित कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु स्थानीय पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं / फर्मों से प्रति कैमरा प्रतिदिन की दर पर जिले के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक वर्ष के लिए रेट कांट्रेक्ट हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है 7 निविदा फार्म राशि रूपये 500.00 (रूपये पांच सौ मात्र) जो कि नानरिफंडेबल एवं एक बार देय होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा में जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। प्रतिभूति के. रूप में 50000,00 रूपये (राशि पचास हजार रूपये) बैंक ड्राफ्ट जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा के नाम से निविदाकार को परफार्मेंश सिक्यूरिटी डिपाजिट राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट जमा किया जाना होगा। निविदा प्रपत्र पूर्ण रूप से भरे जाकर बंद लिफाफा में निर्धारित अंतिम दिवस 06 अक्टूबर 2023 समय शाम 3ः00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। निविदा 06 अक्टूबर 2023 को समय 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं निर्देश जिले के वेबसाईट द्धह्लह्लश्च्://ड्डद्गद्वद्गह्लड्डह्ल्ड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर उपलब्ध है।

आज होगा तीजा पोला, गोठ बात व मातृशक्ति सम्मेलन

गुण्डरदेही, 23 सितंबर। जिला साहू संघ बालोद व तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के संयुक्त तत्वाधान मे आज रविवार 24 सितंबर को जिला स्तरीय तीजा पोला गोठ बात एवं मातृशक्ति स्नेह सम्मलेलन का आयोजन तहसील साहू सदन गुण्डरदेही मे होगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तैलिक महासभा महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू होगी अध्यक्षता टहल सिंह साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ होगे विशेष अतिथि के शीलू साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ संदीप साहू अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा युवा प्रकोष्ठ रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन कुमारी साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं साहू समाज के स्थानीय जनप्रतिनिधि रहेंगे कार्यक्रम मे विशेष रूप से महिलाओं के लिए फुगड़ी भंवरा सुरुली कुर्सी मटका फोड़ सुई धागा बिंदी लगाओ प्रतियोगिता रस्सा खींच प्रश्नोत्तरी व तीज चीन का आयोजन होगा।

सुश्री स्वर्णा दिवाकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम बेमेतरा बीटीआई मैदान में होगा

बेमेतरा, 23 सितंबर। जय श्री राम गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में स्वर्णा दिवाकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम बीटीआई मैदान कोबिया में आयोजित किया जा रहा है जिसमें अतिथि के रूप में नारी शक्ति आईएएस सुरुचि सिंह, आईपीएस भावना गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ लीना मांडवी होंगे शामिल जिसमे नगर अंतर्गत निवास रत प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान, समिति के सदस्य गिरीश गवेल ने बताया की रविवार को रात्रि 9ः00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए नगर वासियों को आह्वान किया गया।

बाकलेडी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़, 23 सितंबर। ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित ग्राम बांकलेडी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम उपस्थित थे । जिसमे अध्यक्ष श्री जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार से प्रतियोगिता को एकता के साथ सफल बनाए हो उसी प्रकार से गांव में सभी प्रकार की धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम को मिलजुल कर मनाने की अपील की गई । कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपसरपंच मनबोध कुंजामए मानिक सेन एआनंदी एमनीरामए सर्वदमन सेन सहित खिलाड़ी बंधु ग्राम वासी गण उपस्थित थे।

सांसद पांडे ने आचार्य विद्यासागर का लिया आशीर्वाद

डोंगरगढ़, 23 सितंबर। स्थानीय चंद्रगिरी तीर्थ स्थल में पहुंचे जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी के दर्शन के लिए शनिवार को जिले के सांसद संतोष पाण्डेय जी पहुंचे । उन्होंने यहां आचार्य श्री का दर्शन कर हथकरघा से बनाए जा रहे वस्त्रों का अवलोकन भी किया । इस दौरान ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्माए शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन ए सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटीए दुर्गेश साहूए राजू जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

नपा के महिला सफाई कर्मचारियों को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी

बालोद, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बालोद के महिला सफाई कर्मचारियों को मातृत्व वंदना योजना / डिलवरी के नाम पर ठगी, नटराज पेंसिल कंपनी में ऑनलाईन के माध्यम से जॉब ऑफर के नाम पर ठगी, क्रेडिट कार्ड फ्राड, नल जल योजना, सुकन्या योजना की राशि दिलाने के नाम पर ठगी की जानकारी दी गई। महिला सफाई कर्मचारियों को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी, अपराध व संरक्षण एवं उनके अधिकारों से अवगत कराया जाकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ अभिव्यक्ति एप इंस्टाल कराकर यूजर गाइडेंस की जानकारी दी गई।

जिस प्रकार देश की सुरक्षा के लिये जवान तत्पर रहते है उसी प्रकार देश की सफाई कर्मचारी देश के अंदर गंदगी को साफ करने का काम करते है देश को साफ – सुथरा बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जिन्हे सुरक्षा / अपराध / संरक्षण के संबंध में जागरूक करने के लिये बालोद पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर मातृत्व वंदना योजना/डिलवरी के नाम पर ठगी, नटराज पेंसिल कंपनी में ऑनलाईन के माध्यम से जॉब ऑफर के नाम पर ठगी, क्रेडिट कार्ड फ्राड, नल जल योजना, सुकन्या योजना की राशि दिलाने के नाम पर ठगी, फोन पे / गूगल पे/पेटीएम कैश बैक ऑफर, व्हाटसअप अडल विडियो कॉल, क्रेडिट कार्ड के संबंध में ठगी एवं महिला सफाई कर्मचारियों को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी, अपराध व संरक्षण एवं उनके अधिकारों से अवगत कराया जाकर जागरूक किया गयाद्य महिला सफाई कर्मचारियों को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर अभिव्यक्ति एप के बारे में ह्यश्ह्य प्रणाली इसके माध्यम से संकट में फंसी महिलाओं/बालिकाओं को तत्काल पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती हैष्टश्द्बश्चद्यड्डद्बठ्ठह्ल प्रणाली के उपयोग में कोई भी महिला / बालिका किसी भी स्थान से सीधे ऐप टाईप कर अथवा कागज पर लिखे शिकायात को अपलोड कर पुलिस तक अपना शिकायत पहुंचा सकती है।महिला एवं बाल सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराध, रोड़ एक्सीडेंट, सायबर फ्रॉड / सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया गयाताकि महिला सफाई कर्मचारियों अपने – अपने गांव / क्षेत्रों में आम नागरिकों को प्रचार–प्रसार किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में सायबर सेल बालोद से आरक्षक योगेश गेडाम, महिला सेल सउनि सीता गोस्वामी, मन्नु गोटा, मोहम्मद जाकिर व संदीप कुमार साहनी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका परिषद बालोद उपस्थित रहें।

अपराध, संरक्षण व उनके अधिकारों से अवगत कराकर किया गया जागरूक

मुख्यमंत्री शहरी स्लम मोबाइल मेडिकल यूनिट सफाई कर्मचारियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

दल्लीराजहरा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 21 सितंबर 2023 को नगर पालिका परिषद कार्यालय में भी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित होने वाले मोबाइल मेडिकल यूनिट के टीम द्वारा स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाऔर नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराया गया साथ ही साथ शासन के विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया। एवं योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरवाए गए। शिविर में नगर पालिका के अध्यक्ष शिबू नायर स्वप्निल तिवारी समस्त पार्षद एवं एल्डरमैन, नगर पालिका परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी उप अभियंता योगानन्द सोम स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक रामगोपाल सिन्हा , के साथ समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं नगर एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में मोबाइल मेडिकल यूनिट 2 के टीम से विकाश वर्मा परियोजना प्रबंधक डॉ. अजय जांगड़े , एएनएम लीना देवांगन, लैब टेक्नीशियन देवव्रत देवांगन फार्मासिस्ट सोमेंद्र नेताम ड्राइवर सुधीर सहारे का विशेष सहयोग रहा।

क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने कहा सौरभ निर्वाणी का निष्कासन स्वागत योग्य

बेमेतरा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस द्वारा सौरभ निर्वाणी का निष्कासन किया जाना स्वागत योग्य है ,उक्त आशय के बयान बेरला जनपद अध्यक्ष श्रीमती हीरा देवलाल वर्मा, बेरला जनपद उपाध्यक्ष नवाज खान, बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे, बेरला नगर पंचायत उपाध्यक्ष भारत भूषण साहू, बेमेतरा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा ने एक साथ प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है, कि सौरभ निर्वाणी और उनकी पत्नी प्रज्ञा निर्वाणी ने हमेशा पार्टी और पार्टी के बाहर रहकर कांग्रेस को नुकसान ही पहुंचने का काम किया है, और उनकी निष्ठा को लेकर हमेशा से सवाल खड़े हुए हैं, जिसके चलते इन्हें कांग्रेस पार्टी में एक से अधिक बार बाहर का रास्ता दिखाया गया है, उनकी गतिविधियों से पार्टी अवगत भी रही है, सर्वप्रथम इन्होंने वर्ष 2009 के जनपद अध्यक्ष बेमेतरा के चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती शशि प्रभा गायकवाड़ के खिलाफ अपनी पत्नी को चुनाव में लड़ा कर पार्टी विरोधी कार्य किया था, पश्चात इन्होंने सन 2014 के नगर पालिका परिषद बेमेतरा अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मंगल साहू के खिलाफ चुनाव लड़कर पार्टी से बगावत किया था पश्चात इन्हें कांग्रेस से निकल बाहर किया गया था, और दूसरे दल मे दोनों ने दामन थाम लिया था, यही नहीं सन 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बाहर रहकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कार्य किया था, लेकिन 2018 के चुनाव में कांग्रेस के सत्तासीन होने के बाद इन्होंने जोड़-तोड़कर कांग्रेस में प्रवेश तो ले लिया और कांग्रेस के समर्थन से अपनी पत्नी को जिला पंचायत सदस्य बनाने में सफल हो गए, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा की भावना थमी नहीं और इन्होंने अपनी पत्नी को बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का प्रयास शुरू कर दिया, जिसमें इन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षी भावना यही नहीं थमी आसनन विधानसभा चुनाव को लेकर एक बार फिर महत्वाकांक्षी भावना उबाल मारने लगी और बेमेतरा विधानसभा से प्रत्याशी बनने के लिए अपनी पत्नी प्रज्ञा निर्वाणी को आवेदन पेश करवा दिया ,लेकिन इनको जैसे ही दावेदारी को लेकर पानी फिरता नजर आने लगा, इन्होंने पार्टी के खिलाफ मोर्चाबंदी करते हुए खिलाफत शुरू कर दी, जिसे पार्टी ने गंभीरता से लिया और दोनों पति-पत्नी के खिलाफ अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की है ,जो स्वागत योग्य ता है लेकिन कुछ लोगों ने लामबद्ध होकर प्रेस के माध्यम से उनके निष्कासन को रद्द करने की जो मांग की जा रही है वह सर्वथा अनुचित है क्योंकि सौरभ निर्वाणी और उनकी पत्नी प्रज्ञा निर्वाणी पदलोलुपता और महत्वाकांक्षी भावना के प्रतीक हैं, ये पार्टी के लिए तभी काम करते हैं जब इनका स्वार्थ सधता है अन्यथा है ये कहीं नजर नहीं आते पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल को देखा जाए तो इनकी सक्रियता कांग्रेस के कार्यक्रम मे कम और अखबारों में अधिक नजर आती है, यही नहीं विगत तीन विधानसभा चुनाव की ओर दृष्टि डालें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इनका पार्टी में कोई योगदान नहीं रहा है, और भविष्य में भी इनके रहने या नहीं रहने से पार्टी को कोई लाभ नहीं होने वाला है, इसलिए कांग्रेस संगठन ने इन्हें जो पार्टी से निकाल बाहर करने का काम किया है वह स्वागत योग्य है ।

कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की दृष्टि से किया कृषि उपज मंडी बोर्ड का निरीक्षण

बेमेतरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की सिलसिले में कृषि उपज मंडी परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की दृष्टि से आवश्यक सभी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए लोकनिर्माण विभाग एवं कृषि उपज मंडी सचिव को निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी परिसर से ही विधानसभा निर्वाचन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य इसी परिसर में होती है। इसलिए आवश्यक सभी महत्वपूर्ण तैयारी शीघ्रता से पूरा करे। विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल समाग्री का वितरण,मतदान दल की रवानगी, दोनो विधानसभा क्षेत्र का स्ट्रांगरूम, मतगणना रूम, एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त आब्जर्वर का मॉनिटरिंग कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी का मॉनिटरिंग कक्ष, सीसीटीवी रूम, सुरक्षा अधिकारियों का कक्ष एवं कानून तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा जवानों के ठहरने की पूरी व्यवस्था इसी नवीन कृषि उपज मंडी परिसर किया जाता है। कलेक्टर ने विधानसभावार मतपेटी वितरण एवं मतगणना के दौरान लगने वाले सावधानियों के बारे में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अन्य स्टाफ भी उपस्थित थे ।

आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सा कार्यालय मे किया गया कार्यशाला का आयोजन

बेमेतरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पांचवी वर्षगांठ व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कलेक्टर एल्मा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में आज कार्यशाला का आयोजन आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर किया गया कार्यशाला में हितग्राहियों और आमजन को योजना की विस्तृत जानकारी के साथ मोबाईल एप्प से हितग्राही स्वत: ही कार्ड कैसे बना सकते हैं उसका विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया व आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक पंजीकृत चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार सुविधा प्रदान किया जाता हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत गंभीर बिमारियो हेतु 25 लाख तक नि:शुल्क ईलाज प्रदान किया जाता है 7 इस हेतु भी हितग्राहियों के पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है। इस अवसर पर डॉ जी एल टंडन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस आर चुरेन्द्र सिविल सर्जन, लता बंजारे जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार साहू जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ स्वाति यदु अस्पताल सलाहकार, जिला चिकित्सालय से समस्त विशेषज्ञ व चिकित्सक, कर्मचारीगण व मितानीन प्रशिक्षक उपस्थित थे ।

जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

- समापन समारोह में पहुंचे डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू
- शिक्षकों के वेस्ट से बेस्ट को सराहा

खैरागढ़, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार जिला केसीजी में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ सहायक शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी आयोजित हुई। केसीजी में पहले विकासखंड स्तर पर यह आयोजन संपन्न हुआ था जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राथमिक व माध्यमिक विभाग के लगभग 40 शिक्षकों ने जिला स्तर पर अपनी सहभागिता दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों द्वारा गणित, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी से संबंधित क्षेत्र का चयन कर एक टीम के माध्यम से विज्ञान, गणित को रोचक तरीके से प्रदर्शित करने एक सिस्टम तैयार कर उसके माध्यम से शिक्षकों की क्षमता, विकास व बच्चों के लिए नवाचारी पठन-पाठन सामग्री का निर्माण करना था। जिसमे जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला के समापन समारोह में पहुंचे जिले के डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और शिक्षकों के वेस्ट से बेस्ट जुगाड़ को सराहा प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक विभाग के गणित विषय में राजेश प्रजापति प्राशा देवरी प्रथम, कोमलचंद कोठारी प्राशा कोहकाबोड़ द्वितीय तथा रूपेश कुमार देशमुख को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह विज्ञान विषय में अरुणा भारद्वाज प्राशा कटंगीकला प्रथम, गोपेश्वरी साहू प्राशा पिपरिया द्वितीय व नीता कोसरे प्राशा कानीमेरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं माध्यमिक स्तर पर गणित विषय में दिलीप तोड़े माशा पिपरिया प्रथम, जयनारायण सिंह अकरजन द्वितीय और देवकुमार वर्मा जंगलपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसी तरह विज्ञान विषय में ऐनु तोड़े माशा दिलीपपुर प्रथम, दुलेश्वरी ठाकुर देवरचा द्वितीय तथा होरीलाल कुर्रे डोकराभांठा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में पहुंचे प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी केवी राव ने शिक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए हिदायत दी कि टीएलएम का अधिकाधिक उपयोग कक्षाओं में हो जिससे बच्चों को विषय वस्तु को सीखने में मदद मिल सके प्रदर्शनी में हिस्सा लेने पहुंची पूर्व माध्यमिक शाला दिलीपपुर की शिक्षिका ऐनु तोड़े ने टेक्नोलोजी का प्रयोग करते हुए चंद्रयान 3 के विक्रमलैंडर से प्रज्ञान रोवर निकलना और चंद्रमा की सतह पर चलना कौतूहल और आकर्षण का केंद्र रहा श्रीमती तोड़े ने बताया कि कक्षा आठवीं के छात्र गिरवर वर्मा, तुषार वर्मा, युवराज वर्मा ने सर्वप्रथम क्लास में ही रोवर को चलाकर दिखाया उनका उत्साह देखकर मैं भी प्रेरित हुई और उन्हें दिशा दी इसका श्रेय बच्चों को ही जाता है।विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में बीईओ नीलम सिंह राजपूत, रमेंद्र डडसेना, किशोरी लाल अमेला एबीईओ खैरागढ़, गिरेंद्र सुधाकर एबीईओ छुईखदान, बीआरसी सुजीत चौहान, सतीश श्रीवास्तव, शिक्षक निमेष सिंह, प्रयाग सिंह, भगवती प्रसाद सिन्हा, चंद्रशेखर गुनी, भानु मेश्राम, निखिल सिंह, तोपचंद वर्मा, कोमल कोठारी, रविंद्र चावड़ा, ईश्वर रजक, सुनील यादव, अमित श्रीवास्तव, विभाष पाठक, शिल्पी विश्वास, किशोर शर्मा, शिरीष पांडे, सतीश टांडेकर विनीता दीक्षित व मनोज वर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

छेड़छाड़ के आरोपियों को तीन-तीन साल के कारावास की हुई सजा

खैरागढ़, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने नाबालिग से छेड़छाड़ के दो आरोपी गजेन्द्र साहू पिता ललित साहू उम्र 19 वर्ष एवं दुर्गेश मण्डावी पिता रामपाल मंडावी उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम घानीखूंटा को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। घटना की जानकारी देते हुये अपर लोक अभियोजक अलताफ अली ने बताया कि वर्ष 2022 में 7 फरवरी को नाबालिग लगभग 2-15 बजे अपनी सहेली के यहां पुस्तक लेने गई थी किन्तु उसके घर में ताला लगे होने से वह वापस लौट रही थी। तभी उसके सहपाठी गजेन्द्र साहू ने उसका रास्ता रोककर उसे साथ चलने के लिये कहा पर पीड़ित नाबालिग ने मना कर दिया तब आरोपी उसके दाहिने हाथ को जबरदस्ती पकडक़र खींचते हुये ले जाने लगा और आवाज देने पर उसका मुंह दबा दिया, अपने कंधे पर उठाकर सह आरोपी दुर्गेश मंडावी के घर ले जाकर दरवाजा बंद कर दिया और उससे प्यार करने की बात कहने लगा, नाबालिग द्वारा मना करने पर उसके सीने को छुने लगा तब वह डरकर आवाज देने लगी जिसे सुनकर उसका चचेरा भाई पहुंच गया और दरवाजा खोलकर पीड़िता को बाहर निकाला घटना के बाद आरोपियों तथा पीड़िता के भाईयों के बीच विवाद हुआ जिसके बाद पीड़िता ने अपमानित होने पर आत्महत्या करने की मंशा से कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसे शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया और उपचार के बाद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई घटना में पुलिस थाना खैरागढ़ द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना किया गया और आरोपियों के विरूद्ध सबूत पाये जाने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया प्रकरण में पूरी विवेचना के बाद अभियोग पत्र विद्वान न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष विचारण के लिये पेश किया गया जहां पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता अलताफ अली ने पैरवी की अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप ने अपना निर्णय पारित करते हुये आरोपी गजेन्द्र साहू को धारा 342 भादसं के अपराध में 6 माह का कारावास व 500 रूपये अर्थदण्ड, धारा 363 भादसं के अपराध में 3 साल का कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 509 भादसं के अपराध में 1 साल का कारावास व 500 रूपये का अर्थदंड वहीं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अपराध में 3 साल का कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। इसी तरह प्रकरण के दूसरे आरोपी दुर्गेश मुंडावी को धारा 363 भादसं के अपराध में 3 साल का कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 16/17 के अपराध में 3 साल का कारावास व 500 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

त्रैमासिक परीक्षा की तिथि घोषित नहीं, बच्चों, पालकों व शिक्षकों में भ्रम

- टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को लिखा पत्र

कवर्धा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पहले ही स्कूल की गतिविधियों, परीक्षा की संभावित तिथियों, अंकसूची या प्रगति पत्रक, प्रश्न-पत्र व उत्तरपुस्तिका के व्यवस्था उच्च कार्यालय से या फिर संस्था स्तर से किया जाना है, यह सब स्पष्ट होना चाहिए, लेकिन सितंबर माह के अंतिम सप्ताह आने के बाद भी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में त्रैमासिक परीक्षा के तिथि का निर्धारण अब तक नहीं होने से बच्चों, पालकों व शिक्षकों में भ्रम की स्थति निर्मित है. इसी को दृष्टिगत रखते हुए छग टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग किया है. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि कक्षा पहली से आठवीं तक त्रैमासिक परीक्षा की तिथि सामान्यत: जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा निर्धारित किया जाता है. अत: त्रैमासिक परीक्षा की तिथि अविलंब घोषित किया जावे. यह भी स्पष्ट किया जावे कि प्रश्न-पत्र, उत्तरपुस्तिका व प्रगति पत्रक ब्लॉक से प्रदान किया जाएगा या फिर स्कूलों को राशि प्रदान कर स्कूल स्तर पर ही व्यवस्था कराया जाएगा. विगत सत्र में कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के लिए उच्च कार्यालय से प्रगति पत्रक प्रदान किया गया था. अत: वर्तमान सत्र के लिए स्थिति स्पष्ट करने की आवश्यकता है. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी, रविन्द्र चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, सुरतिया साहू, राजेन्द्र कौशिक, देवानंद चन्द्रवंशी आदि ने बच्चों, पालकों व शिक्षकों के भ्रम को दूर करने हेतु त्रैमासिक परीक्षा की तिथि, प्रश्न-पत्र, उत्तरपुस्तिका व प्रगति पत्रक की व्यवस्था के संबंध में स्थिति अविलंब स्पष्ट करने की मांग डीईओ से किया है.

श्रमिक हित को लेकर अनिश्चित कालीन धरने में बैठे भारतीय मजदूर संघ

कवर्धा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया द्वारा; दिनांक 22/09/2023 से श्रमिक हित को लेकर अनिश्चित कालीन धरने में बैठ है जिसका आज दूसरा दिन है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रमिक शामिल हैं । संघ के महामंत्री ललित चंद्रवंशी ने बताया कि पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से भारतीय मजदूर संघ ने अपनी 7 सूत्रीय मांगो को प्रबंध संचालक महोदय के समक्ष रखा था लेकिन प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा उचित आश्वासन नहीं मिलने के कारण संघ को धरने में बैठने पर मजबूर हुआ,,आज इस धरना प्रदर्शन का दूसरा दिन हैं लेकिन अभी तक कारखाना प्रबंधन द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन नही मिला हैं, जब तक मांगों को प्रशासन के द्वारा नहीं पूरा किया जाता है श्रमिक हित में धरने पे बैठे रहेंगे।

ठेका श्रमिको का कार्यानुभव व योग्यता अनुसार एवम कारखाना में कार्यरत अन्य श्रमिको का जिस तरह से मुस्त वेतन वृद्धि किया गया है उसी तरह। सभी ठेका श्रमिको का एक मुस्त वेतन प्रदान किया जाए। ठेका श्रमिक एक मुस्त मासिक वेतन के लिए पात्र नहीं हो पाता है उन सभी ठेका श्रमिको के उच्चकुशल,कुशल दर में वेतन वृद्धि किया जावे। रिकवरी बोनस अभी ठेका श्रमिकों को दिया जावे। सभी श्रमिको को दिवाली बोनस त्यौहार से पूर्व दिया जावे। पूर्व में कार्यरत श्रमिको को ही कार्य में रखा जाए तथा जिन श्रमिको का स्थान परिवर्तन किया गया है,उनको पुन: उनके स्थान पर रखा जावे। पेराई सत्र 2023-24 में समस्त श्रमिकों का साप्ताहिक अवकाश समाप्त किया जाए। ऑफ सीजन में यदि ठेका श्रमिकों से साप्ताहिक अवकाश में कार्य लिया जाता है तो उस दिनांक का अतिरिक्त भुगतान किया जावे।

टीचर और प्रिंसीपल पर छात्र के पैरेंट्स ने उनके बच्चे के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

बालोद, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम के टीचर और प्रिंसीपल पर एक स्टूडेंट के पैरेंट्स ने स्कूल कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।छात्र के पैरेंट्स ने टीचर पर उनके बच्चे के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। प्रिंसीपल पर भी परेशान करने का आरोप लगा है। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी जांच कराने की बात कही है। पैरेंट्स ने जिस टीचर पर मारपीट का आरोप लगाया है उनका नाम सागर यादव है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बिना कारण सागर यादव उनके नौवी क्लास में पढ़ने वाले बेटे को परेशान करते हैं। उसके साथ मारपीट की जाती है। पैरेंट्स ने आरोप लगाया कि टीचर की मारपीट से उनके बेटे के कान, नाक, गाल में काफी दर्द है। छात्र के मां पिता संदीप सोनवानी और नीतू सोनवानी ने मार्कशीट में भी छेड़छाड़ कर उनके बेटे को फेल करने का आरोप टीचर पर लगाया है। पैरेंट्स का आरोप है कि पहले छात्र के साथ मारपीट की गई उसके बाद प्राचार्य ने उसे 10 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया। थाने में दर्ज लिखित शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उनका बेटा स्कूल में फुटबॉल खेल रहा था तभी टीचर ग्राउंड में पहुंचे और जोर जोर से उसके गाल में थप्पड़ जड़ दिया। छात्र की मां नीतू सोनवानी ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देते हुए टीचर और प्रिंसीपल पर कार्रवाई की मांग की है। थाने में शिकायत के बाद छात्र का मेडिकल टेस्ट किया गया है।

पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल साव ने कहा कि छात्रा के माता-पिता मेरे पास नहीं आए थे। वे सीधे थाने गए थे और थाने से जानकारी मिली है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच की बात कही है। देखना होगा कि जांच के बाद क्या होता है। फिलहाल स्कूल में चॉर्टली एग्जाम चल रहे हैं स्टूडेंट्स को परीक्षा में बैठने को कहा गया है।

कलेक्टर ने ली शिक्षा अधिकारियों व विषय विशेषज्ञों की बैठक

बेमेतरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सफलता को देखते हुए और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप अबआगामी 25 सितंबर से स्वामी आत्मानंद कोचिंग की भी शुरुआत हो जाएगी ।जिसमें विषय विशेषज्ञ प्री मेडिकल और प्री इंजीनियरिंग की ऑनलाइन कोचिंग देंगे । सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 12वीं के अध्ययनरत छात्रों को छत्तीसगढ़ सरकार जेईई, नीट के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग में 60त्न या उस से अधिक के साथ दसवीं उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा साथ ही अभ्यर्थी को शासकीय विद्यालयों में 12वीं का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थी ही इसके लिए पात्र माने जाएंगे । ज़िले के हर विकासखंड से 50 -50 छात्र की संख्या भी निर्धारित की गई है और उससे अधिक संख्या में आवेदन आने पर मेरिट क्रम के हिसाब से छात्रों को मौका मिलेगा इसमें छात्रों को विषय विशेषज्ञों की ओर से गाइडेंस दी जाएगी। साथ ही छात्रों की पूरी तरह से तैयारी कराई जाएगी । कि वे जेईई और नीट की परीक्षा निकाल सकें और अच्छे कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

इसी को लेकर कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज यहां ज़िला शिक्षा कार्यालय में स्वामी आत्मानंद कोचिंग'' की शुरुआत के संबंध में ज़िला शिक्षा अधिकारीअरविंद मिश्रा सहित स्टाफ, चयनित कोचिंग सेंटर शालाओं के प्रचार्य, बी.ई.ओ., बी.आर.सी. एवं गणित, जीव विज्ञान, भौतिक रसायन विषय के विशेषज्ञ व्याख्याताओं की बैठक ली। उन्होंने सभी ज़रूरी व्यवस्था के निर्देश दिए ।

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने कहा कि राज्य सरकार आगामी 25 सितंबर से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग'' का शुभारंभ होगा। बैठक में इसे लेकर विचार-विमर्श हुआ। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में बीआरसीसी सेंटर या नजदीकी हायर सेकेंडेरी स्कूलों में क्लासेस संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि कोचिंग की तैयारी के लिए सरकार की ओर से जिला अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं.। कलेक्टर एल्मा ने विकासखण्डवार कोचिंग केन्द्रों का चयन एवं नोडल अधिकारियों का नामांकित किया। जिसमें विकासखंड बेमेतरा में यह योजना शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में संचालित होगा। इस केन्द्र की नोडल अधिकारी प्राचार्य श्रीमती कविता बाजपेयी होंगी। विकासखंड बेरला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला केन्द्र होगा, जिसके नोडल अधिकारी प्राचार्यएस.पी.कोशले होंगे। वही विकासखंड नवागढ़ में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोचिंग संचालित होगा, जिसके नोडल अधिकारीसिलोचन साहू व्याख्याता होंगे ।इसी प्रकार विकासखंड-साजा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में इस योजना का संचालन किया जाएगा। इस केन्द्र के नोडल अधिकारीमनीष वर्मा, व्याख्याता सह प्राचार्य सेजेस साजा होंगे।

ज़िले में वर्तमान में स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का संचालन आफलाईन किया जाएगा । जिसके लिए शाम 04.30 से 06.30 का समय निर्धारित किया गया है। हर केन्द्रों में 50 विद्यार्थी नीट की तैयारी के लिए तथा 50 विद्यार्थी प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित किए जायेंगे ।बैठक में कलेक्टर ने इस योजना को निर्धारित तिथि आगामी 25 सितंबर से प्रारंभ करने के लिए बैठक व्यवस्था, विद्यार्थियों का चयन, विषय विशेषज्ञों का चयन एवं समय सारणी के निर्धारण का दायित्व नोडल अधिकारियों को सौंपा गया है। कोचिंग के लिए चयनित सभी शालाएं आई.सी.टी. लैब एवं इंटरनेट सुविधायुक्त है। कोचिंग के दरम्यान इन डिजिटल सेवाओं को भी उपयोग में लाया जाएगा। कोंचिंग केन्द्रों में प्रबंधकीय व्यवस्था की देखरेख के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में पदस्थसुनील तिवारी, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी को एवं तकनीकी सहायता के लिएखिरामन वर्मा, एम.आई.एस.प्रशासक को नियुक्त किया गया है।

जिपं सदस्य निर्मला ने 39.10 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

खैरागढ़, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा के प्रतिनिधि विजय वर्मा ने 39 लाख 10 हजार रुपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया। खैरागढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झुरानदी में पूर्व माध्यमिक शाला भवन के लिए 15.70 लाख, यात्री प्रतिक्षालय झुरानदी 3 लाख, कोटरीछापर में प्राथमिक शाला भवन 11.20 लाख, सी.सी. सड़क निर्माण 4 लाख, झुरानदी में नाली निर्माण 2 लाख, गौठान में तार फेंसिंग के लिए 2 लाख, हायर सेकंडरी में आरओ 60 हजार, पूर्व माध्यमिक शाला में आरओ 60 हजार की स्वीकृति जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा की अनुसंशा पर मिली है। विजय वर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान जनपद सदस्य पुष्पा कोसन कोसरे द्वारा 2.80 लाख के सीसी सड़क के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम में सरपंच पंचकुवर, सरपंच सूर्याकांत वैष्णव, शिवा, चिंता राम, भवानी राम, ईश्वरी राम, रामजी यादव, सुमेरी नाशिक, पवन राम सहित काँग्रेस के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

विकास और विश्वास की याद दिलाता विधायक डॉ रमन सिंह के होर्डिंग्स के आखिर मायने क्या है !

■ दीपांकर खोबरागड़े

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राजनीति और सत्ता के लिए प्रयोगशाला के रूप में हमेशा से अपनी अनूठी पहचान समेटे होने का गौरव लिए हुए, हमारा भोला भाला संस्कारों से परिपूर्ण शहर अपनी सादगी के लिए प्रदेश में अनूठी पहचान बनाकर रखा हुआ है । यही कारण है कि तमाम तरह से उन लोगों ने भी राजनांदगांव की विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए दूसरे जिलों से भी पधार कर विधानसभा का गौरव बढ़ाया है चाहे स्वर्गीय श्री धर्मपाल गुप्ता, स्वर्गीय मोतीलाल वोरा स्वर्गीय श्रीमती करुणा शुक्ला हो इस प्रयोगशाला में अपने राजनीतिक कौशल को लेकर अनुसंधान किया कुछ सफल रहे और कुछ सफलता से विमुख रहे वैसे भी राजनीति कब करवट किस ओर बदल ले इसकी गारंटी किसी के पास नहीं होती वर्तमान विधानसभा चुनाव की चौखट पर खड़े हैं। कुछ ही दोनों के भीतर आचार संहिता का बिगुल बज उठेगा प्रमुख राष्ट्रीय दल की भागीदारी चुनाव में प्रतिद्वंदियों के रूप में होती है और प्रतिस्पर्धा भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही देखी जाती रही है आगामी चुनाव को देखते हुए वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के विधायक 15 वर्षों के छत्तीसगढ़ के खेवनहार डॉ रमन सिंह जो संगठन में भी राष्ट्रीय कद रखते हैं की दावेदारी को प्रबल माना जा रहा है । टिकटो का बंटवारा जब होगा तब पर राजनांदगांव विधानसभा के विधायक डॉ रमन सिंह ने भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से च्विकास है तो विश्वास हैज्ज डॉक्टर रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियां का बखान करते हुए 15 बिंदुओं मे विकास की बानगी होर्डिंगस के माध्यम से बाकायदा उन उपलब्धियां के चित्रण को भी दर्शाते हुए प्रचार पट्टिका मुख्य स्थानो पर लगाए गए हैं । सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय समिति ने अब तक राजनांदगांव विधानसभा के लिए उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है ऐसे में शहर में लगे पोस्टर को लेकर चौक चौराहा में इस बात की चर्चा बलवत होते नजर आ रही है कि जब 15 वर्षों के उपलब्धियां से भरा मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का कार्यकाल था तो फिर राजनांदगांव को विधानसभा में ही उपलब्धियां को लेकर गुणगान क्यों करना पड़ रहा है और लोगों के बीच में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री कभी बुलेट ट्रेन चलाने का वादा इरादा भी रखते थे , च्डीजल नहीं अब खा से अब मिलेगा बाड़ी सेज्ज के लुभाने नारों ने न हीं बाड़ी से डीजल दिलाने का संकल्प पूरा किया और ना ही खाड़ी देशों से डीजल की आपूर्ति प्रदेश में उनके कार्यकाल में कम हुई बल्कि आज वर्तमान में केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद डीजल पेट्रोल के दामों ने लोगों के बजट में जरूर इजाफा कर दिया । दूसरी ओर इस बातो को लेकर भी चर्चा है की इसी राजनांदगांव के स्टेट स्कूल प्रांगण में संचार क्रांति का विस्तार करने और मुफ्त में मोबाइल बांटने का भी बीड़ा पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह सरकार ने उठाया था और मोबाइल बांटे गए मोबाइल राजनांदगांव के विधानसभा में क्या आज भी सुरक्षित है और कुशल संचालन हितग्राहियों द्वारा किया जा रहा है। या हितग्राहियों के पास में पुरातत्विक संरक्षण के बतौर पूर्ववर्ती डॉक्टर रमन सिंह की सरकार की प्रतीक चिन्ह के रूप मे सजोए हुए है। खैर परिस्थितियों जो भी हो पर विकास और विश्वास के इस मॉडल को जनता के बायोडीजल और मुफ्त मोबाइल सेवाओं के मूल्यांकन को लेकर प्रश्न तो पूछे जाएंगे जिसके लिए राजनांदगांव विधानसभा से चाहे डॉक्टर रमन सिंह प्रत्याशी हो या चाहे भारतीय जनता पार्टी अपना प्रत्याशी किसी और को बनाती हो इन प्रश्नों का जवाब देना ही होगा। यह अलग बात है की राजनांदगांव की बौद्धिक जनता इस बात को लेकर चिंतन करना शुरू कर दिया कि अब बाहरी प्रत्याशी को हम अपना प्रतिनिधि नियुक्त नहीं करेंगे चाहे कांग्रेस पार्टी हो या भारतीय जनता पार्टी अपने विधानसभा और अपने जिले के अलावा किसी अन्य अप्रवासी को हम अपने प्रतिनिधित्व का जुम्मा नहीं देंगे खैर चुनाव अभी कुछ दिन शेष है और टिकटों के पश्चात मतदाता भी किसे हराना और किसे जिताना है उसकी जिम्मेदारी यह तो जनता है सब जानती है!

मध्य रात्रि होटल रैलीज के पास प्राणघातक हमला, युवक की स्थिति गंभीर, आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

■ छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष का परिजन है पीड़ित युवक

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। 23 सितम्बर को एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर मेडिकल अस्पताल पेन्ड्री राजनांदगांव में भर्ती होने की सूचना पर अस्पताल पहुंच कर मुत्तजर्रर यशवंत यादव पिता युगल कियोर यादव उम्र 36 वर्ष साकिन वार्डनं. 43 बंगाली चाल बसंतपुर जिला राजनांदगांव से पूछताछ करने पर मुत्तजर्रर ने दिनांक 22-23/09/2023 की रात्रि 12:30 से 01:00 बजे के मध्य होटल रैलिस होटल के पास आरोपी राहुल मरकाम पिता शंकर मरकाम उम्र 21 वर्ष साकिन बंगाली चाल बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव द्वारा पुरानी बात व आपसी रंजिश को लेकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से गले में वार कर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोंट पहुचाना बताया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 747/23 धारा 294, 307 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी के पतासाजी हेतु टीम तैयार किया गया, गठित टीम के द्वारा 04 घंटे के भीतर आरोपी राहुल मरकाम पिता शंकर मरकाम उम्र 21 वर्ष साकिन बंगाली चाल बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को पता तलाश कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है जिनसे पूछताछ कर वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय पेश किया जाएगा ।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि0 शत्रुहन टण्डन, आरक्षक अविनाश झा, प्रख्यात जैन एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भवन का संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने किया शुभारंभ

मानपुर मोहला, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र के विधायक व संसदीय सचिव इंद्र शाह मंडावी ने आज मानपुर में नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का अपने कर कमलों से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानपुर में नवनिर्मित अनुविभागीय राजस्व कार्यालय का शुभारंभ होने से क्षेत्र की जनता को राजस्व से संबंधित मामलों के निपटारा करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लगातार नवनिर्मित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में विकास के कार्य को धरातल पर कराया जा रहा है। क्षेत्र में अनेकों विकास के कार्य होने से जनता को इन संसाधनों और सुविधाओं का लाभ मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि जिला गठन के उपरांत तेजी से क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किया जा रहे हैं। इस दौरान मानपुर जनपद अध्यक्ष श्री दिनेश मंडावी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधिका अंधारे, सरपंच श्री हरीश लाटिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर अमित नाथ योगी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मोहम्मद हनीश, एसडीओ हाउसिंग बोर्ड श्री सुशील लहरे, एवं अन्य अधिकारीगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संस्कारधानी में जहां-तहां बिक रहा मांस व्यवस्था दुरुस्त करने निगम की रुचि नहीं

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर में सालों से जहां-तहां अवैध मटन की दुकान खुली हुई है। जिनके विरोध में क्यों कोई चु तक नही कर रहा है। इसी संस्कारधानी में कभी इसी संस्कारधानी में जहां-तहां मटन दुकान खोले जाने का विरोध होता था। शाकाहार के समर्थक मटन दुकानों के विरोध में जमकर आवाज उठाते थे आज कहां गए शाकाहार के समर्थक लोग पूछ रहे हैं।

शहर सहित पूरे 51 वार्डों में अवैध मटन बेचने का मामला सामने आए हैं। जबकि नगर निगम के द्वारा मटन बेचने के लिए दो से तीन जगहो को आरक्षित किया गया है। जिसमें गोल बाजार मटन मार्केट और हॉट बाजार के सामने व्यवस्थित किया गया है। लेकिन शहर में खुलेआम चौक चौराहों पर आसानी से मटन भेजते और काटते देखा जा सकता है। जैसे कि शहर के इन वार्डो में लखोली, बसंतपुर, चिखली, शांति नगर, शकरपुर, ढाबा, नवागांव, पेंड्री, कंचन बाग, कोरिन भाटा, कन्हारपुरी, तुलसीपुर मोहरा, सिंगदई, हल्दी, मोहड़, ममता नगर, मोतीपुर, रामनगर, स्टेशन पारा आदि स्थानों पर कुंमचा नुमा ठेला और रास्तों पर ठेला लगाकर खुले आम अवैध तरीके से मटन बेचा जा रहा है। विश्वत सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार नगर पालिका निगम अवैध तरीके से मटन बेचने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई नहीं कर रहा है जबकि निगम के कर्मचारी और अधिकारी की साठ गांठ यह सारा खेल हो रहा है फिर भी नगर निगम इस तरह की अवैध मटन बेचते और मटन काटने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करना समझ से परे हैं। जबकि इन वार्डो में रहने लोगों की मटन की बदबू से हर रोज रास्तों से गुजरना पड़ता है चाहे वह महिला हो या पुरुष या बच्चे हो या बुढे सभी इस बदबू के चपेट में लगातार आ रहे हैं जिसका खामियाजा काम यहां पर रहने वाले परिवारों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि इन वार्डो में मटन बेचने से लेकर बटन काटने के बाद अवस्था फैलाकर दुकान दार चले जाते हैं। जिससे वहां पर फेके गए खराब मटेरियल मटन के टुकड़े से हवा में मिलकर बदबू इधर-उधर फैलता रहता है। यहां पर रहने वाले या इन जगहों से गुजरने वाले इन परिवारों को गंदी बदबू की वजह से कई तरह की बीमारियों के चपेट में आ जाते हैं। जिसके वजह से इन परिवारों को अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है समय रहते नगर निगम प्रशासन अवैध मटन बेचने और अवैध मांस काटने वाले लोगों के ऊपर तत्काल कार्रवाई करें। निगम प्रशासन को चाहिए कि शहर का फैलाव और जनसंख्या लगातार बढ़ रहा है जिसको लेकर भी और अन्य जगहों पर स्थाई रूप से मटन करे और मटन काटने के लिए व्यवस्थित जगह का इंतजाम करना चाहिए। इसके बावजूद भी अगर वार्डों में अवैध मटन मटन क्रय और मटन काटने बालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में शहर सहित वार्डों में रहने वाले लोगों को मटन की बदबू से परेशान होना पड़ेगा। जिसका लोगों के शरीर पर संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। नगर निगम प्रशासन को चाहिए कि अवैध मटन क्रय और मटन काटने वाले लोगों को समझाइए देने के अलावा मटन खरीदने वाले लोगो को भी अपील करना चाहिए कि अवस्थित जगह पर जाकर ही मास मटन खरीदें।

■ कभी इसी शहर में व्यवस्थित मटन और मुर्ग दुकानों तक का पुरजोर होता था विरोध

वार्डों में अवैध मटन क्रय करने या मटन काटने वाले की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक गुप्ता
आयुक्त
नगर पालिक निगम राजनंदगांव

पूर्व आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी को पूर्व में मेरे द्वारा और जैन संगठन समाज के साथ मिलकर अवैध मटन क्रय करने को लेकर ज्ञापन दिया गया था। लेकिन नगर निगम के द्वारा आज तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। यह सब निगम प्रशासन की साठ गांठ से चल रहा है।

किशुन यदु
नेता प्रतिपक्ष
नगर पालिक निगम राजनंदगांव

आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे डॉ रमन सिंह

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। डॉ रमन सिंह सुबह 10ः50 बजे अपने सनसिटी स्थित निवास से पाटीदार भवन पहुंचेंगे, जहां दक्षिण मंडल द्वारा च्मन की बातज्ज का सीधा प्रसारण टेलीकास्ट किया जा रहा है. जिसे देश भर के चैनलों द्वारा प्रसारित किया जाएगा ।

12ः30 बजे श्री सिंह भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत के घर प्रस्थान करेंगे, जहां उनके लघु भ्राता टार्जन सिंह की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे। तत्पश्चात डॉ रमन सिंह दोपहर 3ः15 पर पदम श्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचेंगे, जहां पर गोंडवाना युवा महोत्सव में शामिल होंगे। एवं शाम 4 बजे डॉ रमन सिंह जी सिंधु भवन पहुंचेंगे, जहां डूलानी परिवार में भाजपा नेता सुरेश डूलानी के लघु भ्राता स्व.दिनेश डूलानी की पगड़ी रस्म में शामिल होंगे।

बगदई नदी में डूबने वाला युवक दूसरे दिन भी नहीं मिला

■ 10 घंटे से लगातार ढूंढ रहे है गोताखोर को बंदर का शव मिला
■ तीसरे दिन फिर नदी में खोज करेंगे गोताखोर

डोंगरगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम बगदई नदी में मिथलेश यादव आत्मज सुरेश यादव 17 वर्ष ने 22 सितंबर को सुबह नदी में नहाने वक्त डूब गया था जिसे एस डी आर एफ की टीम लगातार 10 घंटे तक बगदई से मटिया भड़गुना भाकरी रूदगांव रातापायली मेढा इत्यादि गांव में जाकर नदी में डूबे बालक को झाड़ी किनारे ढूंढते रहे फिर भी सफलता हाथ में नहीं आई सुबह से संध्या तक भारी मशक्कत के बाद भी डूबे हुए बालक का अब तक कोई भी आता पता नहीं मिला है लगातार 2 दिन से बारिश के चलते बाढ़ तेज गति से बहाव हो रहा है जिससे लोग अनुमान लगा रहे हैं की डूबे हुए बालक मोहारा नदी के आसपास मिलने का जाहिर कर रहे है घटना के बाद लोग अलग-अलग गांव में बाढ़ में बहने वाले चीजों को बता रहे हैं जिससे पुलिस परेशान होकर एक गांव से दूसरे गांव ढूंढने में लग गए लगातार ढूंढते ढूंढते पुलिस को जब सूचना रूदगांव के पास मिलने की खबर मिली तो ढूंढने के लिए फिर गोताखोर बगदई से वापस रूदगांव भाकरी की ओर गया जहां पर ढूंढते ढूंढते एक मृत बंदर का शव मिला जो बाढ़ में बहकर रपटा पुल में फंसा हुआ मिला एक ओर बगदई के ग्रामीणों ने संध्या 5ः बजे के आसपास अन्य एनीकट रपटा पुल के सामने से जाते देखा गया है जब पुलिस को सूचना मिली तो फिर वापस गोताखोर इस स्थान को ढूंढा फिर भी नहीं मिला नदी में नहाते समय डूबने वाला युवक मिथलेश यादव 17 वर्ष ग्राम चौथना डोंगरगढ़ निवासी अपने मां चंपा बाई यादव के साथ तीजा चमेली बाई यादव के यहां आई थी पुलिस ने बताया है कि गोताखोर लगातार ढूंढने के बाद नहीं मिला तब पुलिस ने दूसरी टीम एनडीआरएफ की स्पेशल टीम बुलाई गई है जो डूबने वाले बालक को नदी में चारों ओर ढूंढ रहे हैं परंतु कामयाबी नहीं मिल पाई है गोताखोरों को ढूंढते ढूंढते लगभग 10 घंटे से अधिक हो जाने के बाद संध्या रात्रि हो जाने के बाद रेस्क्यू टीम तीसरे दिन ढूंढेंगे नदी किनारे कुछ दूरी पर एनीकट बांध भी है जिनका गेट खोला गया है जिससे पानी का बहाव कम हुआ है एक ओर लगातार सुबह से ही दो दिनों से झमाझम बारिश हो रही है जिससे गोताखोर को ढूंढने में भारी मस्कत करना पड़ रहा है डूबने वाला बालक मिथलेश की परिवार में एक बहन और एक भाई थे जिनमे डूबने वाले युवक छोटा था परिवार में इकलौता चिराग होने के कारण माता पिता रो-रो कर परेशान हो गया है पुलिस ने बताया है कि डूबने वाला उक्त युवक दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे ग्राम बगदई में युवक के डूबने से पूरा गांव में मातम छाया हुआ है एक ओर स्थानिय पुलिस और स्थानीय अधिकारी के साथ-साथ गोताखोर के सभी कर्मचारी सत्तत ढूंढने में लगे हुए हैं।

बस्तर के सबसे ऊंचाई पर स्थित ढोलकल गणेश जी की प्रतिमुर्त अम्बेडकर चौक मे विराजमान, दर्शको का लग रहा रैला

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सेवा समिति के तत्ववधान में श्री गणेश उत्सव समिति के द्वारा जैसा की विगत 38 वर्षों से गणेश पक्ष का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है इस दिशा में इस वर्ष भी समिति के द्वारा भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें समिति के द्वारा गणेश जी का पंडाल बहुत ही सुंदर एवं आकर्षक बनाया गया है जिसे छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार सुसज्जित करने का प्रयास किया गया है एवं बहुत ही मनमोहक लाइटिंग से सुसज्जित किया गया है उक्त पंडाल में गणेश जी की प्रतिमा को दंतेवाड़ा जिला के पारसपाल गांव में स्थापित पहाड़ी पर 3000 फीट ऊपर बहुत ही पुरातात्विक मान्यता के आधार पर स्थापित ढोलकल प्रतिमा के छाया के रूप में दर्शाया गया है एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा को ढोलकल की प्रतिमा का स्वरूप दिया गया है जो की 1000 वर्ष पुरानी ढोलकल में स्थापित प्रतिमा के रूप में प्रसिद्ध है उक्त आयोजन को देखने दूर-दूर से लोगों का आने का ताता लगा हुआ है द्य विगत 10 वर्षों से स्थल झांकी को समिति के द्वारा बनाने का निर्णय लिया गया जिसका मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव की पहचान झांकी से है जिसे निरंतर आगे बढ़ना ही मुख्य उद्देश्य है उक्त पंडाल शहर के समस्त धर्म प्रेमी जनता एवं आम नागरिकों के सहयोग से निर्माण किया गया है जिसके लिए समिति के द्वारा समस्त दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञप्ति करते हैं आप सभी को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेशोत्सव पर्व के इस आयोजन में प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजन जैसे गणपति महाभिषेक, छप्पन भोग, हवन-पूजन एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन किया।

सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का छन्नी साहू ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की विधायक छन्नी चंदू साहू विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास की नइ गाथा गढ़ रही हैं । विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल के माध्यम से व् अपने जनसम्पर्क कार्यक्रमों के दौरान वो आम जनता के बीच पहुँच रही हैं और ग्रामीणों से चर्चा के दौरान सामने आने वाली मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए विकास कार्य किये जा रहे हैं । शनिवार को विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने ग्राम तेंदूटोला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जिसकी लागत राशि 6.50 रुपये होगी । उन्होंने साहू समाज के सामुदायिक भवन में शेड निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी जिसका निर्माण 01.00 लाख रुपये की लागत से होगा । इस दौरान समाज के लोग व् ग्रामीण जन विधायक को अपने बीच पा कर उत्साहित हुए व् जोर शोर से उनका स्वागत सत्कार किया ।

अपने उद्बोधन के दौरान श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा की विधानसभा क्षेत्र में सड़क , नाली , पूल , पुलिया सहित बड़े संसाधनों के अलावा प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने विभिन्न समाजों व् आम जनता की छोटी से छोटी जरूरतों का भी ख्याल रखा है । उन्होंने कहा की सामुदायिक भवन , शेड व् अन्य विकास कार्य ग्रामीणों की सुविधाओं में इजाफा करने के उद्देश्य से किये जा रहे हैं । इन भवनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से आपसी जुड़ाव बढ़ता है व् समाज के लोगों में एक दुसरे के प्रति आपसी सद्भाव का प्रादुर्भाव होता है ।

छन्नी चंदू साहू ने आगे कहा की ग्रामीणों की सभी मांगों पर त्वरित निरनय ले कर विकास कार्यों को गति दी जा रही है और बड़े स्तर के कार्यों की स्वीकृति राज्य सरकार से ली जा रही है ताकि कहीं भी किसी भी प्रकार की असुविधा क्षेत्र की जनता को ना हो । भूमिपूजन के इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, सरपंच बिंदेश्वरी ललित साहू,पालन राज साहू, टोमन लाल, नोहर सिंह, हरि राम, उमराव मंडलोई, थनवरिन बाई, ओमिन बाई, सरपंच वेदेष्वरी साहू, पंच शिव कुमार, राधमेन्द्र शोरी ,बैसाखूराम, रोहित साहू, अनिता नेताम, खुमेन्द्र साहू, शशि बाई, चन्दन साहू,सनत साहू, ग्राम पटेल चंदन साहू, ग्राम प्रमुख हाकम सिंह, शत्रुहन रजक, हुमन साहू ,शत्रुहन रजक,राधेश्याम सोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे ।

दाऊटोला में शोक संतप्त परिजनों के बीच पहुँची छन्नी

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दाऊटोला निवासी तामेश्वर साहू एवं कुमारी हिना मंडावी की करेंट के चपेट में आने से निधन की खबर सुनकर अल सुबह ही विधायक श्रीमती छन्नी चंदू उनके गाँव पहुंचीं । गांव पहुँच कर उन्होंने परिजनों से मुलाक़ात कर उन्हें ढांढस बंधाया एवं ईश्वर से मृतकों के आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की । छन्नी चंदू साहू ने स्वयं खड़े हो कर मृतकों का पोस्टमार्टम कराया व् ग्रामीणों से अपील की की इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसलिए सावधानी बरतें ।

प्रतिभावानो का सम्मान, कर्मचारियों का बढ़ाया मान: नवाज

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। को-आपरेटिव्ह कर्मचारी सहकारी साखा संस्था मर्यादित द्वारा आयोजित किए गए वार्षिक आम सभा आयोजन के दौरान बैंक अध्यक्ष नवाज खान ने प्रतिभा प्रोत्साहन एवं कर्मचारी सम्मान समारोह में शामिल होकर सबका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बैंक अध्यक्ष नवाज द्वारा कर्मचारियों को सम्मानित करने के साथ ही प्रतिभावन बच्चों को पुरुस्कृत भी किया। नवाज ने इस दौरान कहा कि बिना सहकार के उद्धार संभव नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों की मेहनत की भी सराहना करते हुए कहा कि आज जिस मुकाम पर जिला है, उसका पूरा श्रेय कर्मियो को जाता है।

उल्लेखलनीय है कि जिला सहकारी बैंक कर्मचारी सहकारी साख संस्था मर्यादित राजनांदगांव वार्षिक आमसभा व प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कर्मचारी सम्मान समारोह शनिवार को बैंक अध्यक्ष नवाज खान के मुख्य आतिथ्य में बैंक सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया एवं प्रतिभावान बच्चो की पुरुष्कृत भी किया। सोसायटी नंबर तीन के अध्यक्ष दीपक कायरकर एवं सभी कर्मचारियों ने अध्यक्ष नवाज का शील्ड देकर सम्मान किया। नवाज के साथ रमेश खंडेलवाल, साथ सम्मिलित हुए बैंक के कर्मचारीगण एल के सोनी,दीपक कायरकर,विनोद ठाकुर,सैय्यद अफजल,विजय चंद्रवंशी, प्रफुल्ल शर्मा अनिरुद्ध,राहुल चंद्राकर,प्रकाश साहु, एवं जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव कवर्धा के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

मैं आपके परिवार का सदस्य : नवाज

आयोजन के दौरान ही सभी को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष नवाज ने कहा कि मैं आपके परिवार का हि सदस्य हूं और हमेशा आपकी मदद के लिए तैयार रहूंगा। कर्मचारियों की तारीफ करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी अपनी पूरी मेहनत से कार्य करते है एवं देर रात तक कार्य पूर्ण कर घर जाते है। उन्होंने कहा कि इसी का असर है कि सहकारी के क्षेत्र में जिला प्रदेश के शीर्ष जिलो में अपना स्थान बनाने में कामयाब हुआ है।

संस्कारधानी में भव्य भजन संध्या का आयोजन कल

राजनांदगांव, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। गणेशपर्व के पावन अवसर पर मित्र मंडल सदर बाज़ार राजनांदगाँव द्वारा संस्कारधानी में भव्य भजन संध्या का आयोजन दिनांक 24 सितम्बर को रात्रि 7.30 बजे आयोजित किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया की महाकाल भक्त , इंदौर निवासी सुप्रसिद्ध गायक श्री किशन भगत जी अपने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देंगे । मित्र मंडल , सदर बाज़ार राजनांदगाँव के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की मशहूर भजन गायक किशन भगत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति आज तक दे चुके हैं । इंदौर के प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत मेरी फूलों की दुकान मेरा बन गया मकानज्महाकाल की नगरी में मकान होना चाहिएज् जैसे गीतों को लेकर मशहूर हैं । समिति के सदस्यों ने सुप्रसिद्ध भजनों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में संस्कारधानी वासियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है ।

टीचर: वैलेंटाइन का विरोधार्थी शब्द है क्या है ?
स्टूडेंट- क्वारंटाइन
टीचर- कैसे
स्टूडेंट - वैलेंटाइन में दो व्यक्ति चिपक कर बैठते हैं। और क्वारंटाइन में दूर-दूर।

ग्राम पंचायत मल्दा में हुई 10 मवेशियों की मृत्यु

बीमार दो मवेशी सहित 12 मवेशियों को बहा देने की खबर

कसडोल/बलौदाबाजार, 23 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मल्दा में मवेशियों के लिए दाना पानी नही होने के कारण आज दस मवेशियों की मृत होने की जानकारी मिली है। वहीं दो बीमार मवेशी सहित 12 मवेशियों को ट्रेक्टर में डालकर महानदी की बाढ़ में बहा दिये जाने की खबर है।

आज ग्राम पंचायत मल्दा में एक साथ दस मवेशी मृत हो गई और दो बीमार हालत में थी इन सभी मवेशियों को ट्रेक्टर में डालकर महानदी के बाढ़ में बहा देने की जानकारी मिली है। ग्राम मल्दा के बजरंग दल से मिली जानकारी के अनुसार मल्दा में गौठान तो बना है लेकिन कोई व्यवस्था न होने के कारण मवेशियों को सचिवालय के पास गौठान समिति द्वारा रखा जाता है वहा भी कोई व्यवस्था न होने से आज 10 मृत मवेशी था और दो बीमार था, इन सभी को चंद राम साहू, जितेंद्र केवट दिलहरण एवम दुकालू द्वारा ट्रेक्टर में डालकर नदी के बाढ़ में बहा दिये जाने की बात सामने आयी है। उक्त संबंध में सरपंच पति कुलेश्वर निषाद जो कि गौठान समिति का अध्यक्ष भी है से पूछने पर सिर्फएक मवेशी के मृत होने की जानकारी दिया और ज्यादा मवेशी के मरने की जानकारी नहीं है कहा।

गौठान में नहीं है कोई व्यवस्था

ग्राम मल्दा में 10 मृत एवम 2 बीमार मवेशी को महानदी में बहाने के संबंध में हिमांशु वर्मा जनपद सीईओ ने कहा मैं तुरंत पता कर जानकारी लेता हूं और उचित कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सभी लोगो को दूध चाहिए लेकिन मवेशी कोई नही रखना चाहता सभी जगह मवेशियों की इतनी दुर्दशा है कि बताया नही जा सकता। आज मवेशी आवारा सड़को में घूमती है तो दुर्घना में मृत हो रही है और अगर कोई गौठान में रखता है तो बिना दाना पानी के मृत हो रही है या बीमार होने पर कोई इलाज कराने वाला नही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पशुओं के सुरक्षा के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौठान का निर्माण कराई है ताकि मवेशी गौठान में ही दाना पानी खाते सुरक्षित रहे और किसान के फसल को नुकसान भी न पहुंचाए। जुलाई में पूरे प्रदेश में रोका छेका अभियान चलाया गया लेकिन इसके बावजूद कही भी मवेशी नही रहता। जहा रहता भी है वहा बिना दाना पानी के मवेशी मर रही है।

विधायक चंद्रदेव राय ने निकाली भरोसे की पदयात्रा, हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

भटगांव/बलौदाबाजार, 23 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव छ.ग.शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने 23 सितंबर 2023 को जैतपुर सरसींवा से भटगांव तक विशाल पद यात्रा निकाले। इस भरोसे के पद यात्रा में बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों महिला पुरूष एवं युवा किसान, मजदूर, नोजवान, स्कूली छात्र छात्रायें एवं समस्त क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस पद यात्रा में क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय के नेतृत्व में जैतपुर के प्रसिद्ध शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात जैतपुर से सरसींवा पीपर डुला भिनोदि खम्हरिया गोपालपुर गिरिसा झुमरपाली फिर नगर पंचायत भटगांव पहुंची। जहां वर्तमान सरकार भूपेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताई गयी। इस यात्रा के दौरान भूपेश है तो भरोसा है, भूपेश सरकार भरोसे की सरकार की नारा से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। क्षेत्रीय विधायक चन्द्रदेव राय के नेतृत्व में यह यात्रा जैतपुर सरसींवा से भटगांव कुल 15 किलोमीटर तक निकली।

इस भरोसे के पद यात्रा में विधानसभा बिलाईगढ़ के युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एन एस यू आई के छात्र संगठन, राजीव युवा मितान, एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के जिम्मेदारियों के साथ कुशल नेतृत्व में यह यात्रा संपन्न हुई। यात्रा में मुख्य रूप से संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्र देव राय, जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ-बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा पंकज चंद्रा बिलाईगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, सोनाखान कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, नगर पंचायत भटगांव के नगर अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, कृषि उपज मंडी भटगांव के अध्यक्ष तारा चंद देवांगन कृषि उपज भटगांव के उपाध्यक्ष पूरी साहू सहकारी समिति बिलाईगढ़ के अध्यक्ष द्वारिका देवांगन गुलाम मुर्तुजा खां साहू समाज के जिलाध्यक्ष तोष राम साहू, रामकुमार साहू, भागीरथी चन्द्रा छेदी साहू कांग्रेस के युवा नेता राजकुमार सोनवानी सहदेव सिदार, दिलहरण साहू एल्डरमेंन एवं कांग्रेस दल के दायित्वान कार्यकर्ता एवं बिलाईगढ़ विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

जय बूंढ़ी मां गांडा समाज धमतरी के नवाखाई जोहार कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष,दिव्यांग जन सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष

धमतरी, 23 सितंबर (देशबन्धु)। साल्हेवार पारा वार्ड में जय बूंढ़ी मां गांडा समाज धमतरी द्वारा नवाखाई जोहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महापौर विजय देवांगन, दिव्यांग जन सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना,जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, सेवादल के जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, पार्षद संजय डागौर, सहित समाज जन की उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि गांडा समाज द्वारा गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन ऋषि पंचमी को नुआखाई त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार नई फसल के आगमन, धरती और भगवान के वंदन और किसान भाईयों के बंधुत्व और एकत्व का प्रतीक है। इस पर्व पर नई फसल को भगवान में अर्पण के बाद एक साथ भोजन और मेलजोल से सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ती है। सभी को इस पर्व की बधाई देता हूं।

दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि प्राचीन कथा और मान्यताओं के अनुसार इस दिन जीवन की एक नई शुरुआत की जाती है। नुआखाई त्योहार गांडा समाज का एक मानव को मानवता के मुख्य धारा में जोड़े रखने का सामाजिक महापर्व है.कुल देवी-देवता की पूजा अर्चना कर अपने परिवार और सभी जीव जंतु के लिए मंगल कामना करते हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि यह त्योहार केवल ओडिशा में ही नहीं, बल्कि देश के सभी राज्यों >> शेष पृष्ठ 9 पर>

संसदीय सचिव ने किया पीजी कॉलेज में कैंटीन का लोकार्पण

महासमुंद, 23 सितंबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पीजी कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कड़ी व ईमानदारीपूर्वक मेहनत पर जोर देते हुए कहा कि बिना मेहनत किए सफलता पाना असंभव है। सिर्फलक्ष्य बनाना ही पर्याप्त नहीं होता है। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जब तक सही प्लानिंग नहीं करेंगे, तब तक सफल नहीं हो पाएंगे। शनिवार को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में शास महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष हीरा बंजारे, जनभागीदारी समिति सदस्य किशन देवांगन, संजय शर्मा, खिलावन साहू अमन चंद्रकार, निर्मल जैन, राजेश डडसेना, मिर्जा आरीफ बेग, श्रीमती दसोदा ध्रुव, जनपद सदस्य अरिन चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री चंदाकर ने मां सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कैंटीन का लोकार्पण करने के साथ ही जनभागीदारी मद से विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए शुरू की जाने वाली बस संचालन का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व समिति अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हित के लिए हरसंभव प्रयास किया गया और आगे भी करते रहेंगे। महाविद्यालय में छात्रों को सभी सुविधाए प्राप्त हो इसके लिए जो भी मांग मेरे समक्ष रखी गई, मेरे व मेरी समिति द्वारा सहर्ष सहमति दी गई है। हमने महाविद्यालय में कैंटीन का निर्माण करवाया गया साथ ही आवागमन हेतु छात्रों के लिए बस का संचालन किया जाएगा, जिसका लाभ विद्यार्थी को मिलेगा। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त करने को कहा। विद्यार्थियों की मांग पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कैंटीन पहुंच मार्ग पर कांक्रीटीकरण व शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही इंग्लिश लैंग्वेज लैब निर्माण के लिए उचित पहल का आश्वासन दिया। प्रतिवेदन पठन डा दुर्गावती भारतीय प्रभारी जनभागीदारी समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रमुख प्रो डा अनुसुइया अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए नवप्रवेशित छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संदेशे आते हैं, गणेशा वंदना, डंडा नृत्य और राउत नाचा , जिंदगी की यही रीत है , प्यार का नगमा है, घूमर घूमर नाचे, शंभू सुताय आदि गीतों पर विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती करुणा दुबे, डॉ रमाकांत अग्रवालए डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डॉ रीता पांडेय, खलको के साथ मनीराम धीवर समन्वयक एआईक्यूएसी, डॉ ई पी चेलक, विभागाध्यक्ष वाणिज्य, श्रीमती राजेश्वरी सोनी एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्राध्यापक श्रीमती सरस्वती सेठ, आशुतोष पुरी गोस्वामी, मनबोध चौहान, केसर चंद्र बनपाल, जगदीश सत्यम, ग्रंथपाल एस आर रात्रे, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

जिला साहू संघ की तीज महोत्सव में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुंतला

बलौदाबाजार, 23 सितंबर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ द्वारा शुक्रवार को साहू छात्रावास भवन में हरतालिका तीज महोत्सव मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुवात समाज की इष्टदेवी संतमाता कर्मा की आरती से की गई। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा विधायक सहित सभी महिलाओं एवं अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं पुष्पहार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। जिला साहू संघ के तत्वाधान में विधायक शकुंतला साहू द्वारा जिले की सैकड़ो महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें तीजा साड़ी भेंट की गई। महिलाओ ने गीत, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत भी प्रस्तुत किया गया।

विधायक शकुन्तला साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को निर्भीकता के साथ आगे आकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, चाहे वह सामाजिक संगठन हो, शिक्षा, सेवा, धर्म व राजनीति सभी क्षेत्रों में महिला शक्ति को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। भारत तेजी से हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। देश के विकास में महिलाओं का योगदान काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने तीज पर्व पर महिलाओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की। जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू ने सामाजिक संगठन में एकजुटता बनाये रखने के लिए महिलाओं के योगदान का प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष देवकुमारी साहू, पलारी तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष मिथलेश साहू, किरण साहू, माहेश्वरी साहू एवं अन्य महिलाओ ने भी संबोधित कर छत्तीसगढ़ में तीज पर्व की परंपरा संस्कृति एवं उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने प्रेरित किया। मंच संचालन जिला साहू संघ की जिला संयोजक श्रीमती दिव्या साहू ने किया। कार्यक्रम में साहू समाज के जिला, तहसील व नगर के पदाधिकारियों सहीत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।

पोस्टर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं प्रेरणा रैली का आयोजन

नवापारा राजिम, 23 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं प्रेरणा रैली का आयोजन किया गया ? प्रश्नोत्तरी का विषय रहा 'चुनाव आयोग' एवं पोस्टर प्रतियोगिता 'भारतीय लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता, महत्व एवं आवश्यकता' पर आधारित थी ? प्रेरणा रैली में छात्राओं ने मतदान जागरूकता से संबंधित नारे लगाकर नगर का भ्रमण किया तथा लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया ? इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता प्रसारित करना है, ताकि विद्यार्थी सही मतदान के द्वारा सशक्त लोकतंत्र की स्थापना में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें, फलत: देश उन्नति पथ पर अग्रसर हो सके ? स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका सिंह कार्यक्रम की संयोजक रहीं ? इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. सरोज चक्रधर, श्रीमती बीटा रानी खलखो, श्री विक्रांत सिंह गावस्कर, सुश्री खुशबू कश्यप, श्रीमती प्रियंका साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू सहित छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही । महाविद्यालय के प्राचार्य एल.एम. यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

परिवर्तन यात्रा में शामिल होने पूर्व नपाध्यक्ष ने ली नागरिकों की बैठक

महासमुंद, 23 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा 24 सितंबर को महासमुंद पहुंच रही है। कार्यक्रम की सफलता व लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने आज वार्ड 17 में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद प्रकाश चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं व वार्ड वासियों की बैठक ली। बैठक में श्री चंद्राकर ने वार्ड के लोगों को मोदी सरकार के 9 सालों की उपलब्धि बताई। तथा पौने पांच साल में राज्य की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार की विफलताओं, वादाखिलाफी से अवगत कराया। उन्होंने बीजेपी द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य बताते हुए सभी नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में हाई स्कूल में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर खुशाल ठाकुर, नीरज चंद्राकर, दुर्गा चंद्राकर, खैरूनिसा खान, उमा यादव, लता, इंदिरा ध्रुव, खिलेश्वरी चंद्राकर, पुष्पा चौहान, निर्मला पटवा, उषा चंद्राकर, प्रभा सोनी, कंचन राजपूत सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

परिवर्तन यात्रा से कसडोल ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा : गौरीशंकर अग्रवाल

कसडोल/बलौदाबाजार, 23 सितंबर (देशबन्धु)। 12 सितंबर को दंतेवाड़ा की दंतेश्वरी मंदिर से आरंभ हुई परिवर्तन यात्रा 25 सितंबर को कसडोल पहुँचेगी जिसको लेकर क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह है। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाईक, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव यात्रा प्रभारी को देखने एवं सुनने के लिए कार्यक्रम में लगभग 10 हजार की भीड़ जुटने की संभावना है। उक्त आसय की जानकारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कसडोल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इन्होने पत्रकारों द्वारा पुछे जाने पर कि परिवर्तन यात्रा से कसडोल में इसका कितना प्रभाव पडेगा इस पर उन्होने कहा कि परिवर्तन यात्रा से कसडोल विधानसभा क्षेत्र के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा और पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

श्री अग्रवाल ने कांग्रेस की 75 पार की नारा को दिवा सपना बताते हुए कहा कि सपने देखने के लिए किसी को मनाही नहीं है इसलिए कांग्रेस भी सपना देख रही है। घोटाले बाज वर्तमान कांग्रेस सरकार का पीएससी घोटाला बेरोजगारो के साथ बहुत बड़ी छलावा है। जिसके लिए प्रदेश में भाजपा ने आंदोलन भी किया है। इसी प्रकार शराब घोटाला, कोयला घोटाला में वर्तमान कांग्रेस सरकार को पीएचडी की महारत हासिल है। परिवर्तन यात्रा को कांग्रेस की नकल कहने वालों को करारा जवाब देते हुए गौरीशंकर अग्रवाल ने आगे कहा कि सन 2000 से 2003 तक कांग्रेस की जोगी सरकार थी तब भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली थी जिसकी नकल कांग्रेसियों ने किया और भाजपा पर नकल का आरोप मढ़ रहे हैं जो निराधार एवं निरर्थक है। कांग्रेस को हेराफेरी एवं भ्रष्टाचार में महारत हासिल है।कांग्रेस ने नारा दिया है नरवा,गरवा,और घुरूवा, बाड़ी किन्तु आज नरवा, घुरूवा, बाड़ी कही नहीं है और गौठान से गरुवा भी गायब है अर्थात कांग्रेस की चार चिन्हारी नरवा, गरुवा, घुरूवा, बाड़ी पूरी तरह से फैल हो चुका है।गंगा जल को हाथ मे लेकर शराब बंदी की कसम खाने वाले कांग्रेस सरकार के मंत्री आज शराब बंदी सम्बन्धी कसम खाने की बात से मुकर रहे हैं। परिणाम स्वरूप आज छत्तीसगढ़ में जगह-जगह शराब बिक रहा है जिसको लेकर माता-बहने काफी चिंतित है।

महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण बील जो अभी पास हुआ है इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय से प्रस्तावित था जिसे कांग्रेस सरकार ने दबा के रखा था जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिल पास कराकर सिद्ध कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है नारा को। इस बिल के पास होने से सभी विपक्षी पार्टियां चारों खाने चित्त गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सम्मान एवं शसक्तीकरण की दृष्टि से महिला बिल पास किया है इसके >> शेष पृष्ठ 9 पर>

सुधार कार्य के चलते नगर में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

गरियाबंद, 23 सितंबर। नगर में रविवार को सुबह 11 बजे से 2:30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई ने बताया कि निम्न दाब लाईन का जला केबल बदलने हेतु बिजली लाइन प्रभावित रहेगी। नगर के सिविल लाईन, बस स्टैंड, तहसील रोड, बाजार वार्ड छुरा रोड, सुभाष चौक, केवीके, पीडब्लूडी ऑफिस, फॉरेस्ट कॉलोनी के अलावा वार्ड 5 ,6, 9, 10, 11, 12, 13, 14 में बाधित होगा।

शासन की सियान जतन क्लीनिक योजना से बुजुर्गों में बढ़ी जीने की चाह

धमतरी, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए अभिनव प्रयास व कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में बीते वर्ष मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा सियान जतन क्लीनिक की शुरूआत की गयी है। प्रदेश के बुजुर्गो को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी इस योजना को सराहा भी जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इसके लिए स्वास्थ्य विभाग हर माह के पहले गुरुवार को 'सियान जतन क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। सियान जतन क्लीनिक में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों की नि:शुल्क जांच कर ईलाज किया जा रहा है। इसके माध्यम से आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वृद्धावस्था में शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से पीड़ित वृद्धजनों को विशेष सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

इस योजना से लाभान्वित होने वाले धमतरी जिले के कृष्णानगर निवासी अजय गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से उसे सांस की बीमारी थी, जिसके कारण काम करने में उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ता था। लंबे समय तक एलोपैथिक दवाईयों से ईलाज कराने पर भी उन्हें आराम नहीं मिल रहा था। तब उन्हें शासन द्वारा शुरू की गयी सियान जतन क्लीनिक योजना की जानकारी मिली और उन्होंने अपना ईलाज जिला मुख्यालय में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में शुरू करवाया, जिससे उन्हें काफी आराम मिला। श्री गुप्ता बताते है कि इस अस्पताल में उनका पंजीयन, परामर्श, दवाईयां और जांच पूर्णता नि:शुल्क किया जाता है, जिसका लाभ उन्हें मिला है। पूर्व में उन्हें चलने-फिरने में काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब वे 2 से 3 किलोमीटर बिना किसी दिक्कत के आसानी से चल लेते हैं। श्री गुप्ता कहते है कि शासन द्वारा ऐसी जनहितैषी योजना शुरू करने के फलस्वरूप प्रदेश के बुजुर्गो में जीने की आस बढ़ गयी है। ऐसी योजना शुरू करने के लिए

- योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को दिया जा रहा उचित परामर्श व नि:शुल्क दवाईयां
- जनहितैषी योजना शुरू करने के लिए अजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हृदय से धन्यवाद।

जिला मुख्यालय धमतरी के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में सियान जतन क्लीनिक माह के प्रत्येक गुरुवार को विशेष ओपीडी का संचालन किया जाता है, जिसके माध्यम से जिले बुजुर्गों को स्वास्थ्य लाभ मिला रहा है। राज्य शासन ने बुजुर्गों का ख्याल रखने और उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए सियान जतन क्लीनिक योजना की शुरुआत की है। शासकीय आयुर्वेद औषाधालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में हर कोई किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। साथ ही अंग्रेजी दवाओं पर लोगों की निर्भरता भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में आयुष विभाग की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है।

आयुष चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य प्रदाताओं द्वारा रोगियों के स्वास्थ्य की निरंतर देखभाल की जा रही है तथा आवश्यक होने पर शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आहार-विहार संबंधित दिशा-निर्देश भी रोगियों को दिए जा रहे हैं जिससे वे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ पा सकें। उन्होंने बताया कि धमतरी जिला मुख्यालय में संचालित आयुर्वेदिक औषधालय में स्मृति ह्रास, अर्श रोग, कम सुनाई पड़ना, नेत्ररोग, जोड़ों का दर्द, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और शारीरिक दुर्बलता इत्यादि से पीड़ित 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 2 हजार 500 से अधिक बुजुर्गो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया गया है।

सियान जतन क्लीनिक योजना से वृद्धजनों को दी जा रही सुविधाएं-

वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के तौर-तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम लोगों को प्राप्त भी हो रहे हैं। जांच शिविरों में स्मृति ह्रस, अर्श रोग, कम सुनाई पड़ना, नेत्ररोग, जोड़ों का दर्द, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और शारीरिक दुर्बलता इत्यादि शामिल है। चिकित्सालय के सियान जतन क्लिनिक में लाभार्थियों को पेय मिश्रेय पानक, दशमूल काढ़ा, रसायन औषधि आदि प्रदान किया जाता है।

परिवर्तन यात्रा के दौरान कुछ कांग्रेसियों ने की विरोध की कोशिश, पुलिस ने किया गिरफ्तार

गरियाबंद, 23 सितंबर। ज़िले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आबिद ढेबर एवं पार्षद रितिक सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन की कोशिश की। वही विरोध प्रदर्शन के पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार थाना ले गई। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ढेबर ने तख्ती लेकर भाजपा शासन काल में हुए गड़बड़ियों और घोटाले को याद दिलाया। मौके में अवनीश तिवारी, अहसन मेमन, नसीर ख़ान, शफीक खान, लोकेश सिन्हा, भोला सिन्हा, पुनीत नेताम, प्रशांत राठौर, यमन ठाकुर, दनेंद्र चौहान, संतोष ध्रुव, यशवंत निर्मलकर, दीपक निषाद, राजू निषाद, चीनू ठकुर, संतोष सिन्हा, चंदन तारक, अरबाज़ खान, आनिस मेमन, विनीत देवनगन,आयुष कन्नोजे, शुभम पांडेय, हनूँ खाना, गिरीश रात्रे, अनमोल तिवारी,दीपेश सोनी,गोलू पटेल,भजन माँझी,यमन ठाकुर, प्रकाश यादव, राजा साहू, योगेश लहरें, लखेश्वर भारती, सूरज साहू, डायमंड साहू, टीकम कुर्रे, नवीन ध्रुव, राजू ध्रुव, शिवम साहू, शुभम ध्रुव उपस्थित थे।

स्वछता पखवाड़ा मनाया गया

फिंगेश्वर, 23 सितंबर। इंडियन स्वछता लीग 2.0 भारत सरकार के निर्देशन पर फिंगेश्वर नगर पंचायत मे स्वछता ही सेवा और आई एस एल 2.0 का आयोजन कर नगर वासियो के साथ साथ कार्यालय कर्मियों सफाई कर्मी स्वछता दीदी और कार्यालय के स्टॉफ के साथ साथ और निकाय के जनप्रतिनिधि पार्षदगढ एवं स्कूल के बच्चे, स्कूल स्टॉफ, प्रिंसिपल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित होकर स्वछता का संदेश दिए जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा अध्यक्ष जगदीश यदुएवं पार्षद गण इस स्वछता कैंपेन का सराहना किये और लोगों को स्वछता के प्रति सजग रहने स्वछता कार्य मे अधिक से अधिक शामिल होने पर जोर दिया।

परिवर्तन यात्रा को लेकर जनमानस में उत्साह

महासमुंद, 23 सितंबर (देशबंधु)। परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं और जनमानस में आपार उत्साह है। 27 सितंबर तक यह यात्रा 1728 किमी का सफर तय करेगा। इस दौरान 42 आमसभा, 35 स्थानों पर स्वागत सभा व रोड-शो होगा। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकने यह यात्रा पूरे प्रदेश में पहुंच रही है। इस यात्रा में हर गांव से कार्यकर्ता व जनमानस पहुंचेगे ऐसा प्रयास किया जा रहा है। सरकार के प्रति आम जनमानस खिन्न और भयभीत है जिसके कारण प्रदेश में परिवर्तन लहर चल रहर है। उक्त बातें परिवर्तन यात्रा डा. विमल चोपड़ा, विधानसभा प्रभारी प्रफूल्ल विश्वकर्मा, पूनम चंद्राकर, मोती साहू ने पत्रकारों से कही।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली,रमेश साहू, योगेश्वर राजू सिन्हा, मुन्ना साहू, उत्तरा प्रहरे, देवीचंद राठी आदि उपसिथत थे। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं घोषणा पत्र के वायदों को पूर्ण न करने को लेकर जनता के मध्य जागरूकता फैलाएगी। वही स्थानीय विधायक के करतूतों को जनता के समक्ष रखा जाएगा। प्रदेश में रेत, शराब, गुटखा, भू-माफिया का राज चल रहा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार उखाड़ फेंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशध्यक्ष अरूण साव के नेतृत्व में दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुई परिवर्तन यात्रा 24 सितंबर को दोपहर 1 बजे हाईस्कूल मैदान में पहुंचेगी। महासमुंद विधानसभा के करीब 10 हजार

आज दोपहर 1 बजे हाईस्कूल मैदान में होगी आमसभा

नागरिक इस आमसभा में शामिल होंगे। आमसभा को अरूण साव, संगठन मंत्री पवन साय, छग के संभागीय प्रभारी दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री सूचना प्रसारण राजीव चंद्रशेखर, शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, सांसद चुन्नीलाल साहू, जगन्नाथ पाणीग्रही, विधानसभा प्रभारी प्रफूल्ल विश्वकर्मा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर सहित स्थानीय नेता संबोधित करेंगे।

परिवर्तन यात्रा आरंग से होते हुए नदी मोड़ घोड़ारी में प्रवेश करेगी जहां भव्य स्वागत किया जाएगा पश्चात सांई मंदिर खरोरा से राहुल चंद्राकर के नेतृत्व में 5 सौ युवाओं द्वारा मोटर साइकिल से अगुवानी करते हुए सभा स्थल लाया जाएगा। सभा उपरांत काफिला बागबाहरा की ओर रवाना होगा। यात्रा को लेकर जिम्मेदारियां दी गई है और मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली के नेतृत्व में समिीति का गठन किया गया है। जिसमें जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, पार्षद देवीचंद राठी, मीना वर्मा, उत्तर प्रहरे, योगेश्वर राजू सिन्हा के संयोजक्त्व में समिति का गठन किया गया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लागया कि पांच वर्षो में छग की सरकार और स्थानीय विधायक ने महासमुंद को 50 साल पीछे धकेल दिया है। आज किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र, ग्रामवासी, शहरवासी, वनवासी, आदिवासी, अनुसूचित जाति सभी कांग्रेस की सरकार से परेशान है और चुनाव का बेशबरी से इंतजार कर रहे है ताकि छग में परिवर्तन का लोकहितकारी भाजपा सरकार को स्थापित किया जा सके।

सिमगा। विनायक राजा रामायण चौक, कामता

निधन

दीपक कुमार मिश्रा

रायपुर, 23 सितंबर। शंकरनगर निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार मिश्रा (सेवानिवृत) पुत्र स्व. विष्णु प्रसाद मिश्रा का 72 वर्ष की आयु में शुक्रवार 22 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट बूढ़ापारा रायपुर में किया गया। वे जयश्री मिश्रा के पति और राहुल मिश्रा व निधि द्विवेदी के पिता थे।

पुनिया देवी तिवारी

बेमेतरा, 23 सितंबर। ग्राम धनगांव निवासी पुनिया देवी तिवारी 85 का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रामसजीवन तिवारी की भाभी, अनिल, प्रदीप, राकेश, प्रमोद तिवारी की मां, अरुण, दिलीप, धीरज तिवारी की बड़ी मां, अंकुर, रतन, अंशु, बाबी, हरिओम, प्रखर मनु, प्रांजल तिवारी की दादी थी।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मीडिया की बैठक ली

निर्वाचन में मीडिया और एमसीएमसी टीम के कार्यों की दी गई जानकारी

बिलाईगढ़, 23 सितम्बर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदर्श आचार संहिता के बाद प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यों और कवरेज की निगरानी के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा गठित टीम एमसीएमसी के कार्य के बारे में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आचार संहिता के पूर्व आपको एमसीएमसी के निगरानी टीम और मीडिया द्वारा आचार संहिता के दौरान किस प्रकार का कवरेज किया जाना है, यह जानना जरूरी है। इसलिए पैड न्यूज, भ्रामक (फेक) न्यूज के बारे में आपको जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि फेक न्यूज में अभ्यर्थी का दुष्प्रचार, भ्रामक न्यूज, वीवीपैट मशीन के बारे में भ्रामक न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिन्ट मीडिया के करने पर एमसीएमसी की टीम संबंधित मीडिया संस्थान/सोशल मीडिया के इंचार्ज को भ्रामक खबर को जारी करने और बंद करने के लिए सीधा पत्राचार या फोन कर रोकने के लिए कार्रवाई कर सकता है। सहायक सूचना अधिकारी देवराम यादव ने बताया कि पैड न्यूज, सामान्य न्यूज से अलग किसी भी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी के पक्ष में उनको यशोगान, उनके उपलब्धि आदि को लेकर मीडिया संस्थानों द्वारा किया गया प्रचार-प्रसार सामान्य रूप से पैड न्यूज के श्रेणी में आता है। इसमें प्रायोजित टीवी डिबेट पर अभ्यर्थी से चर्चा भी पैड न्यूज के दायरे में आता है। प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब पोर्टल, वेबसाईट, सोशल मीडिया, वीडियो वैन में किया गया पैड न्यूज का व्यय रिपोर्टिंग के बाद कार्रवाई में अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा। एमसीएमसी के अन्य कार्यों में चुनाव के अभ्यर्थी का विज्ञापन में व्यक्तिगत आक्षेप, लांछन, राष्ट्र की गरिमा, अस्मिता, प्रभुता जातिगत, धर्म, समुदाय, पंथ का उल्लंघन और अश्लील तो नही है, की निगरानी करना भी है। मास्टर ट्रेनर चूडामणि गोस्वामी ने आचार संहिता लागू होने के बाद कानून द्वारा स्थापित नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर बी.सी. एक्का भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर जिले के प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के पत्रकारगण शामिल थे।

जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

बलौदाबाजार, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति के द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों के प्रसारण पूर्व प्रमाणन के साथ ही मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों एवं पेड़ न्यूज पर चौकस नजर रखी जाएगी।

राजनैतिक विज्ञापन व पेड़ न्यूज पर रहेगी कड़ी नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्य अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र कसडोल भूपेंद्र अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र भाटापारा नरेंद्र बंजारा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी, जिला समन्वयक सोशल मीडिया ईशान वर्मा, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर संदीप साहू, वरिष्ठ नागरिक डॉ एसएम पाध्येय एवं सदस्य सचिव उप संचालक जनसम्पर्क दर्शन सिंह सिदार बनाए गए हैं।समिति समस्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों से विधानसभा निर्वाचन 2023 की सम्पूर्ण अवधि में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उल्लेखित मीडिया सम्बंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने का कार्य करेगी। समिति चुनाब के दौरान टीवी, केबल टीवी, सोशल मीडिया, एफएम रेडियो एवं समाचार पत्रों में जांरी किये जाने वाले विज्ञापनों पर निगरानी रखेगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि बिना प्रमाणन के कोई भी राजनैतिक विज्ञापन जारी न हो। व्यय प्रेक्षक द्वारा प्रकाश में लाये गए पेड़ न्यूज के प्रकरणो पर विचार करेगी। पेड़ न्यूज के मामले में संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराया जाएगा जो सम्बंधित उम्मीदवार को नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के द्वारा समिति को विज्ञापन प्रसारण के पूर्व इसकी लागत टीवी चौनल पर प्रसारण का समय तथा प्रसारण के व्यय की पूरी जानकारी दी जाएगी। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि समस्त प्रचार सामग्रियों पाम्पलेट, हैंडबिल, पोस्टर आदि में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम तथा मुद्रण संख्या स्पष्त: उल्लेखित है। उल्लंघन पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के तहत कार्यवाही करेगी।

प्रादेशिकी का शेष...

जय बूंढ़ी मां गांडा समाज धमतरी के...

और अंचलों में जोर-शोर से मनाया जाता है। ओडिशा और छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश के कुछ अंचलों में सांस्कृतिक वेशभूषा में काफी समानताएं हैं। यह परंपरा मानवी सभ्यता में आदिकाल से चला आ रहा है। उपस्थित अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में सभी को नवाखाई की बधाई दिए।

तत्पश्चात गांडा समाज जनों के मांग पर महापौर श्री देवांगन द्वारा सामाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की गई जिस पर समाज जनों द्वारा महापौर श्री देवांगन का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर कोमल संभाकर, गीतराम सिन्हा,गाड़ा समाज के अध्यक्ष संतोष जगत, कोषाध्यक्ष संदीप नागेश, सचिव चरण सिंह जगत, युवा संगठन अध्यक्ष रोहित जगत, सलाहकार कन्हैया नागेश, मुकेश नागेश समाज के समस्त युवा संगठन समस्त महिला संगठन समस्त गाड़ा समाज उपस्थित थे।

संसदीय सचिव ने किया पीजी...

अथिति सहायक प्राध्यापक गायत्री चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, विजय मिर्चे, अंजन भोई, शिवानी तावेरकर, गौरव सोनी, रंजीत पटेल, नम्रता तंबोली, परवीन करीम, रुक्मणी साहू, रेशमा वर्मा, मनोज शर्मा कार्यालय प्रमुख व छात्र प्रतिनिधि आर्शिन सालोमन, वर्षा गजेंद्र, नरेश नायक ,प्रतीक चंद्राकर व कला विज्ञान व वाणिज्य के स्नातक के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय राजा नोडल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय महासमुंद ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ रीता पांडेय कला संकाय अध्यक्ष ने किया।

परिवर्तन यात्रा से कसडोल...

लिए प्रधानमंत्री को मैं भाजपा परिवार के तरफसे बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। 25 सितंबर को कसडोल परिवर्तन यात्रा आगमन होने पर होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाईक उपस्थित रहेंगे। जिसमें कसडोल क्षेत्र के सभी लोगों की उपस्थिति के लिए श्री अग्रवाल ने आवाहन किया है।

किसानों को भ्रमित करने प्रियंका ने ली झूठ का सहारा : प्रकाश

महासमुंद, 23 सितंबर (देशबंधु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश सहकोषाध्यक्ष व पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा भिलाई में दिए गए बयान को छत्तीसगढ़ के किसानों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि पूरा देश जानता है कि केंद्र सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य देश के सभी राज्यों के लिए एक होता है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 2023.24 फसल वर्ष के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,183 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की गई है। श्री चंद्राकर ने बताया कि 7 जून 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति सीसीईए की बैठक में 2023.24 के फसल वर्ष के लिए खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की गई थी। जिसमें सामान्य ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2040 रुपये से 2183 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं ए ग्रेड के धान का एमएसपी 163 रुपये बढ़ाकर 2203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। श्री चंद्राकर ने कहा केंद्र सरकार द्वारा धान के लिए तय किए गए समर्थन मूल्य दर देश के समस्त राज्यों के लिए है। केंद्र द्वारा मोटा धान का 2183 रू व पतला धान का 2203 रूपए प्रति क्विंटल देश भर के किसानों को प्रदान किया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तय की गई धान का समर्थन मूल्य देश के समस्त राज्यों के किसानों को मिलता आया है और आगे भी मिलेगा। लेकिन, प्रियंका गांधी द्वारा 21 सितंबर को भिलाई में आयोजित एक सभा में किसानों को भ्रमित करने यह कहा गया कि यूपी के किसान 1200 से 1400 में धान बेचने मजबूर है। जबकि, यह सरासर झूठ का पुलिंदा है। यूपी में केंद्र द्वारा तय की गई समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की जाती है। वहीं, छत्तीसगढ़ के किसानों को भी पिछले वर्ष 2040 व 2183 रूपए केंद्र द्वारा प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार केवल अपने द्वारा घोषित न्याय योजना के नाम पर 2500 रू में से केवल 400 रूपए को 4 किस्तों में किसानों को मुश्किल से दे पा रही है। प्रकाश ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को समर्थन मूल्य का 90 फीसदी भुगतान केंद्र सरकार कर रही है। लेकिन, धान खरीदी का पूरा श्रेय लेने व किसानों को दिग्भ्रमित करने भूपेश बघेल द्वारा सभा स्थलों में कभी स्वयं तो कभी प्रियंका वाड्रा के मुंह से झूठ बोलवाया जा रहा है।

खैरटखुर्द में हुआ कबाड़ से जुगाड़ मॉडल का प्रदर्शनी

बागबाहरा, 23 सितम्बर (देशबंधु)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बागबाहरा ब्लॉक के संकुल केंद्र खैरटखुर्द में कबाड़ से जुगाड़ मॉडल का प्रदर्शन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खैरटखुर्द के प्राचार्य पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर एवं वरिष्ठ व्याख्याता जागेश्वरी देवांगन ने विद्यादायिनी माँ सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं विद्यालय के बालिकाओं ने माँ शारदे की वंदना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया ।

संकुल समन्वयक मोहिंदर पाड़े ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता , निर्णायक समिति व्याख्याता ईश्वर पांडे, व्याख्याता तनुजा चंद्राकर, ललिता कमार, यमुना ध्रुव के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें उच्च प्राथमिक स्तर के क्विज प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरटखुर्द के छात्र देबोजीत सेन गणित के क्विज में प्रथम स्थान पर रहे। विज्ञान के क्विज में जागृति मंडल प्रथम स्थान पर रही। कबाड़ से जुगाड़ मॉडल प्रतियोगिता में मिडिल स्तर पर नील कुमार ध्रुव शिक्षक मिडिल स्कूल मोखा प्रथम स्थान पर रहे। एवंप्राथमिक स्तर पर तोमन साहू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला भिलाई दादर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर गणित विषय मे करीना यादव प्राथमिक शाला भटगांव प्रथम एवं विज्ञान विषय में लीलेश ठाकुर प्राथमिक शाला नवाडीह प्रथम स्थान पर रहे।सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सरस्वती कोसरिया, परस राम ठाकुर,रहमान भाई, संजय चन्द्राकर, भुखन तांडी,डीनेश्वरी ठाकुर,पुष्पेंद्र ध्रुव, आत्माराम दीवान,डीलेश्वर राव सिंधिया सहित संकुल केंद्र खैरटखुर्द के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में मितानीने निभाती है बड़ी भूमिका, कार्यों की प्रशंसा केबिनेट की बैठकों में भी होती है: मंत्री डहरिया

तीजा तिहार के उपलक्ष्य में मितानीन बहनों को मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने किया सम्मानित

आरंग, 23 सितंबर (देशबन्धु)। राजश्री सद्भावना समिति तथा ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी आरंग एवं युवा कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय कृषि उपज मंडी आरंग स्वास्थ्य पंचायत (मितानीन) सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया था। जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने मितानीन बहनों को तिजा तिहार के उपलक्ष्य में सम्मानित कर उनका मान बढ़ाया। इस असवर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने मितानीन बहनों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य के क्षेत्र में मितानीनों का विशेष योगदान रहा है। खासकर कोरोना काल में इनके द्वारा किये गये कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मितानीन बहनों ने अपने घर परिवार, बाल बच्चों की तथा स्वयं के जान की परवाह न करते हुए लाखों ग्रामीणों कोरोना की दवाई पहचाकर उनकी जान बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। यें ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीसों घंटे सेवा के लिये तत्पर रहती हैं। गर्भवती महिलाओं को, कुपोषित बच्चों को तथा अन्य बिमारियों से ग्रसीत मरिजों को स्वास्थ्य केन्द्रों में तक पहुचाकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का काम भी मितानीन बहनें ही करती है। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार आया है जिसका श्रेय मितानीनों भी जाता है। आगे मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि मितानीन बहनों के कार्यों की प्रशंसा तो हमारे कांग्रेस सरकार की केबिनेट की बैठकों में भी होती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी मिनानीन बहनों के कार्यों से खासे प्रभावित हैं तथा उन्होनें भी कई अवसर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में इनकी कार्यों की प्रशंसा की है। मितानीनों के कार्यो को देखते हुवे कांग्रेस की भूपेश सरकार ने मितानीन दीदीयों के मानदेय में प्रतिमाह 2200/- रूपये की बढ़ोत्तरी किया है। उसी प्रकार मास्टर ट्रेनरों के मानदेय में प्रतिदिन 100/- के हिसाब से महिने में 2500 रूपये की बढ़ोत्तरी करके मितानीनों को सम्मानित करने का काम छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने किया है। आगे इस अवसर पर मंत्री डॉ. डहरिया ने मितानीन दीदीयों को उनके कार्यों के लिये बधाई एवं शुभकानाएं भी दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजश्री सद्भावना समिति के अध्यक्ष व सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति, प्रभारी अ.जा.विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस श्रीमती शकुन डहरिया ने किया। उन्होंने मितनीन दीदीयों को उनके स्वास्थ्य सेवा में विशेष योगदान के लिये बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उन्हें सम्मानित कर सम-?बोधित भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष ज.पं. आरंग, चन्द्रशेखर चन्द्राकर अध्यक्ष नपा. आरंग, हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष ज.पं. आरंग, जिला पंचायत सदस्यगण दुर्गा राय, अनिता थानसिंग साहू, केशरी मोहन साहू, माखन कुर्रे, द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक, देवनाथ साहू अध्यक्ष कृषि उपज मंडी आरंग, ओमप्रकाश साहू पूर्व अध्यक्ष नपा. मंदिरहसौद, आजूराम वंशे पूर्व अध्यक्ष नपा. समोदा, रविशंकर धीवर पूर्व नपा. अध्यक्ष चंदखुरी, के.के. चन्द्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति आरंग, भूषण साहू अध्यक्ष अपिव. जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, दिनेश सिंह ठाकुर महामंत्री जिला कांग्रेस मंच पर उपस्थित थे। इन्होंने ने भी मितनीनों को सम्बोधित कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस आरंग, भारती देवांगन अध्यक्ष शहर कांग्रेस आरंग, नरसिंग साहू उपाध्यक्ष नपा.आरंग, शरद गुप्ता, दीपक चन्द्राकर, राममोहन लोधी, मंगलमूर्ति अग्रवाल, उपेन्द्र साहू, भरत लोधी, राजेश्वरी साहू, नेहरू डांडे सरपंच, लक्ष्मीनारायण लोधी, भीम जलक्षत्री, मोहेन्द्र साहू, प्रीति मिश्रा, बसंती साहू, हेमबाई कुर्रे, योगेन्द्र बबलू चन्द्राकर, पोषण साहू, जितेन्द्र शर्मा, छन्नू यादव, शुभांशू साहू, अजीत कोशले, मनीष चन्द्राकर, खेमेश्वरी साहू, निर्मला डहर्जी, गीता निषाद, नवीना साहू, पुष्पा साहू, रूखमणी चन्द्राकर, अन्नपूर्णा चन्द्राकर, भूनेश्वरी गायकवाड़, चमेली विश्वकर्मा, दीप्ती कन्नौजे, दुर्गा सोनवानी, किरण घृतलहरे, कुसुम कोसरिया, माधुरी साहू, प्रमीला माण्डले, भुनेश्वरी साहू, संतोषी बघेल, सरोज चन्द्राकर, सरोजनी साहू, तरूणलता साहू, तेजबाई गेण्डरे, उर्मीला चन्द्राकर, बिमला पटेल, चन्द्रवती मानिकपुरी, दुलौरिन नवरंगे, द्रौपती साहू, वन्दनी कन्नौजे, भोगेश्वरी मानिकपुरी, सावित्री मारकण्डे सहित लगभग 600 मितानीन बहनें उपस्थित थीं।

हां, मैं जनसेवा के लिए चुनाव लड़ना चाहता हूं : रघुनंदन साहू

कुरूद, 23 सितंबर (देशबन्धु)। जन सेवा के लिए जनप्रतिनिधि बनना जरूरी है. इसलिए मैं चुनाव लड़ना चाहता हूं जहां तक तैयारी की बात है, तो पार्टी स्तर पर चल ही रही है.मैं भी सबके दुख सुख में सहयोगी हूं. और जब से राजनीति में आया हूं तब से जन समस्याओं को लेकर मैंने आवाज उठाई है. इसलिए मैं जन सेवा के लिए चुनाव लड़ना चाहता हूं।

प्रेस क्लब कुरुद द्वारा आयोजित च्क्षेत्र की बात जनसेवक के साथज्ज कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेता रघुनंदन साहू ने अपने निवास स्थान ग्राम चारभाठा में उपरोक्त बातें पत्रकारों से कहीं. उन्होंने कहा कि बेरोजगारी,महंगाई, अवैध कारोबार बड़ी समस्या है.इसे शासन के पद पर रहकर ही रोका जा सकता है.उन्होंने कहा कि शासकीय नौकरी पर नियुक्ति का अधिकार पंचायत को नहीं है.यह राज्य सरकार के अधीन है. रघुनंदन साहू ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि ग्राम मोरी खुर्द से सिरसीदा रोड लगभग 1 किलोमीटर तक जो डामरीकरण नहीं हो पाया है वह तो विभागीय लापरवाही है.इसके नया सैंक्शन के लिए भेजा गया है.और दूसरी बात चारभाठा से ग्राम नारी तक सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है. इसके लिए हम सब क्षेत्र के लोग जिम्मेदार हैं, क्योंकि ओवरलोड हाईवा को रात दिन गांव से गुजरने की छूट दे रखी है. तो आखिर जन आंदोलन कौन करेगा ?एक बार आंदोलन हुआ भी है,फिर भी गांव से रेत निकल रही है.पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू ने पत्रकारों से अपने जवाब में कहा कि भाजपा ने चलबो गौठान खोलबो पोल अभियान चलाया था. गोठानों में खामियां है. इसका उद्देश्य है कि जो घुमंतू मवेशी है उसे बारहो महीना चारा पानी उपलब्ध कराना. लेकिन किसी जगह ऐसा नहीं देखा गया है. यदि सरकार गौठानों को पैसा देती है तो ग्राम पंचायत इसके जिम्मेदार है. श्री साहू ने पत्रकारों से कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल को जनप्रतिनिधियों ने कमाई का जरिया बना लिया है. कक्षाओं में निर्धारित संख्या में भर्ती लेना भी तो एक षड्यंत्र है. उन्होंने कहा कि कोई भी पार्टी हो जो जनता से वादा करके घोषणा करके अमल नहीं करेगी, उसको तो बाहर का रास्ता दिखा ही देगी.उन्होंने पत्रकारों से कहा कि सभी पार्टी में ऐसा होता है कि कार्यकर्ता पार्टी से नहीं,पार्टी के जिम्मेदार लोगों से कुछ न कुछ नाराज तो रहते हैं. लेकिन पार्टी हित में मिलकर काम करते हैं.उन्होंने कहा कि आज भी सामने आकर पार्टी की मजबूती के लिए कम कर रहे हैं.कुरुद क्षेत्र में भाजपा की स्थिति अच्छी है. वे इस बार चुनाव लड़ना चाहते हैं.

चिंतन शिविर आयोजित

पिथौरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। आकांक्षी विकासखंड पिथौरा के अंतर्गत भुरकोनी में चिंतन शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर कार्यक्रम का प्रारम्भ माननीय एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद की अध्यक्षता में की गई। चिंतन शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद के द्वारा उपस्थित विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, दिनेश अग्रवाल सरपंच ग्राम पंचायत भुरकोनी एवं अन्य ग्रामीणों को गांव के सर्वांगीण विकास के संबंध में चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए।

स्वरोजगार एवं करियर संबंधी जानकारी देने बालिकाओं का शैक्षणिक भ्रमण

खरोरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। रूम टू रीड बालिका शिक्षा कार्यक्रम के बालिका शिक्षा संचालित स्कूलों की बालिकाओं को उनके मार्गदर्शन सत्र के अंतर्गत होने वाले च्महिलाओं के स्वामित्व वाला व्यवसायज्ज सत्र को समझने व वास्तविक रूप से देखने के लिये तिल्दा ब्लॉक के बालिका शिक्षा संचालित 5 शालाओं (रायखेड़ा, खौना, सरोरा, टंडवा एवं नेवरा) की कक्षा 11वीं की 228 बालिकाओं व कक्षा 12वीं की 221 बालिकाओं को रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित मल्टी यूटिलिटी सेंटर च्कल्पतरूज्ज व सांकरा (अम्लेश्वर) स्थित ऋद्धि का 15 एवं 16 सितंबर को एक- एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को करियर से संबंधित जानकारी देना एवं उन्हें नौकरी व व्यवसाय के अलग ङ्क अलग क्षेत्रों का भी मार्गदर्शन करवाना जिससे बालिकाएं विभिन्न तरह के व्यवसाय व नौकरियों से अवगत हो और अपने भविष्य की योजनायें तैयार कर सकें। बालिकाओं को केंद्र की महिलाओं द्वारा वहां होने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इन केंद्रों में महिलाओं द्वारा बहुत से कार्य किये जाते है जैसे= सिलाई-बुनाई, रंगोली साबुन,मोमबत्ती, बेकरी खाद्य पदार्थ बनाना, मछली पालन, अष्टगंध,हस्त शिल्प, कारीगरी, पैकिंग, मशरूम की खेती, हर्बल गुलाल एवं पूजन सामग्री पैक इत्यादि कर रहे है दोनों केंद्र में महिलाएं स्वयं व्यवसाय कर अपने परिवार को आर्थिक मदद कर रही हैं जो बालिकाओं के लिए एक आदर्श व मार्गदर्शन का कार्य करेंगी। इससे बालिकाओं को ज्ञात होगा कि किस तरह महिलाएं हर क्षेत्र में अपने हुनर को निखार रही हैं व स्वावलंबी बनी हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा को पहचान कर निखर कर अपने करियर लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

युवक को सांप ने काटा, देसी इलाज करते रहे परिजन, मौत

खरोरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। समीप गांव बंगोली में एक घर में सांप घुस गया, जिसे बहार निकालते वक्त उसने एक युवक को डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देर शाम सांप घुसा था, जिसे घर वाले निकालने में जुटे रहे। इस दौरान युक्क को सांप ने काट लिया, लेकिन उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया।

परिजन देशी इलाज करते रहे। थोड़ी देर में राम साहू नामक व्यक्ति की मौत हो गई। जिला चिकित्सा अधिकारी मिथलेश चौधरी ने बताया कि सर्पदंश से मौत के मामले बहुत कम होते हैं। सर्पदेश से ज्यादा लोग घबराहट और बेचैनी से जान गंवाते हैं।

माधोपाली में सीसी रोड व सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

सरायपाली, 23 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मांधोपाली में सीसी रोड व आश्रित ग्राम डोंगरिपाली में सामुदायिक भवन का जो वादा किया था उसे स्वीकृति प्रदान करते हुए भूमि पूजन कर बखूबी निभाया

किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा ग्रामवासियों की मांग पर ग्राम पंचायत माधोपाली में सी सी रोड व आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर लोगो की लंबित मांग को पूरा किया इस अवसर पर श्रीमती महेश्वरी रूपेंद्र साहू सरपंच माधोपाली विवेक अग्रवाल मंडी उपाध्यक्ष सरायपाली, चंदू चौरसिया संतलाल पटेल पुरुषोत्तम साहू सोसायटी अध्यक्ष बड़ साजापाली, सोनसाय बरिहा जनपद सदस्य व सोसायटी अध्यक्ष सलखण्ड, घासिया सिदार सरपंच लोहरीनडीपा, नरेश पटेल सुनील पटेल तिजराम साहू नवल साहू, समस्त पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे

भरोसा का यात्रा निकालने का अपील किया प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने

सरायपाली, 23 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश समन्वयक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजा विभाग व जिला खनिज न्यास सदस्य, सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 के दावेदार अजय नन्द ने प्रेस में जानकारी देते हुए कहा कि राजीव भवन रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेष बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव,पी सी सी अध्यक्ष बस्तर सांसद दीपक बैज की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें भरोसा का सम्मेलन को आगे बढ़ाते हुए दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन प्रदेश के सभी विधानसभाओं में भरोसा सम्मेलन निकालने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने भरोसा सम्मेलन निकालने के लिए अजा विभाग के सभी शहर, ब्लाक, जिला पदाधिकारियों को एवं सभी युवाओं, राजीव युवा मितान क्लब से भी अपील कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल द्वारा पौनें पांच साल में हुए उपलब्धियों को भरोसा यात्रा के माध्यम से बढ़ाया जाएगा और भरोसा यात्रा बाइक पर निकालने को कहा है। प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने कहा कि शीघ्र सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव जाकर सभी से संपर्क कर यात्रा को सफल बनाने की बात कही है।

डाक वस्तु भंडार में वृक्षारोपण

पिथौरा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता मिशन 3.0 के तहत आरएमएस एवं डाक वस्तु भंडार, के संयुक्त तत्वाधान में डाक वस्तु भंडार परिसर में दिनेश मिस्त्री निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर श्री सरजीत सरकार अधीक्षक आरएमएस एवं इंचार्ज डाक वस्तु भंडार द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आज किया गया उक्त दोनों अधिकारियों की उपस्थिति में आर, पी मंडल रायपुर एवं डाक वस्तु भंडार के अधिक संख्या में कर्मचारियों अधिकारियों ने कर्मचारियों अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया अपने उद्बोधन में निदेशक डाक सेवाएं श्री मिस्त्री ने वृक्षारोपण की उपयोगिता और आवश्यकता के बारे में जानकारी दी एवं स्वच्छता मिशन 3.0 के उद्देश्यों को बताया अधीक्षक आर,एम,अस को इस कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए प्रतिवर्ष ऐसे आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से भोजराम पटेल, आरएमएस दुर्ग, आनंद कुमार, पूजा शर्मा, बृजकिशोर तिवारी, नीरज कुमार, बृजेश पटेल सहित आरएमएस डाक वस्तु भंडार एनएस एच पार्सल हब के सभी अधिकारी कर्मचारी इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधारोपण किया एवं स्वच्छता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

श्री गणेश जी से संबंधित प्रश्नोत्तर का आयोजन

नवापारा-राजिम, 23 सितंबर (देशबन्धु)। गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओ ने बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की। स्थापना के पांचवें दिन प्राचार्य लालजीत यादव के नेतृत्व में भारतीय परंपराओं को बच्चों में विकसित करने के उद्देश्य से भगवान श्री गणेश जी से संबंधित प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओ से पूछा गया कि गणेश जी की सवारी किसे कहते हैं तो नर्सरी के छात्र शिवांश राजपूत ने बताया कि मुसवा तो उत्तर सुनते ही सभी बच्चे खिलखिला कर हंस पड़े। इसी प्रकार गणेश जी के माता-पिता कौन हैं। गणेश जी को और कितने नाम से जाना जाता है। गणेश जी को खाने में क्या पसंद है। मुंबई में स्थित लालबाग का बादशाह किस भगवान को कहते हैं। गणेश जी का जन्म किस तिथि को हुआ था। इसी प्रकार अनेक प्रश्न पूछे गए और छात्रों ने जिन में चिराग सोनी, विनय यादव, दिशा कंसारी, पूरब नगारची, भावेश सचदेव, हिमांशु राजपूत, नेहा कोसरे, हरगुन साहू आदि ने सही उत्तर दिए। उन्हें विद्यालय के शिक्षिका मिथिलेश राजपूत, पिंकी कहार, मोनिका कंसारी, मानसी सोनी, समीक्षा साहू, जिज्ञासा देवांगन, सुमन सोनकर, प्रतिभा भट, सरस्वती साहू द्वारा उत्तर दिए गए छात्र छात्राओं को तत्काल बूंदी के लड्डू दिए गए। विद्यालय के संरक्षक राजीव पुराणिक ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन करने का एकमात्र उद्देश्य यही है कि बच्चों में नैतिक गुण के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक गुणो का भी विकास हो।

राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने कर रही है काम : मंत्री डहरिया

नगरीय प्रशासन मंत्री छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सातवें प्रातीय सम्मेलन में हुए शामिल

रायपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ज्यादातर क्षेत्रों में हम सबका प्रारंभिक परिचय अपने माता की बोली भाखा छत्तीसगढी व अन्य स्थानीय बोली-भाषा से शुरू हुई, उसके बाद दूसरी भाषा से परिचय हुआ। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए राजभाषा आयोग की स्थापना की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के खान-पान, रहन-सहन, पहनावा व तीज त्यौहारों के संरक्षण एवं सवंर्धन के बेहतर काम कर रही है। राज्य सरकार ने विलुप्त हो रही संस्कृति एवं परंपरा को पुर्नस्थापित करने का काम किया। छत्तीसगढ़िया लोगों को सम्मान दिलाया है। आयोग का उद्देश्य सार्थक हो रहा है। मंत्री डॉ. डहरिया आज राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय सातवें प्रातीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. डहरिया ने कंहा कि हमारी सरकार ने छत्त्तीसगढ़ महतारी का छायाचित्र तैयार कर छत्तीसगढ़ को सम्मान दिलाने का काम किया है, वहीं छत्तीसगढ़ के राज्यगीत, राजकीय गमछा ने प्रदेश और देश में एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कमी नहीं है, ऐसे प्रतिभाओं को अवसर मिलने से राज्य एक अलग पहचान बनेगी।

संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि देश में लगभग 1652 प्रकार की मातृभाषा प्रकाश में है। अपने-अपने राज्य की अलग-अलग बोली-भाषा है। सभी को अपने मातृभाषा पर गर्व होता है। हमारी छत्तीसगढ़ी बोली-भाखा गुरतुर और मिठास है। हम सबको अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। श्री निषाद ने लोगों को अपने दैनिक जीवन में छत्तीसगढी भाषा के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी गीतों और हाना के जरिए पुरखों की समृद्ध मातृभाषा छत्तीसगढ़ी बोली का महत्व बताया।

प्रांतीय सम्मेलन को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के सचिव डॉ. अनिल भतपहरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में प्रयास जारी है। छत्तीसगढ़ी भाषा का मानकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर छत्तीसगढ़ी को राज्य के पहली से पांचवी तक स्कूलों में पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है। बस्तर और सरगुजा सभांग में भी स्थानीय बोलियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही जारी है। मंत्री डॉ. डहरिया ने इस दौरान साहित्यकार एवं भाषाविद् डॉ. सुरेश शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'बाबा गुरू घासीदास चरित्रम्', श्री बलदेव साहू द्वारा लिखित 'मेचका राजा-मछली रानी', श्रीमती उर्मिला शुक्ला द्वार लिखित पुस्तक 'देहरी', श्री भुवन दास कोसरिया द्वारा लिखित 'सतनाम वृतांत', श्री प्रेमदास टण्डन द्वारा लिखित पुस्तक 'सुन भैरा', डॉ. मणिमनेश्वर ध्येय द्वारा लिखित 'अछूत अभागन', श्री बोधन राम निषाद द्वारा लिखित पुस्तक 'आलहा छंद जीवनी', श्री कन्हैया लाल बारले द्वारा लिखित 'दू गज जमीन', डॉ. नीलकंठ देवांगन द्वारा लिखित 'सोनहा भुइंया', श्री बद्री पारकर द्वारा लिखित 'बिसरे दिन के सुरता', श्री चोवाराम द्वारा लिखित 'मैं गांव के गुढ़ी अव', तारिका वैष्णव द्वारा लिखित 'बनगे तोर बिगड़गे', श्री कृष्ण कुमार साहू द्वारा लिखित 'छत्तीसगढ़ दर्शन', रंजीता चक्रवती द्वारा लिखित 'लड़की के सपना', वंदना त्रिवेदी द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी में 'रामायण के सातों काण्ड', श्री बालकृष्ण गुप्ता एवं श्री पी.सी. लाल द्वारा लिखित 'गुरू ज्ञान' और डॉ. अनिल भतपहरी द्वारा लिखित 'सुकवा उगे न मदरश झरें' पुस्तक का विमोचन किया।

इस मौके पर छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय के कुलपति डॉ. केसरी लाल वर्मा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं भाषाविद् श्री परदेशीराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार और जिला समन्वयक उपस्थित थे।